सूर्योदय : 6:10
सूर्यास्त : 6:17
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-288 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 30 मार्च 2024
19 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

19 रमजान, 30.03.2024

सुन्नी हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04:36	06:24

शिया हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04:34	06:33

उमरा, ज़ियारत
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स
लखनऊ
मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी
मो. 9897328277
7905439594

मुख्तार अंसारी की मौत की होगी न्यायिक जांच

मांग

- एक महीने में देनी होगी रिपोर्ट
- गरिमा सिंह के नेतृत्व में होगी जांच

बांदा। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। एक माह के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी गई है।

मुख्तार के बेटे उमर अंसारी ने गुरुवार रात को मामले की जांच न्यायाधीश से कराने की मांग उठाई थी। बांदा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता की ओर से किए गए जांच आदेश में कहा गया है कि जिला कारागार बांदा के वरिष्ठ अधीक्षक ने जेल में निरुद्ध सिद्धदोष विचाराधीन बंदी मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को मृत्यु मामले में न्यायिक जांच के लिए जांच अधिकारी नामित करने की प्रार्थना की गई है। उसी आधार पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त कर एक माह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है। आदेश की प्रति जांच अधिकारी को भेजी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

> मुख्तार अंसारी के शव को शनिवार को दफनाया जाएगा। उक्त जानकारी जिले के एसपी ओमवीर ने दी। सुरक्षा को लेकर अभी तक जिला प्रशासन चौकसी बरते हुए है। वहीं मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने बांदा के डीएम को पत्र लिखकर मांग की है कि उनके पिता का पोस्टमॉर्टम दिल्ली एम्स के डॉक्टरों से कराया जाए। अपने पत्र में अंसारी ने लिखा है कि उनके परिवार को बांदा की चिकित्सा व्यवस्था पर भरोसा नहीं है।

बसपा एमएलए राजू पाल हत्याकांड में सभी छह आरोपियों को उम्रकैद

फैसला

- दिन दहाड़े बरसाई गई थीं गोलियां
- 2016 में सीबीआई को कोर्ट ने सौंपी थी जांच

लखनऊ। लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने बहुचर्चित राजू पाल हत्याकांड में सभी सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। मामले में विशेष न्यायाधीश ने आरोपी फरहान को अवैध हथियार रखने के आरोप में चार साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जबकि आरोपी इसरार अहमद, रणजीत पाल, जावेद, आबिद, गुलशन और अब्दुल कवि को हत्या करने का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा पचास पचास हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण में अतीक अहमद और अशरफ भी आरोपी थे। बीते दिनों अतीक व अशरफ की कुछ युवाओं ने हत्या कर दी थी। जीवित बचे आरोपियों को शुक्रवार को सीबीआई कोर्ट ने सजा सुना दी। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की दिनदहाड़े गोलीबारी में हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी। जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हुए थे। इस हत्याकांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी। पूजा पाल ने थाना धूमनगंज में इस हत्या की एफआईआर दर्ज कराते हुए अतीक व उसके भाई अशरफ उर्फ खालिद आदिम को नामजद किया था।

तमिलनाडु भाजपा कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी ने की बात

मेरा बूथ सबसे मजबूत: मोदी

लोकसभा चुनाव के लिए दिया जीत का मंत्र

- नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता की
- आज का वणक्कम मेरे लिए बहुत खास

चैन्नई। पीएम मोदी नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता की है। उन्होंने इस दौरान कहा कि भाजपा तमिलनाडु के सभी कार्यकर्ता बहुत लंबे समय से वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने एनाथु बूथ, वलिमैयाना बूथ अभियान का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि इसका मतलब है कि मेरा बूथ सबसे मजबूत है। यह कार्यक्रम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ेगा और हमें एक-दूसरे से सीखने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो मैं जब भी तमिलनाडु आता हूं तो अपनी बात वणक्कम से शुरू करता हूं, लेकिन आज का वणक्कम मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि जब एक कार्यकर्ता दूसरे कार्यकर्ता का स्वागत वणक्कम से करता है तो कार्यकर्ताओं में अपनेपन का एहसास होता है। कोई भी व्यक्ति हो जब भी वह अपने स्कूल के दोस्तों से मिलता है, तो 25 या 30 साल बाद भी कोई छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी एक-दूसरे से खुशी-खुशी मिलते हैं। इसी तरह जब कार्यकर्ताओं से जुड़ा कोई कार्यक्रम होता है तो मैं भी खुशी से भर जाता हूं। मैंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा आप सभी की तरह एक कार्यकर्ता के रूप में काम किया है और यही कारण है कि आज मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा के लिए जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, उम्मीदवार तय हो गए हैं और मुद्दे स्पष्ट हैं। जब मैं पिछली बार सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए तमिलनाडु गया था, तो मुझे लोगों का आशीर्वाद मिला और इससे मुझे बहुत खुशी हुई।

कांग्रेस पांच को जारी कर सकती है घोषणापत्र

संभावना

- तीन अप्रैल को शुरू करेगी 'घर-घर गारंटी' अभियान
- देश के आठ करोड़ परिवारों तक घोषणापत्र को पहुंचने का है लक्ष्य

नयी दिल्ली। कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव के लिए आगामी पांच अप्रैल को घोषणापत्र जारी कर सकती है और इसके बाद वह देश के विभिन्न हिस्सों में चुनावी सभाओं का आगाज करेगी। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने यह भी बताया कि कांग्रेस आगामी तीन अप्रैल से 'घर-घर गारंटी' अभियान भी शुरू करेगी जिसके तहत पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' के बारे में लोगों को बताएंगे। पार्टी ने 'घर-घर गारंटी' अभियान के तहत देश के आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, ''पांच अप्रैल को दिल्ली में कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किए जाने की संभावना है। इसके बाद देश भर में जनसभाएं शुरू होंगी। छह अप्रैल को जयपुर में जनसभा होगी जिसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हो सकते हैं।'' पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली घोषणापत्र समिति ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय'- पर आधारित होगा। पार्टी ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है।

पैनाल्टी पर आयकर विभाग मौन क्यों

लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को मिले चंदे को लेकर भाजपा व कांग्रेस में घमासान मचा है। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस ने डोनेशन लेने के नियमों का उल्लंघन किया है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि चुनाव के मौके पर उसके बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं। सरकार का यह कदम देश की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास है। हमने जो हिसाब लगाया है, उसमें करीब 4,600 करोड़ रुपये की भाजपा पर पैनल्टी बनती है। आयकर विभाग, भाजपा को कोई नोटिस नहीं दे रहा। इतनी भारी पैनल्टी एकत्रित होने पर भी उसके बैंक खाते फ्रीज नहीं किए जा रहे। यह मामला अब केवल भारत तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र संघ यूएनओ तक इसकी गूंज पहुंच रही है। अमेरिका और यूएन में उठे इस मामले के बाद शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ा खुलासा कर दिया है।

न्यूज डायरी

चंद्रशेखर की सुरक्षा बढ़ी

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को वाई प्लस श्रेणी की केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) सुरक्षा प्रदान की है। सुरक्षा कवर केवल उत्तर प्रदेश में प्रदान किया जाएगा। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है। पार्टी द्वारा उन्हें सुरक्षा खतरा बताए जाने के बाद सुरक्षा कवर प्रदान किया गया था। आज़ाद नगीना निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के अंतर्गत आता है। भीम आर्मी की लंबे समय से मांग रही है कि चंद्रशेखर आजाद को सुरक्षा दी जाए, लेकिन पिछले साल जून में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के देवबंद के पास कुछ सशस्त्र हमलावरों द्वारा नेता पर हमला किए जाने के बाद इसमें बढ़ोतरी की गई।

शाह से मिले राणा

अमरावती। अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने अपने पति रवि राणा के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। गृह मंत्री से मुलाकात के बाद अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि मैं आज उनका (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) आर्शीवाद लेने आई थी। उनको मैं विश्वास दिलाने आई थी कि आपकी बार 400 पार का जो पीएम मोदी, देश और देश के लोगों का सपना है उस सपने को आगे लेकर बढ़ना है और इस 400 पार में एक अमरावती जरूर रहेगा। बता दें कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए लिस्ट की घोषणा कर दी।

अमरोहा में सीएम योगी ने किया विरोधियों पर जमकर प्रहार

आपका एक वोट बदल सकता है देश की तकदीर

कसा तंज

- पूरे देश में गूंज रही पीएम मोदी के कार्यों की गारंटी : मुख्यमंत्री
- एक वोट से कर्फ्यू तो एक से निकलती है कांवड़ यात्रा
- सपा-बसपा और कांग्रेस परिवारवाद तक ही सीमित
- किसान, महिला, मजदूर सबका सम्मान बढ़ा है

अमरोहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट की बड़ी अहमियत है। एक वोट जहां कर्फ्यू लगा देता है, वहीं एक वोट ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा भी निकलवाता है। 2014 से पहले देश के अलग हालात थे, अब देश की तस्वीर बदल रही है।

भारत एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। कहा कि विकास के साथ आस्था का संगम और भी दृढ़ हो रहा है। अयोध्या का मंदिर इसकी मिसाल है। मुख्यमंत्री ने यह बातें वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन के दौरान कहीं। शुक्रवार को हाईवे स्थित यूनिवर्सिटी के परिसर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में अमरोहा के वासुदेव तीर्थ स्थल को नमन करते हुए उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत की। साथ ही अमरोहा के ढोलक का नाम लेते हुए कहा कि जिस तरह से कोई भी मांगलिक कार्यक्रम अमरोहा की ढोलक के बिना अधूरा है, उसी तरह लोकतंत्र का यह पर्व भी अमरोहावासियों के मतदान के बिना अधूरा ही है। कहा कि 2014 से पहले सपा, बसपा और कांग्रेस परिवार और अपना विकास करते थे। उसके बाद से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। वह पूरे देश को अपना परिवार मान कर कार्य कर रहें है। किसान, महिला, मजदूर सबका सम्मान बढ़ा है। नक्सलवाद, आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो गया है।

> प्रधानमंत्री द्वारा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसान, प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा बताते हुए कहा कि भाजपा उनकी विचारधारा को लेकर काम कर रही है। वह कहते थे कि देश के विकास का रास्ता खेत खलिहान से होकर गुजरता है। सरकार ने किसानों के हितों को लेकर लगातार काम किया है। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सभी दल परिवारवाद तक सीमित होकर रह गए। लेकिन मोदी ने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम किया है। भाजपा सरकार बिना तुष्टिकरण कार्य कर रही है। पुरानी सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ कर कांवड़ यात्रा नहीं निकलने दी जाती थी।

सत्येंद्र जैन पर कसेगा सीबीआई का शिकंजा

मुसीबत

- महाठग सुकेश से उगाही केस में गृह मंत्रालय ने दिए जांच के आदेश

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर ठग सुकेश चन्द्रशेखर से प्रोटेक्शन मनी के रूप में 10 करोड़ की उगाही करने के आरोप में जेल में बंद आप नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है।

जैन और तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल पर तिहाड़ से जबरन वसूली रैकेट चलाने और हाई-प्रोफाइल कैदियों से सुरक्षा राशि की मांग करने का आरोप लगाया गया था। यह घटनाक्रम तब हुआ जब दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल कथित शराब नीति घोटाले के सिलसिले में ईडी की हिरासत में हैं। इस साल की शुरुआत में दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सत्येन्द्र जैन के खिलाफ जबरन वसूली के आरोपों की सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी थी। जबरन वसूली के आरोपों की जांच के लिए एलजी की मंजूरी मांगने वाले एक पत्र में सीबीआई ने पिछले साल नवंबर में लिखा था कि जैन पर तिहाड़ जेल से एक हाई-प्रोफाइल जबरन वसूली रैकेट चलाने का आरोप लगाया गया था।

कानून | **आप की होने वाली रैली पर धनखड़ का निशाना**

न्यायपालिका पर हमें दुनिया लेक्चर न दे

संबोधन

- धनखड़ का भारतीय न्यायिक तंत्र पर सवाल उठाने वालों को जवाब
- दोषी को बचाने का कोई मौसम कैसे हो सकता है

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग सोचते थे कि वे सिस्टम से परे हैं, उन्हें अब जवाबदेह ठहराया जा रहा है। जब कानून लागू होता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं। उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि कानून का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति कैसे विक्टिम कार्ड खेलता है। वह भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उनकी टिप्पणी केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को होने वाली आप की रैली की पृष्ठभूमि में आई है। रैली में आईएनडीआईए से संबंधित कई नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने केंद्र पर आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। धनखड़ ने किसी व्यक्ति या मामले का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोगों ने सोचा कि वे कानून से ऊपर हैं, कानून से मुक्त हैं। जो सोचते थे कि वे कानून से परे हैं, कानून उनके पीछे है। कानून उन्हें जवाबदेह बना रहा है। उन्होंने कहा, सीएए पर एक नरैटिव बनाया जा रहा है। जमीनी हकीकतों से अनभिज्ञ एक संप्रभु मंच से कोई हमें यह पाठ सिखाने की कोशिश कर रहा है कि यह भेदभावपूर्ण है।

कानून लागू हो गया तो सड़कों पर उतरने का क्या औचित्य

उन्होंने पूछा कि जब कानून लागू हो गया है तो व्यक्तियों या संस्थानों और संगठनों के सड़कों पर उतरने का क्या औचित्य है। क्या आप कह सकते हैं कि भ्रष्टाचारियों से इसलिए नहीं निपटा जाना चाहिए, क्योंकि यह त्योहारों का मौसम है, यह खेती का मौसम है। जो दोषी हैं, उन्हें बचाने का कोई मौसम कैसे हो सकता है।

विदेशी राजदूत के आदेश पर काम करते थे इब्राहिम

मालदीव। मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अपने ही देश में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सैन्य ड्रोन की खरीद मामले में मुइज्जू को विपक्षी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति सोलिह ने उन्हें सलाह दी थी कि उन्हें अपनी जिद छोड़कर भारत जैसे पड़ोसियों से संबंधों को बेहतर बनाना चाहिए। ताजा घटनाक्रम में मुइज्जू ने कहा है कि उनके पूर्ववर्ती राष्ट्राध्यक्ष एक विदेशी राजदूत के आदेश पर काम करते थे। मुइज्जू ने इब्राहिम सोलिह पर आरोप लगाने के बाद किसी देश का नाम नहीं लिया। बता दें कि मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति को चीन हितैषी माना जा रहा है। उन्होंने अपने चुनावी अभियान के दौरान भारतीय सैनिकों को देश से वापस लौटाने की मुहिम भी छेड़ी थी। खास बात ये कि मुइज्जू ने अपने बयान के साथ किसी देश या राजनयिक का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह टिप्पणी पब्लिक सर्विस मीडिया के साथ इंटरव्यू के दौरान की।

रामलीला मैदान में 31 मार्च को दिखेगी विपक्षी एकजुटता

गठबंधन

- रैली की मिली इजाजत राहुल गांधी भी होंगे शामिल

नई दिल्ली। गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए विपक्षी इंडिया गुट के शीर्ष नेता रविवार को दिल्ली में एक रैली आयोजित करने के लिए तैयार हैं। रविवार, 31 मार्च को रामलीला मैदान में होने वाली रैली में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे विपक्षी नेता शामिल होंगे। भारत के चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में इंडी गठबंधन के नेताओं को रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में यह रैली आयोजित करने की अनुमति दे दी। यह अरविंद केजरीवाल की ईडी रिमांड को दिल्ली में राऊज एवेन्यू कोर्ट द्वारा बढ़ाए जाने के एक दिन बाद आया जब केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि वह केजरीवाल से आगे पूछताछ करेगी और उपकरणों से डेटा निकालेगी। इस बीच, आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी केंद्र द्वारा एक राजनीतिक साजिश थी। शुक्रवार को, दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने उनके और पार्टी के लिए समर्थन जुटाने के लिए केजरीवाल को आशीर्वाद नामक एक व्हाट्सएप अभियान शुरू किया, जिसमें लोगों से मैसेजिंग ऐप के माध्यम से अपनी प्रार्थनाएं, समर्थन के संदेश और किसी भी अन्य संचार को भेजने का आग्रह किया गया।

डीएम ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम (निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल) का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और संबंधित कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। डीएम ने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिकायत व उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए उन्होंने विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जिन अधिकारियों व कार्मिकों की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाई गई है, वे सभी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एडीईओ तौसीफ अहमद, एसडीएम विनोद गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नगर पालिका की उदासीनता एवं दुकानदारो की मनमानी के चलते जाम के झाम में फसता जा रहा है पूरा नगर

मार्गो पर पैदल निकलना दूभर

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। नगर पालिका की उदासीनता एवं दुकानदारो की मनमानी के चलते पूरा नगर जाम के झाम में फसता जा रहा है। नगर के मुख्य मार्गो पर दुकानदारो द्वारा अतिक्रमण कर लिये जाने से उन दुकानो पर आये ग्राहक अपनी बाइक व अन्य वाहन को सड़क पर ही खड़ा कर देते है जिस कारण नगर यह मार्ग जो पहले से ही दुकानदारो द्वारा अतिक्रमण कर लिये जाने से पतले हो गये है और पतले हो जाते है जिससे आवागमन बाधित होता है बताते चले कि नगर के मुख्य मार्गो जैसे हनुमान मन्दिर से तालिब अली चौराहा, तालिब अली चौराहा से बाजारगंज मार्ग, बरबर चौराहे से नत्थू तिराहे तक दुकानदारो अपनी दुकानो के आगे नालियो सहित आधे मार्ग पर अपना सामान लगा लेने से इन मार्गो पर वाहन छोडो पैदल निकलना दूभर है। वही गुरूद्वारा के

निकट मौजूद इण्डियन बैंक द्वारा ग्राहको के लिये पार्किंग की व्यवस्था न किये जाने से बैंक में आने वाले ग्राम अपनी बाइक व साइकिले रोड पर ही खड़ी कर देते है जिस कारण नगर के इस मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है। वही बरबर रोड पर भी अतिक्रमण के चलते खासा जाम लगता है और बरबर चौराहे से बाजारगंज तक अतिक्रमण के चलते जाम लगा रहता है। बरबर चौराहे से बाजारगंज मार्ग पर ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है जिस पर मरीजो का आना-जाना लगा रहता है और एम्बुलेन्स भी घायल व अन्य मरीजो को लेकर बरबर चौराहे से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाती ले जाती है। कभी इस जाम के झाम के चलते एम्बुलेन्स भी काफी देर तक इस जाम में फसी रहती है। जिससे एम्बुलेन्स में मौजूद मरीजो को काफी दुश्वारियो का सामना करना पड़ता है।

यदा-कदा नगर पालिका एवं प्रशासन द्वारा इस अवैध अतिक्रमण को हटाने की रस्म अदायगी की जाती है। प्रशासन द्वारा जो अतिक्रमण हटवाया जाता है वह सिर्फ गरीब ठेलेवालो को ही रोड के किनारे से हटा दिया जाता है परन्तु बरबर चौराहे से अस्पताल तक किये गये पुख्ता अतिक्रमण को हटवाने की कभी प्रशासन हिम्मत नहीं जुटा सका।

सामान्य प्रेक्षक ने किया बूथों का निरीक्षण

सहारनपुर। सामान्य प्रेक्षक संकेत एस भोन्डवे, ने बेहट विधानसभा के उच्च प्राथमिक विद्यालय, गणेशपुर विकास खण्ड, मुजफ्फराबाद तथा प्राथमिक वन विद्यालय, सोढीनगर, मोहण्ड में स्थापित बूथों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक द्वारा उत्तर प्रदेश-उत्तराखण्ड सीमा क्षेत्र का सुरक्षा की दृष्टि से जायजा लिया गया एवं पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। संकेत एस भोन्डवे बूथों पर चुनाव की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे उपजिलाधिकारी, बेहट को बूथ पर दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को सुगमता से लाने व आवश्यक होने पर उनके घर तक जाकर मतदान कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये गये। आशा बहनों व वन विभाग में कार्यरत कार्मिकों को मतदान सहायक के रूप में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने प्राथमिक वन विद्यालय सोढीनगर में आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सहारनपुर। थाना फतेहपुर पुलिस ने 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलाह, 02 नाजायज छुरे व 03 मोबाईल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्रो के कारोबार की रोकथाम को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत फ्तेहपुर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 03 शातिर अभियुक्त अनुज पुत्र राम कुमान निवासी ट्रांसपोर्ट नगर थाना टीपी नगर जिला मेरठ, अमजद पुत्र जमील निवासी ग्राम नाला थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर व अनस पुत्र मेहरबान निवासी बचीटी थाना देवबन्द को कलसिया रोड ग्राम माण्डूवाला पुल के पास से गिरफ्तार किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ आशा मार्डन स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल घोषित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। आशा मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल घोषित कर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मनमोह लिया।

जनता रोड स्थित स्कूल में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीआईजी अजय साहनी, विद्यालय के प्रेसिडेंट डॉक्टर एके जैन, वाईस प्रेसिडेंट श्रीमती उमा जैन, ज्वाइंट डायरेक्टर्स श्रीमती रुपाली जैन, स्कूल ऑडिटर प्रत्यूष जैन, मुकेश जैन, स्कूल निदेशक इंजीनियर भव्य जैन, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा सिंह, उप प्रधानाचार्य मनु मल्होत्रा ने सामुहिक रूप से मंगल दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर संगीत गुरु सोनू भट्ट एवं पूनम त्यागी के नेतृत्व में छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97.5 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 तथा कक्षा 11 में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले प्रथम छह छात्रों को आकर्षक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ग्रुप टॉपर्स में कक्षा 2 के वैभव पुंडीर, कक्षा 5 के देवांश सैनी, कक्षा 8 की वंशिका सैनी तथा कक्षा 9 के माधव धीमान को तीन माह की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

पुलिस ने अवैध असलाह समेत एक अभियुक्त को दबोचा

सहारनपुर। थाना कोतवाली मण्डी पुलिस ने 01 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण, अवैध अस्लहों की तस्करी की रोकथाम को चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली मण्डी प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिहं के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने एक अभियुक्त जीशान पुत्र इनाम निवासी टोपिया सराय थाना मण्डी को कम्बोह के पुल के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 01 देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्त के विरूद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ करने पर अभियुक्त जिशान ने बताया कि कुछ महीनों पहले वह शामली गया था, वहां पर राह चलते एक व्यक्ति से यह तमंचा व कारतूस खरीदे थे। तमंचा दिखा कर वह लोगों पर अपना रोब जमाता है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ललित तोमर, कांस्टेबल विष्णु चौधरी, विपिन कुमार शामिल रहे।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 447/23 धारा 363/366/342 भादवि में वांछित अभियुक्त इसहाक अली पुत्र हसमत अली नि0 ग्राम बैरागर थाना व जनपद खीरी को ग्राम बैरागर से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

दो लाख आठ सौ रूपये नेपाली व 13 हजार भारतीय रूपये हुए बरामद

लखीमपुर खीरी। थाना चन्दन चौकी पुलिस व एफ0एस0टी0 टीम द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा के पास स्थित गौबरोला घाट बैरियर ग्राम बन्दरभरारी में चेकिंग के दौरान डियुटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा नेपाल की ओर जा रहे दो व्यक्तियों को चेक किया गया तो दोनो व्यक्तियों से कुल दो लाख आठ सौ रूपये नेपाली व 13 हजार भारतीय रूपये बरामद हुए। जिसके संदर्भ में मौके पर एफ0एस0टी0 टीम मजिस्ट्रेट देवेन्द्र कुमार ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पलिया के नेतृत्व में पहुंचकर बरामद रूपये के संदर्भ में दोनो व्यक्तियों से पूछताछ किया गया तो रूपयों के संदर्भ में कोई वैध प्रपत्र दोनो व्यक्तियों द्वारा नही दिखाया जा सका। बरामद रूपयों को मौके पर सीज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

चोरी की घटना का किया सफल अनावरण

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट डिजायर कार क्क2श्वष्ट0099 व चोरी किये गये बकरा के विक्रय से प्राप्त रुपये 5000 रु0/ व एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद कारतूस 12 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त सुफियान पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम सेमरा कलां थाना रेउसा जनपद सीतापुर को झलरिया रेलवे क्रासिंग के पास गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

फांसी लगा कर जीवन लीला समाप्त करने की की कोशिश

लखीमपुर खीरी। निघासन सीओ आफिस में तैनात महिला कांस्टेबल स्वेता यादव पत्नी नरेंद्र सिंह उम्र 28 वर्ष ने फायर ब्रिगेड स्थिति सरकारी आवास में फांसी लगा कर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की पति से अनबन को लेकर उठाया कदम सीएचसी निघासन से डाक्टरों ने जिला अस्पताल किया रेफर।

अज्ञात वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय युवक की हुई मौत

नवाबगंज (गोंडा)। अज्ञात वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय युवक की हुई मौत। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नवाबगंज- मनकापुर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह करीब 03 बजे वजीरगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मण पुर फार्म के निकट पेट्रोल पम्प के पास सड़क पर पैदल जा रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगो ने एंबुलेंस के माध्यम से उसे नवाबगंज सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतक की पहचान मनकापुर थाना क्षेत्र के बक्सरा गांव निवासी छट्ठीराम उर्फ इन्डी उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र दयाराम के रूप में हुई।मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के गोंडा भेज दिया गया है वहीं सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक मंदबुद्धि का था। गुरुवार की सुबह करीब 07 बजे वह घर से निकला था तब से घर वापस नहीं आया था। शुक्रवार की सुबह दुर्घटना में उसकी मौत की सूचना मिली।

देवबंद में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सहारनपुर। देवबंद क्षेत्र मे युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है। युवक ने आत्महत्या की या उसकी मौत का कुछ और कारण है। पुलिस जांच में जुट गई है। युवक मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था अपने पीछे व पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया। शुक्रवार को सुबह कुछ लोग नूनाबड़ी के रास्ते की ओर गए तो उन्हे पेड़ पर युवक रस्सी से लड़का दिखाई दिया। जिसे पास जाकर देखने पर युवक की पहचान जितेंद्र उर्फ छोटा पुत्र ओम कुमार निवासी चंदेना कोली उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में हुई। जिसकी सूचना उन्होंने युवक के घर वालों को दी। सूचना मिलते ही युवक के घर वाले तथा गांव से सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक युवक को पेड़ से उतारकर पुलिस सूचना दी गई। युवक अपने पीछे दो मासूम बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। बड़ी लड़की लगभग सात वर्ष तथा छोटा लड़का पांच वर्ष का है। युवक चर्खी में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। अचानक हुई युवक की मौत से घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, युवक की मौत के कारणों की जांच की जा रही है, अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फ्लाईंग ऑफिसर सुधीर त्यागी चौक के निर्माण की मांग

सहारनपुर। फ्लाईंग ऑफिसर सुधीर त्यागी के नाम पर स्वीकृत चौक का जनता रोड पर निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर त्यागी महासभा के पदाधिकारियों ने महापौर डा. अजय कुमार सिंह से भेंटकर एक ज्ञापन सौंपा।

त्यागी महासभा की राजीव त्यागी एडवोकेट के आवास पर हुई बैठक में स्व.फ्लाईंग ऑफिसर सुधीर त्यागी के नाम पर राष्ट्रपति द्वारा वीर चक्र से सम्मानित होने के उपरांत नगर निगम बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव संख्या-150 के सम्बंध में चर्चा करते हुए कहा कि माहीपुरा चौक पर फ्लाईंग ऑफिसर सुधीर त्यागी के नाम पर चौक बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था, परंतु अभी तक इस चौक का निर्माण कार्य आरम्भ नहीं हुआ है। जिससे समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। इस सम्बंध में महासभा के लोगों ने महापौर को एक ज्ञापन भी प्रेषित किया। इस दौरान अर्जुन सिंह त्यागी, विपिन त्यागी, मनीष त्यागी, दर्पण त्यागी, शिवकुमार त्यागी, दिनेश त्यागी, नवीन प्रधान, सुरेश त्यागी, प्रेमचंद त्यागी आदि मौजूद रहे।

अनुष्का के प्रयासों से दौड़ने लगी देवांश

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। दिव्यास सिंह के घर दो साल पूर्व पहले बच्चे के रूप में जब देवांश सिंह का जन्म हुआ तो समूचे घर में खुशियाँ बिखर गईं लेकिन जब नर्स ने बताया कि नवजात के दोनों पैर मुड़े हुए हैं,दिव्यास सिंह की खुशियों को ग्रहण लग गया लेकिन सूचना पाते ही सीएचसी बेलाभेला पर तैनात राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम(आरबीएसके)की टीम के चिकित्सकों ने परिवार से संपर्क कर नवजात की जांच की और परिवार को ढांढस बंधाते हुए बताया कि आपका बच्चा पूर्णतया ठीक हो सकता है लेकिन उसका इलाज लंबा चलेगा । आरबीसके के चिकित्सकों ने सहमति के बाद माता पिता का संपर्क अनुष्का फाउंडेशन की टीम से करवाया। यहीं से शुरु हुई देवांश के इलाज की यात्रा, आज दो साल बाद देवांश सिंह ना सिर्फ चलता है बल्कि दौड़ता भी है।

दिव्यास और नेहा भी बहुत खुश हैं, कहते हैं कि उसके इलाज में एक भी पैसा नहीं लगा। यह सरकारी अस्पताल एवं अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मुमकिन हुआ है।

डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी)मैनेजर नितेश जयसवाल बताते हैं कि क्लब फुट जन्मजात विकृति है जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33,000 बच्चे इस विकृती के साथ पैदा होते हैं। रायबरेली सहित पूरे प्रदेश में आरबीसके के साथ स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पाँच साल से काम कर रही है। जनपद में अभी तक क्लब फुट से पीड़ित 212 से भी अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लब फुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। पोन्सेटी विधि एक न्यूनतम लागत की सर्वोत्तम प्रक्रिया है और पूर्णतः रूप से प्रभावी समाधान प्रदान करती है।

अनुष्का फाउंडेशन के जिला समन्वयक दिलीप धर दुबे बताते हैं कि अनुष्का फाउंडेशन एसबीआई के सीएसआर इनिशियेटिव के तहत रायबरेली में तथा सूबे के सभी 75 जिलों में क्लबफुट का निःशुल्क इलाज प्रदान करवा रहा है। अनुष्का फाउंडेशन का उद्देश्य जिला अस्पतालों में आर्थोपेडिक चिकित्सकों की क्षमता बढ़ाकर स्थानीय स्तर पर उपचार प्रदान करवाना है। उच्चतम गुणवत्ता वाले उपचार को सुनिश्चित करने के लिए अनुष्का फाउंडेशन द्वारा, चिकित्सकों को पोंसेटी पद्धति में प्रशिक्षित भी किया जाता है।

पूर्व चेयरमैन ने पूर्ण समर्थन का दिया आश्वासन

सहारनपुर। सहारनपुर लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव चेयरमैन भूपेन्द्र चौधरी ने आज भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा को समर्थन देते हुए अपना नामांकन वापिस लेने की घोषणा की।

पंवार खाप के चौधरी भूपेंद्र चौधरी ने भाजपा को अपना समर्थन देने की घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने सभी साथियों सहित देशहित में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की दिशा मैम काम करेंगे और उनका साथियों सहित पूरा समर्थन भाजपा के साथ रहेगा। भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीतियों में विश्वास करके चौधरी भूपेंद्र ने साथियों सहित अपना समर्थन दिया है। भाजपा परिवार द्वारा सभी को पूरा सम्मान दिया जाएगा।

आईआईए महिला विंग ने उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। आईआईए चैप्टर की महिला विंग द्वारा इंटरनेशनल ट्रेड शो, इंडिया एक्सपो सैंटर एंड मार्ट तथा ग्रेटर नोएड की तर्ज पर होली पर्व के उपलक्ष में होली सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाने के साथ ही विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाये गये।

दिल्ली रोड स्थित साउट सिटी मैदान पर महिला विंग की संयोजक श्रीमती श्रुति लूथरा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने रिबन काटकर किया। संस्था के पदाधिकारियों ने प्रदर्शनी में लगे जनपद सहारनपुर की महिला उद्यमियों के उत्पादों के स्टालों का अवलोकन कर उनके उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि वह प्रदर्शनी में आने से गर्व महसूस कर रहे हैं। आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, होली सह प्रदर्शनी कर्निवल की संयोजक व आईआईए महिला विंग कन्वीनर श्रीमती श्रुति लुथरा, चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि दूसरी बार इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिससे महिला उद्यमियों का आत्म विश्वास बढ़ेगा तथा उनके उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा।

होली रंगोत्सव सह प्रदर्शनी की संयोजक श्रीमती श्रुति लूथरा कहा कि सभी की प्रेरणा व मार्ग दर्शन से दूसरी बार जनपद सहारनपुर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया हैं, जिसमें महिलाओं द्वारा निर्मित ज्वैलरी, लेडीज रेडीमेड गारमेंटस, चाकलेट व केक, मिट्टी के बर्तन, होम डेकोरेट, कला व शिल्प, बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस, आयुर्वेदिक उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल्स, आदि के अलावा लगभग 50 महिला उद्यमियो ने अपने स्टॉल लगाए हैं।

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद मस्जिद के बाहर पुलिस सक्रिय रही

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद क्षेत्र में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। मस्जिदों पर पुलिस मौजूद रहीं। कड़ी सुरक्षा के बीच जुमें की नमाज सकुशल संपन्न कराई गई।

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गुरुवार रात से ही प्रशासन एलर्ट मोड पर आ गया और रात में ही प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी। एसडीएम राजित राम गुप्ता, सीओ यादुवेंद्र बहादुर पाल ने जहां गुरुवार रात को महराजगंज कस्बे सहित क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम व पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं जुमें की नमाज को लेकर शुक्रवार को भी एसडीएम, सीओ व कोतवाल लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर धर्म गुरुओं से मिलकर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की।इस दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच जुमें की नमाज संपन्न कराई गई। सीओ यादुवेंद्र बहादुर पाल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अराजक सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। पुलिस मुस्तैदी से अपना काम कर रही है।

युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में धानेपुर मे मिला शव

प्रत्यक्ष दर्शियो की माने तो युवक के गले व आंख के पास चोट के निशान बने हुए थे।बताया जाता है कि युवक कैटरिंग का काम करता है

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। बाइक से घूमने के लिए बुआ के घर के लिए निकले युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में धानेपुर मे मिला शव। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया। युवक के मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।वही घटनास्थल पर पुलिस के आलाधिकारियों ने पहुंच घटना क्रम पर जानकारी ले आवश्यक जांच के निर्देश दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार के सुबह धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उज्जैनी कला गांव के मजरे दुबे पुरवा के बलुहा घाट के पास एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के दर्जनों लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस लोगों से शिनाख्त करवाने के लिए प्रयास कर ही रही थी, इसी दौरान मृतक के बुआ के घर वाले भी शव मिलने की सूचना, मिलने के बाद देखने के लिए मौके पर आ गए। मृतक को पहचानते ही बुआ के घर में कोहराम मच गया। मामले से मृतक के परिजनों को भी अवगत कराया गया। रोते बिलखते हुए परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

बताया जाता है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के पर्वती गांव का रहने वाला 22 वर्षीय सूरज निषाद पुत्र राम तिलक निषाद गुरुवार को बाइक से सवार होकर नौडिहवा गांव में रहने वाली अपने बुआ के घर जाने के लिए निकला था, लेकिन वह बुआ के घर नहीं पहुंचा। शुक्रवार के सुबह बुआ के घर के कुछ दूरी पर उसका शव पाया गया। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर युवक की बाइक भी खड़ी हुई थी।

प्रत्यक्ष दर्शियो की माने तो युवक के गले व आंख के पास चोट के निशान बने हुए थे।बताया जाता है कि युवक कैटरिंग का काम करता है, वही मामले में प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही। फिरहाल प्रेम प्रसंग के बात की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

वही इस बाबत धानेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा कि पंचायत नामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर डागस्क्वायड की टीम ने जांच किया वही युवक के मोबाइल के आधार पर एक स्थानीय युवती को बुलाकर भी पुलिस ने पुछताक्ष किया इस मामले मे स्थानीय लोग प्रेमप्रसंग का मामला मानकर चल रहे फिलहाल अभी तक कोई आधिकारिक बयान प्रेमप्रसंग का सामने नही आ पाया है मृतक के तीन भाई और दो बहने है सभी की शादी हो चुकी है अपने भाइयो मे यह सबसे छोटा था इसकी भी शादी हो चुकी है मृतक के गांव के प्रधान संजय निषाद ने बताया कि यह युवक घर से बताकर निकला था कि वह एक बर्थडे मे भोजन बनाने गया था अब उसकी हत्या से परिजनो मे गहरा धक्का लगा है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

मुख्तार अंसारी को मिला उसके कर्मों का फल : डॉ राजेश्वर सिंह

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने माफिया सरगना मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में हुई मौत पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उत्तर प्रदेश के कुख्यात माफिया सरगना मुख्तार अंसारी की मौत को सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कर्म का फल बताया। राजेश्वर सिंह ने कहा कि कर्म का एक प्राकृतिक नियम है कि जो प्रतिशोधी लोग दूसरों को चोट पहुंचाने के लिए सही रास्ते से हट जाते हैं, अंततः वो बुरी गति को प्राप्त होते हैं।

राजेश्वर सिंह ने मुख्तार अंसारी के आपराधिक इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्तार अंसारी पर कुल 61 केस दर्ज थे। जिनमें हत्या के 18, हत्या के प्रयास के 10 केस दर्ज थे। 8 मामलों में उसे सजा मिल चुकी थी। पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के आरोप में 10 साल से जेल में था। लाइसेंस के लिए फर्जी डाक्यूमेंट मामले में उसे उम्रकैद की सजा मिली। कोयला व्यापारी नंद किशोर रूंगटा के अपहरण और मर्डर ने पूरे पूर्वी यूपी को हिलाकर रख दिया था। जेल में रहते हुए मुख्तार पर आपराधिक साजिश रचने और उगाही के लिए 8 मामले दर्ज किए गए थे। उसका दहशत इतना था कि पिछले डेढ़ साल से कोई जेलर बांदा जेल का चार्ज लेने के लिए तैयार नहीं था। वो जेल से ही अपना साम्राज्य चलाता था। गलत कार्यों से बचने की सलाह देते हुए डॉ सिंह ने कहा कि मुख्तार पर दर्ज ये मामले बताते हैं कि वो कितना बड़ा गैंगस्टर था। उसने कई निर्दोषों की हत्या की, उन्हे शारीरिक रूप से अक्षम बनाया और आतंकित किया।

मुख्तार अंसारी के निधन से सपाइयों में शोक

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में मऊ के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा के पश्चात जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में पार्टी के प्रमुख नेताओ ने मुहम्मदाबाद स्थित मुख्तार अंसारी के आवास पर पहुंचकर। उनके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी और भतीजे विधायक मन्नू अंसारी से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनके निधन पर शोक और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की संवेदनहीनता और साजिश के चलते मुख्तार अंसारी को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

समाजवादी पार्टी योगी सरकार के इस कुकृत्य और घोर लापरवाही की निन्दा करती है। उन्होंने इस घटना की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग किया। विधायक डॉ विरेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार जुल्म की इंतहा कर रही है। इस सरकार के अंदर मानवीय संवेदना नाम की कोई चीज नही है यह सरकार न्यायिक प्रक्रियाका घोर उल्लघंन कर रही है। विधायक जै किशन साहू ने कहा कि जो हुकूमत जिंदगी की हिफाजत न कर पाये उसे सत्ता मे बने रहने का कोई अधिकार नही है। यह सरकार विरोधी दलों के नेताओ के साथ बदले की भावना से कारवाई कर रही है। यह सरकार विपक्ष को पूरी तरह से कुचलना चाहती है। इस शोक सभा में और मुहम्मदाबाद पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा, पुर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, पुर्व विधायक त्रिवेणी राम, जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, डॉ नन्हकू यादव, अशोक कुमार बिंद, सदानंद यादव आमिर अली, डॉ समीर सिंह, कमलेश यादव, दिनेश यादव,जमुना यादव राजेन्द्र यादव, अवधेश यादव उर्फ राजू यादव, सत्येन्द्र यादव उर्फ सत्या, विभा पाल, रीना यादव, कंचन यादव, अरविन्द कुशवाहा, यशपाल, रामाशीष यादव, विजय शंकर यादव, सुग्गु यादव, संतोष यादव, सिंकदर कन्नौजिया, बसन्त यादव, कृष्णा, रजनीकांत यादव, अरुण यादव, आदि उपस्थित थे। इस शोक सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

नमाज के बाद मुख्तार अंसारी को किया जाएगा सुपुर्द-ए-खाक आज

गाजीपुर। मुख्तार अंसारी के शव को शनिवार को दफनाया जाएगा। उक्त जानकारी जिले के एसपी ओमवीर ने दी। शुक्रवार को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि देर रात मुख्तार का शव जिले में आ जाएगा। सुरक्षा को लेकर अभी तक जिला प्रशासन चौकसी बरते हुए है। सुरक्षा को लेकर मुख्तार के परिवार का भी समर्थन मिल रहा है। एसपी के अनुसार शनिवार को नमाज के बाद उनके पैतृक कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी का शव सुपुर्द -ए- खाक किया जाएगा।

मिट्टी का परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्रवाई

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। नगर में कोतवाली जालौन के सामने नगर भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी जालौन ने ट्रेक्टर से मिट्टी का परिवहन कर रहे 3 वाहनों से परिवहन प्रपत्रों की मांग की। 01 वाहन के पास वैध परिवहन प्रपत्र (अनुमति) पाया गया। 02 वाहनों (चेसिस नंबर MBNRAACBAPRJ 04858 व MBNAAACALPRF 09664) के पास अनुमति उपलब्ध न होने के कारण इन 02 ट्रेक्टरों को ट्रोली सहित कोतवाली जालौन परिसर में खड़ा कराया गया है। प्रशासन द्वारा तत्काल खनन निरीक्षक को सूचना दी गई। जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

किसानों की लहलहाती फसल चौपट कर रहे आवारा पशु

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिले के विभिन्न गांवो में आवारा पशुओं की समस्या आज भी बरकरार है। इस समय गेहूं की लहलहाती फसल आवारा पशु चौपट कर रहे हैं।लोक सभा चुनाव की दुंदुभी चुकी है। सभी दल एक बार फिर जनता को लुभाने की कवायद में जुट गए हैं लेकिन जिले के अन्नदाता आज भी आवारा पशुओं की समस्या से नहीं उबर पा रहे हैं। किसान रतजगा कर अपने फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। जिले के गांव और नगर में आवारा पशुओं का कहर कम नही हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह आवारा पशु झुंड के झुंड नज़र आते हैं कहीं-कहीं तो इनकी संख्या बहुत ज्यादा रहती है। रात के समय ज्यादातर आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर ही देखा जा रहा है। जिससे आवागमन भी पूरी तरीके से बाधित हो जाता है इन्हीं आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। किसानों को रात-रात भर जागकर अपनी फसलों की सुरक्षा इन आवारा पशुओं से करनी पड़ रही है इन सभी समस्याओं से जूझ रही आम जनता की बातों को कोई भी सुनने वाला नहीं है। जिम्मेदार इन समस्याओं से मुंह फेरते नजर आते है जो की चिंता का विषय है। अन्नदाता विभिन्न तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है और शासन प्रशासन मूक दर्शक बने हैं। आवारा पशुओं को संरक्षित करने का अभियान चला लेकिन वह पूरी तरह सफल नहीं हो सका लिहाजा इनकी समस्या आज भी बरकरार है। जगह जगह देखने को मिलता है की झुंड के झुंड आवारा पशु किसानों की लहलहाती फसल चौपट कर रहे हैं।

जुमा की नमाज को लेकर प्रशासन रहा सतर्क

अमेठी अवधनामा संवाददाता। पाक माह रमजान में जुमे की नमाज को लेकर स्थानीय प्रशासन सजग रहा। नगर के चौक स्थित जामा मस्जिद पर जुमे की नमाज के दौरान प्रशासन की पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौजूदगी रही। इधर लोक सभा चुनाव और बांदा में गुरुवार देर शाम हुई मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिले में शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन सजग रहा। जिले की विभिन्न मस्जिदों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रही।लोग शुक्रवार को जगह जगह बांदा में हुई मुख्तार अंसारी की मौत पर चर्चा करते नजर आए।

19 मोबाइल टावर की बैटरियां सहित तीन गिरफ्तार

लखनऊ। मेरठ सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत लोहियानगर पुलिस द्वारा अपराध तथा अपराधियों पर नियन्त्रण पाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुशार चलाये जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में दिनांक 28.03.2024 को थाना लोहियानगर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली एम-ब्लॉक में नाले के पास खाली पडे मकान में कुछ चोर इकट्ठा है, उन लोगो के पास अवैध हथियार व चोरी का सामान भी हो सकते है जो किसी बडी घटना को अन्जाम देने की फिराक में है और घटना करने की योजना बना रहे है । इस सूचना पर लोहियानगर एम-ब्लॉक में नाले के किनारे खाली प्लॉट से अभियुक्तगण 1. राजा उर्फ रियाजुददीन पुत्र हारुन निवासी 60 फुटा सरफूनिशा मस्जिद के पास समर गार्डन थाना लिसाडी गेट मेरठ, 2. शोएब उर्फ अण्डा पुत्र नाजिम निवासी गली नं0 4 श्यामनगर बिस्मिल्लाह मस्जिद के पास थाना लिसाडी गेट मेरठ, 3. फुरकान पुत्र अजीजुददीन निवासी गली नं0 2 मोमीन नगर हुमायूनगर थाना लोहियानगर मेरठ को मय 19 टावर बैटरी व अभियुक्त राजा उर्फ रियाजुददीन व शोएब उर्फ अण्डा के कब्जे से 01- 01 अदद चाकू बरामद किये गये।

भाजपा की मजबूत बूथ इकाइयां प्रदेश की सभी 80 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को पिंडरा विधानसभा के बूथ अध्यक्षों की बैठक में प्रत्येक बूथ पर निश्चित विजय का मंत्र बूथ अध्यक्षों को सौंपा। बड़गांव, वाराणसी के बलदेव पीजी कॉलेज में आयोजित बैठक में सिटिंग प्लान के तहत बैठक को बूथ केंद्रित करके प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने पुष्प वर्षा कर बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और भाजपा की मजबूत बूथ इकाइयां प्रदेश की सभी 80 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। इसके साथ ही अजगरा विधानसभा के पन्ना प्रमुखों से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा के मजबूत बूथ प्रबंधन में पन्ना प्रमुख मजबूत स्तंभ है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने बूथ अध्यक्षों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का आह्वान किया है, कि 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा को बूथशः जितने वोट प्राप्त हुए थे, उससे प्रत्येक बूथ पर 370 अधिक वोट प्राप्त करना है।

उन्होंने कहा कि बूथ की मजबूत संरचना ही भाजपा की मजबूती का आधार है। बूथ की मजबूती के लिए बूथ समितियों की नियमित बैठक तथा बैठक में बूथ समिति के सदयों का घर से भोजन लाकर आपस में मिलकर भोजन करने से परिवार के रूप में कार्य करने का संस्कार निर्माण होता है। उन्होंने कहा बूथ के सभी मतदातों से नियमित संपर्क व संवाद तथा लाभार्थियों के साथ नियमित संपर्क प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक है। भाजपा की रणनीति बूथ केंद्रित है। इसलिए भाजपा ने सिटिंग प्लान का नया प्रयोग किया है। जिसमे प्रत्येक कुर्सी पर अंकित बूथ नंबर पर संबंधित बूथ के अध्यक्ष को बैठाकर पूरे वातावरण को तथा बूथ अध्यक्षों को बूथ से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई ने प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतने को जो लक्ष्य लिया है, वह लक्ष्य भाजपा की मजबूत बूथ समितियां प्राप्त करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता विचारधारा के लिए काम करता है और भाजपा की विचारधारा में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है, जिसमे देश के आर्थिक, सामरिक उत्थान, जन जन की संपन्नता और सांस्कृतिक विकास समाहित है।

ज्ञानी हत्याकांड में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सहित सभी बरी

अलीगढ़। अलीगढ़ में टप्पल के गांव जहानगढ़ के बहुचर्चित भाजपा नेता और हिस्ट्रीशीटर ज्ञानचंद्र शर्मा उर्फ ज्ञानी हत्याकांड में 29 मार्च को फैसला आ गया। दस वर्ष पुराने इस हत्याकांड में आरोपी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर चौधरी सहित सभी नौ आरोपियों को बरी कर दिया गया। सत्र न्यायालय में हुए ट्रायल में पुलिस की सियासी रंजिश और शूटरों से जुड़ी कहानी आरोप साबित न कर सकी। बता दें कि उस समय बसपा से जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में भाजपाई सुधीर चौधरी पर इस हत्याकांड की साजिश का आरोप था। फैसला आने के बाद बचाव पक्ष के चेहरों पर खुशी देखी गई, जबकि वादी पक्ष मायूसी के साथ घर लौट गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता नीरज चौहान व चौ.बलवीर सिंह के अनुसार ये घटना 25 अगस्त 2014 की देर शाम की है। जहानगढ़ प्रधानपति व टप्पल सघन सहकारी समिति अध्यक्ष ज्ञानचंद्र शर्मा उर्फ ज्ञानी अपने कुछ साथियों संग बोलेरो में सवार होकर टप्पल से गांव आ रहे थे।

एटीएम का लाक तोड़कर अज्ञात युवक कैश लेकर फरार

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। जनपद के कालपी नगर के मुहल्ला राजघाट स्थित निजी कम्पनी के एटीएम का लाक तोड़ कर अज्ञात युवक कैश ले गया। युवक की करतूत वहां लगे सी सी टी बी में भी कैद हुई है। प्राप्त विवरण के अनुसार नगर के मुहल्ला सदरबाजार निवासी धर्मेन्द्र प्रनामी राजघाट स्थित देशी शराब ठेका के पास टाटा कम्पनी का एटीएम संचालित करता है।इस ए टी एम द्वारा खाताधारक निकासी करते रहते हैं। और यह देरशाम तक खुला रहता है। लेकिन संचालक जब गुरूवार शाम ए टी एम में कैश रखने गया और उसने निकासी मिलाई तो लगभग डेढ लाख रूपये कैश कम था। जिस पर उसने वहा लगे कैमरो की रिकार्डिंग देखी तो एक युवक ए टी एम का लाक तोडकर कैश बैग मे ले जाता दिख रहा है। मामला समझ में आते ही रात में ही मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। शुक्रवार को ए टी एम सँचालक धर्मेन्द्र प्रनामी ने अज्ञात युवक के खिलाफ ए टी एम का ताला तोडकर लगभग डेढ लाख रूपये चोरी करने का शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद के अनुसार शिकायत मिली है जाँच की जा रही है और इस घटना को अंजाम देना वालो के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की हुई मौत

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। ग्राम बघावली में नव विवाहित दीक्षा पत्नी केशव उम्र 19 वर्ष पुत्री राधेश्याम निवासी ग्राम उड़नवा पुरवा थाना मंगलपुर कानपुर देहात की अज्ञात कारणों के चलते मृत्यु हो गई जबकि उसकी शादी के 6 महीने भी नहीं बीते थे। ससुराली जनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को यमुना में फेंक दिया और शव को गायब करने का पूरा षड़यंत्र रच डाला। ससुराली जन घर में ताला डाल कर गांव से फरार हो गये हैं। जबकि मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया है कि मेरी लड़की की हत्या कर उसे यमुना नदी में फेंका गया है।

घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस चौकी शंकरपुर चौकी इंचार्ज पीयूष कुमार मय हमराही सहित घटनास्थल पर पहुंचे ।इसके बाद आनन-फानन थानाध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज एस आई सुजीत मिश्रा एस आई राकेश सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। गोताखोरों की मदद से पुलिस ने शव को बरामद किया है। सघन जांच के दौरान मृतका के कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। सूचना पाकर देर रात ही घटना स्थल पर क्षेत्राधिकारी जालौन राम सिंह यादव पहुंचे थे।यमुना नदी से शव बरामद होने के पश्चात तहसील जालौन से आए नायब तहसीलदार सदउल्ला खान की मौजूदगी में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु विच्छेदन गृह उरई भेजा गया है और पुलिस द्वारा पति और परिजनों को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। मृतका के मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

ग्राम भ्रमण एवं जनसंपर्क अभियान से क्षेत्र के विकास को मिलेगी और रफ़्तार, समस्याओं का होगा समाधान

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सदस्य के लिए अपनी सुलभता और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक नए अभियान ग्राम भ्रमण एवं जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की है, उद्देश्य है लोगों की समस्याओं से अवगत होने के साथ भाजपा की नीतियों और विकास योजनाओं से लोगों को अवगत कराने का।

भाजपा विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू किये गए ग्राम भ्रमण एवं जनसंपर्क अभियान के माध्यम से शुक्रवार को डॉ राजेश्वर सिंह की 10 टीमों ने विधानसभा क्षेत्र के 10 ग्राम पंचायतों में घर- घर जाकर जनसंपर्क किया और भाजपा द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया साथ ही ग्राम वासियों से उनकी समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिए उन्हें आश्वस्त किया। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के 10 ग्राम पंचायतों ऐन, भदोई, चंद्रावल, कल्ली पूरब, लतीफ नगर, मेमोरा, परवर पश्चिम, सहिजनपुर, बरकताबाद और इब्राहिमगंज के ग्रामीणों समेत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से भी संवाद किया गया। ग्राम भ्रमण एवं जनसंपर्क अभियान के दौरान बीजेपी के मंडल अध्यक्षों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ताराशक्ति केन्द्र से बने ईको फ्रेंडली बैग्स एवं श्रीमद्भगवद्गीता दे कर सम्मानित किया गया। सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए सुलभता और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है, भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए संकल्पित और समर्पित है, संवाद के जरिए ही लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी मिलती है। इसीलिए इस अभियान की शुरूआत की गई है। ताकि हम घर घर जाकर लोगों से मिलकर उनसे बात कर सके। इस दौरान टीम राजेश्वर के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता भुवनेंद्र सिंह मुन्ना, मंडल अध्यक्ष श्री शिवबक्श सिंह, सुभाष पासी, पंकज त्रिपाठी, सुरेश सिंह, मुरलीधर दीक्षित, बिंदादीन सिंह, मनीष द्विवेदी, प्रियंका सिंह, विनय दीक्षित समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी-कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

- **भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने शुरू किया अभियान, 10 गांव में पहुंची टीम राजेश्वर**

होली उत्सव रंग, मस्ती और एकता का त्योहार

लखनऊ। हर्ष और उल्लास के पर्व होली 2024 के उपलक्ष्य में सेक्टर 25 इंदिरा नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रामायण पार्क, सेक्टर 25, इंदिरा नगर, लखनऊ में होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान गाकर तथा दीप प्रज्वलन से किया गया। समारोह के अंतर्गत सेक्टर 25 के सभी निवासीगणों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर तथा गले मिलकर होली की बधाई दी एवं सेक्टर 25 इंदिरा नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के 11 पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम में सेक्टर 25 के वरिष्ठ निवासी डॉ कमला सिंह जी ने पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवायी, जिसमे डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने अध्यक्ष, डॉ अशोक कुमार सिंह, श्रीमती सुनीता जिंदल तथा श्रीमती सरिता शर्मा ने उपाध्यक्ष, श्री हर्ष वर्धन अग्रवाल ने सचिव, श्रीमती स्मिता सिंह, श्री ए0 के0 त्रिपाठी, श्री श्याम बिहारी तथा श्री नटवर लाल खरे ने सदस्य की शपथ ली। कोषाध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता तथा श्री महेश जायसवाल भी सदस्य चुने गए है। सेक्टर 25 इंदिरा नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हो सका है। सेक्टर 25 के विकास हेतु हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा तभी हम इस सेक्टर को प्रदेश का नंबर 1 सेक्टर बना सकेंगे। होली मिलन समारोह मे आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सेक्टर 25 इंदिरा नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव श्री हर्ष वर्धन अग्रवाल ने सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हमारे देश का एक ऐसा त्यौहार है जो रंगों और खुशियों का उत्सव मनाता है होली का त्यौहार सभी को एक दूसरे के साथ प्यार और खुशी की भावना से भर देता है। यह त्यौहार न केवल हमारे दिलों को जोड़ता है बल्कि हमें अपने परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने का अवसर भी देता है। हम सभी को एक दूसरे के साथ खुशियों का आनंद लेने का मौका मिलता रहे ऐसी प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना है।

गौ संचालको की उदासीनता बना हुआ गौवंशों के मौत का सबब

अवधनामा संवाददाता

बलरामपुर। जहां गौ संरक्षण पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके उनके व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने का लगातार दावे योगी आदित्य नाथ सरकार के द्वारा किया जा रहा है तो वही जमीनी स्तर पर गौ वँशो की हालत काफी दयनीय है। जहां भूख व इलाज के अभाव में लगातार गौवंश दम तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

वही देखा जा रहा है कि गौ शाला के आहार और पौष्टिक पदार्थ व इलाज में मिलने वाले धन को कागज में भले ही गौवंश के इलाज और भोजन के लिए व्यव दिखाया जाता हो लेकिन अक्सर गौ आश्रय केंद्र का हालत यह है कि वहां गौआश्रय संचालक और विभागीय जिम्मेदारों के मिलीभगत का बोलबाला है और सरकारी धन के बंदरबाट का खेल लगातार खेला जा रहा है। जिसकी तस्वीर अक्सर गौ आश्रय केंद्रों की दुर्दशा देखने के लिए पर्याप्त है। तस्वीर बताती है व्यवस्थाएं क्या है और किस प्रकार गौवंश को मरने के लिये छोड़ दिया जाता है। जबकि योगी सरकार में गौ आश्रय केंद्र में गौवँशो को संरक्षण को लेकर पर्याप्त मात्रा में धन खर्च किये जा रहे के दावे होते है फिर भी गौ संरक्षण के दावे फेल के लिए पर्याप्त है। जबकि लगातार गौ शाला में भ्रष्टाचार का खेल खेलने की बात सामने आ रही है जहां पर गौ संरक्षण व सेवा के नाम पर गौ संचालक और स्थानीय जिम्मेदारों की मिली भगत का खेल लगातार जारी है जिसका दंश कहीं ना कहीं गौशाला में रहने वालेगौ वँशो को झेलना पड़ रहा है और उनकी लगातार मौत हो रही है और उनके शव को चील कौवो और कुत्तों का निवाला बनने के लिये बाहर फेंक दिया जाता है। ताजा मामला जनपद बलरामपुर के विकासखंड पचपेड़वा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भगवानपुर शिवपुरी में बने गौशाला का है जहां पर भूख और इलाज के अभाव में लगभग आधा दर्जन से अधिक गौवँशो के मरने के बाद लाश गौशाला के बगल में बह रही सीरिया नाल पर पड़ा देखा जा रहा है और उनके लाश सूत्रों से जानकारी चील कौवे तथा कुत्ते नोच कर अपना निवाला बना रहे हैं जिसकी तस्वीर देखने को मिल रहे हैं ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सरकार गौ आश्रय केंद्रों के द्वारा गौवंश संरक्षण की बात कह रही है वह कितना सच है और कितना सटीक है जिसको लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को इसका जवाब देना पड़ेगा कि इतनी व्यवस्था के बाद भी गौवंश की हालत इस प्रकार कैसे है जबकि इससे पहले भी पचपेड़वा विकास खण्ड के इम्लियाकोडर में ऐसा मामला प्रकाश में आया था जिसमे आधे दर्जन से अधिक मौत के बाद उनके लाशों को जंगली जानवर और चील कौवो का निवाला बनने के लिये खलिहान में फेंक दिया गया था जिसको लेकर काफी हलचल भी हुई थी। जबकिं योगी सरकार का यह भी कहना है कि गौ आश्रय केंद्रों में भ्रष्टाचार होने पर किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। इस सम्बंध में जब विकास खण्ड अधिकारी से बात की जाती है तो उनका कहना जांच कर के करवाई किया जाएगा।

- **लावारिस लाश कुत्ते व चील कौवे का बना निवाला**

अभियान के अंतिम दिन 942 बूथों पर हुआ मोदी परिवार होली मिलन

लखनऊ। कैंट विधानसभा कैंट मंडल तीन महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड के बूथ संख्या 281 एवम कैंट मंडल एक के बाबू कुंज बिहारी वार्ड में बूथ संख्या 209, लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल में आयोजित मोदी परिवार- बूथ होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि भारत सरकार रक्षा मंत्री लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह द्वारा लखनऊ शहर को विश्वस्तरीय आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए अनेक योजनाओं का लोकार्पण किया जा चुका है और अनेक परियोजनाएं चल रही है आने समय लखनऊ शहर की पहचान ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादकर्ता के नाम से जाना जाएगा। विश्वस्तरीय गोमती नगर स्टेशन, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के विस्तार हेतु अमौसी एयरपोर्ट में टर्मिनल तीन की शुरुआत लखनऊ वासियों को जाम से निजात के लिए 104 किलोमीटर लंबा आउटर रिंग रोड, फ्लाईओवर निमार्ण जैसी अनेक परियोजनाएं लखनऊ वासियों को समर्पित की जा चुकी है। भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा मोदी परिवार होली मिलन कार्यक्रम के अंतिम दिन 942 बूथों पर आयोजन किया कार्यकर्ता जन घर घर जाकर प्रधानमंत्री मोदी जी का राम राम कहकर होली की शुभकामनाएं दिया।

सूचना

मैं अनिल सक्सेना (ANIL SAXENA) पुत्र ताज बहादुर, निवासी 255/306, कुण्डरी दुर्गा मंदिर, रकाबगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का हूँ। मैंने अपना नाम अनिल सक्सेना (ANIL SAXENA) से बदलकर अनिल कुमार सक्सेना (ANIL KUMAR SAXENA) रख लिया है, जो कि अब मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है । मुझे भविष्य मे अनिल कुमार सक्सेना (ANIL KUMAR SAXENA) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैं मोहसिन महमूद आलम पुत्र महमूद आलम, निवासी 134/360, भेड़ी मंडी, गणेश गंज जिला लखनऊ का हूं। मेरे सभी दस्तवेज़ो में मेरा नाम मोहसिन आलम (MOHSIN ALAM) दर्ज है, मैने अपना नाम मोहसिन महमूद आलम (MOHSIN MAHMOOD ALAM) से बदलकर मोहसिन आलम (MOHSIN ALAM) रख लिया है अब भविष्य में मुझे मोहसिन आलम (MOHSIN ALAM) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सरयू नदी में सुरक्षा के लिए किए जाएंगे पुख्ता बंदोबस्त

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके जन्मभूमि मंदिर में अब राम नवमी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जमीन से लेकर नभ और जल में भी सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खुद मुख्य सचिव और डीजीपी अयोध्या में आगामी 17 अप्रैल को होने वाले आयोजन की तैयारियों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अयोध्या आने और पवित्र सरयू नदी में स्नान किये जाने को ध्यान में रखते हुए सरकार तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। स्नान के दौरान सरयू नदी मे डूबने विभिन्न घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने राम नवमी के मौके पर व्यापक प्रबन्ध किए हैं। इसके लिए सरयू नदी में अब और छह फाइबर मोटर बोट्स चलाने का निर्णय लिया गया है। चैत्र शुक्ल नवमी (राम नवमी) पर मोक्ष की कामना को लेकर अयोध्या में दर्शन पूजन व सरयू स्नान के लिए देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु आने वाले हैं। इस बार श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद यह पहली राम नवमी है। ऐसे मे अयोध्या मे अपार भीड़ जुटने की संभावना है। साथ ही सरयू में भी बड़ी संख्या में लोग स्नान करके पुण्य के भागीदार बनेंगे। वहीं इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय घटना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के मुकम्मल बंदोबस्त किये गये हैं। इसके लिए नदी में फाइबर मोटर बोट्स की संख्या बढ़ाई गई है। पहले 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान नदी में चार मोटर बोट को तैनात किया गया था, इनकी संख्या में वृद्धि करते हुए अब छह नई फाइबर मोटर बोट को मंगा लिया गया है। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्या ने बताया कि भीड़ जैसे-जैसे बढ़ेगी वैसे वैसे बोट्स की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। जल पुलिस प्रभारी ने बताया कि फाइबर की बोट मे 40 हॉर्स पावर का मोटर लगाया गया है। इसे स्टीयरिंग के सहारे घुमाया जा सकता है।

आगामी त्यौहारों को लेकर जनपद में 23 मई तक लागू रहेगी धारा 144: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। आगामी अवधि में ईस्टर सैटरडे, ईस्टरमन्डे, जमात-

उल-विदा अलविदा रमजान का अन्तिम शुक्रवार महर्षि महाराजा निषाद राजगुह्य जयन्ती, चेटी चन्द, ईद-उल फितर, डा0 भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस, चन्द्र शेखर जयंती, राम नवमी, महावीर जयन्ती, लोक नायक महाराणा प्रताप जयन्ती, परशुराम जयन्ती, बुद्ध पूर्णिमा आदि विभिन्न त्योहारों जन्म दिवस के साथ ही विभिन्न सेवा आयोगों की प्रतियोगी शैक्षाणिक परीक्षाएं आदि आयोजित होना सम्भावित हैं। जिन्हें सकुशल एवम् शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचिन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा के फलस्वरूप जनपद में प्रभावी आदर्श आचार संहिता के सुसंगत उपबन्ध का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने तथा जनपद में लोक, शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था एवं जन सुरक्षा वनाये रखना के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट अयोध्या नितीश कुमार ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक शान्ति कानून व्यवस्था जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निषेधाज्ञाएं लगाने का आदेश जारी किया है, यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और यदि बीच में वापस न लिया गया तो 23 मई 2024 तक प्रभावी रहेंगे। तदानुसार सम्बंधित क्षेत्र के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

भीषण गर्मी में राम भक्तों के लिए जल प्याऊ, मैट आदि की तत्काल व्यस्था करे प्रशासनः संजय दास

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। धाम। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से लगातार रामनगरी में बढ़ रही राम भक्तों की भीड़ एवं स्थानीय जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा भक्तों को बेहतर सुविधा नहीं दे पा रही है द्य पानी एवं चिलचिलाती धूप गर्मी में घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी पारी का इंतजार में राम भक्त बीमार हो रहे हैं । साथ ही चक्कर खाकर सड़कों पर गिरने को विवस है। देश विदेश से आने वाले राम भक्तों की हो रही उपेक्षा के चलते जल प्याऊं छाया जमीन पर मैट , शौचालय एवं विश्रामालय जैसी मूलभूत एवं महत्वपूर्ण सुविधा न दे पाने के विरोध में अयोध्या के हनुमानगढ़ी के जागरूक संतो महंतों ने प्रेस वार्ता कर सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के सागरीया पट्टी के महंत ज्ञान दास के उत्तराधिकारी एवं संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास हेमंत दास डॉक्टर महेश दास महंत बलराम दास पहलवान मनीराम दास ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि 22 जनवरी के बाद भक्तों की संख्या बढ़ रही है। हनुमानगढ़ी पंचायती व्यवस्था के तहत

अपनी सीमा में गेट , छाया , जल प्याऊं सीढ़ी निकास इत्यादि की व्यवस्था तेजी से कर रहे है । परंतु हनुमानगढ़ी के तिराहा से सीढी तक लंबी लाइन बिरला धर्मशाला के सामने काफी भीड़ हो रही नगर निगम द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था छाया विश्राम इत्यादि व्यवस्था नहीं होने से यात्री काफी परेशानऔर व बीमार हो रहे हैं । घंटों लाइन में खड़े रहने से बेहोश होकर के गिर रहे हैं। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तराधिकारी संजय दास ने आगे बताया कि मंदिर परिसर व बाहर मेडिकल व्यवस्था भी नहीं है।भीड़ के चलते इमरजेंसी में एंबुलेंस पहुंचने में घंटों लग जाता है । जिला प्रशासन व नगर निगम को चाहिए कि भक्तों की भीड़ देखते हुए बेहतर सुविधा व व्यवस्था प्रदान करें ताकि रामनगरी की छवि पर बट्टा न लग सके। भक्तों की आस्था श्रद्धा प्रभावित न हो प्रत्येक राम भक्त , हनुमान भक्त यहां से अच्छा संदेश लेकर जाए जो पूरी दुनिया में रामलला रामनगरी व यहां के अधिकारियों का नाम रोशन करें।

बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय ने लोकसभा क्षेत्र का किया दौरा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। बहुजन समाज पार्टी के फैजाबाद लोकसभा प्रत्याशी सभा के प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय ने बीकापुर खजुराहट रुदौली सोहवल मे

किया जन सम्पर्क लोगों से समर्थन की अपील की। इस दौरान लोगो से मिल रहे अपार जनसमर्थन और आशीर्वाद के लिए भी बहुजन समाज पार्टी लोकसभा प्रत्याशी सच्चिदानंद ने सबका धन्यवाद किया और भरोसा दिलाया कि में ऐसे ही हमेशा आप लोगो के बीच आता रहूँगा और हमेशा आप लोगो की सेवा करता रहूँगा। आयोजित बैठकों में कहा कि बसपा को मिल रहे प्रचंड समर्थन और सहयोग को देखते हुए सभी पार्टियां सकते में आ गयी है। बसपा को हर वर्ग और हर समाज का समर्थन मिल रहा है। वही दूसरी तरफ सपा और भाजपा ने आम जनमानस को सिर्फ और सिर्फ लॉलीपॉप देती आयी है। दोनों पार्टियों के घोषणा पत्र इसका जीता जगता सबूत है। इस बार जनता सिर्फ और सिर्फ बहुजन समाज पार्टी के साथ है । इस दौरान पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

पदाधिकारी दायित्व क्षेत्र को लोक सभा मानते हुए पूर्ण उर्जा के साथ चुनाव में जुटें : संजीव सिंह

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। शक्ति केन्द्र प्रभारी व संयोजक की बैठक आयोजित की जा रही है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने अमानीगंज के डीली सरैया, गद्दीपुर, कदई कला व कुमारगंज मंडल के बवां, पिठला, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने मिल्कीपुर, अंजरौली, सिडसिड, उदहुई व बीकापुर में इं रणवीर सिंह ने सिडहिर, गोपालपुर, रानीबाजार, कादीपुर शक्ति केन्द्रों पर प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक की। बैठक में शक्ति केन्द्र प्रभारियों के बूथ प्रबंधन, बूथ कमेटी व पन्ना प्रमुखों से समन्वय स्थापित करने को लेकर चर्चा की।जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि शक्ति केन्द्र प्रभारी अपने दायित्व क्षेत्र को लोक सभा व स्वयं को प्रत्याशी मानते हुए पूर्ण उर्जा के साथ चुनाव में जुट जाएं। व्यापक स्तर पर लाभार्थियों से संम्पर्क व संवाद अभियान चलाएं। पिछले चुनाव में जिन बूथों पर पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नही था उनकी सूची बना लें। पन्ना प्रमुखों से समन्वय बना कर हर घर हर व्यक्ति तक सम्पर्क करें। मिल्कीपुर विधानसभा की बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी अपने

क्षेत्रों के बूथ प्रभारियों के साथ बैठक कर लें। चुनाव में हर घर - हर मतदाता तक सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में चर्चा करना है। इसके लिए बूथों की समितियों को एक्टिव मोड में लाएं। पन्ना प्रमुख को सम्मेलन व कार्यशाला भी आयोजित किया जाएगा। विधानसभा बीकापुर के सहसंयोजक इं. रणवीर सिंह ने कहा कि बूथ प्रबंधन को लेकर पदाधिकारियों में आपसी समन्वय सबसे आवश्यक है। शक्ति केन्द्रों के प्रभारी अपने क्षेत्र के बूथ प्रभारियों से लगातार सम्पर्क में रहें। सभी बूथों पर पिछली बार से अधिक मत का प्राप्त करने के लक्ष्य को लेकर सघन जनसम्पर्क अभियान चलाएं। मिल्कीपुर की बैठक में अजय तिवारी, राम सजीवन मिश्र, अरूण गुप्ता, इंद्र सेन मौर्या, बब्लू पासी बीकापुर की बैठक में विजय पाण्डेय, लोकेश दूबे, कमलेश सिंह, राम मिलन चौरसिया, कमलेश साहू सहित शक्ति केन्द्रों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा वृहद स्तर पर होली मिलन समारोह का आयोजन करेगी

अयोध्या। भाजपा वृहद स्तर पर होली मिलन समारोह का आयोजन करेगी। होली मिलन समारोह में फूल की होली खेली जाएगी। इस दौरान नृत्य, गायन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

लोक सभा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि महिला मोर्चा पूरा मंडल का होली मिलन समारोह 30 मार्च 11 बजे एचआर पैलेस, रामपुर हलवारा तथा नगर क्षेत्र का 31 मार्च को 11 बजे कौशलपुरी स्थित सुरेन्द्र लॉन में आयोजित किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों की उपस्थिति रहेगी। 31 मार्च को शाम 5 बजे से आरबीएस लॉन परिक्रमा मार्ग जनौरा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि दौरान फूलों से होली खेली जाएगी। नृत्य, गीत संगीत के कार्यक्रमों व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार से लिफ्ट मांगना बैंककर्मी युवक को पड़ा महंगा,लूट का हुआ शिकार

अवधनामा संवाददाता

बीकापुर- अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के प्रयागराज हाईवे पर स्थित खजुराहट चौराहे के समीप कार से बैंक कर्मी युवक को लिफ्ट लेना महंगा पड़ा। कार पर सवार चार बदमाशों ने बैंक कर्मी युवक के कनपटी पर तमंचा तानकर उससे नगद तथा एटीएम कार्ड लूट लिया। सरेआम लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद कार पर सवार लुटेरों ने लूट का शिकार हुए युवक को वाहन से उतार दिया। और खुद नौ दो ग्यारह हो गए। घटना की जानकारी पाते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई और दिनभर लूट की वारदात में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। शाम होते-होते पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर ने जल्द ही लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के के सलाखों के पीछे होने का दावा किया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट स्थित एएनएम सेंटर पर तैनात एएनएम संघमित्रा के पति सुरेश कुमार भारती भोर में ही सुल्तानपुर जाने के लिए चौराहे पर पहुंचे। उसी दिशा में जा रही कार से लिफ्ट मांगी। पीड़ित युवक ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन पर पहले से ही सवार चार अज्ञात बदमाशों ने करीब 500 मी आगे जाने पर उसकी कनपटी पर तमंचा रख दिया। तथा उसके पास से करीब 24000 की नगदी तथा एटीएम कार्ड लूट लिया। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने पीड़ित बैंक कर्मी को कार से उतार दिया तथा वहां से रफू चक्कर हो गए। सरेआम हाईवे पर हुई लूट की वारदात के बाद स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई तो देर शाम तक पुलिस घटना के खुलासे के बाबत ताबड़तोड़ छापेमारी कर पसीना बहाती रही। हालांकि शाम तक पुलिस के हाथ खाली ही है जबकि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जल्द ही लूट की घटना के खुलासे तथा वारदात में शामिल शातिर अपराधियों के गिरफ्त में होने का दावा किया गया।

दलबदल ने गठबंधन उम्मीदवार के सामने खड़ी की चुनौती, नाराज़गी सार्वजनिक होने से फैला असमंजस

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। गठबंधन में सीट जाने से समाजवादी पार्टी के भीतर उपजी नाराजगी अब झलकने भी लगी है। पूर्व सांसद स्व कमला रावत के पुत्र ने पत्नी के साथ भाजपा का दामन थाम कर इसका प्रमाण भी दे दिया। यही नही जल्द ही और चेहरों के भी सपा को टाटा करने की चर्चा जोरों पर है। ऐन वक्त पर सीट गठबंधन को सौंपने का फैसला सपा के दावेदार पचा नही पा रहे। हालिया दलबदल कुछ ऐसी ही कहानी कह रहा है। बता दें कि कई बार सांसद रहे मिलनसार स्व कमला प्रसाद रावत की पुत्रवधू लवली रावत चुनाव के काफी पहले से टिकट की दावेदारी बताते हुए मैदान में हाजिर हो चुकी थीं। इस काम मे उनका साथ पति वेद रावत भी पूरा समय देकर कर रहे थे। लवली रावत को बड़ी उम्मीद थी कि सपा उन्हें बतौर प्रत्याशी उतारेगी, हालांकि गौतम रावत के अलावा अन्य कई दावेदार भी लाइन में लगे थे। इसी बीच जब चुनाव करीब आया और दावेदारों की धड़कनें तेज हो गई तभी सपा नेतृत्व का फैसला दावेदारों के होश उड़ा गया। उनके चुनाव लड़ने के सपने

चकनाचूर हो गए। पता चला कि सपा नेतृत्व ने समाजवाद का गढ़ कही जाने वाली बाराबंकी सीट गठबंधन धर्म के नाते कांग्रेस से दावेदार को दे दी। जिस दल के उम्मीदवार के हाथ सिर्फ संघर्ष ही अब तक आया है। राजनीति में मजबूत पैठ बना चुके गठबंधन प्रत्याशी अब तक कोई चुनाव नही जीत सके। एक बार फिर वह कांग्रेस सपा गठबंधन व बदले समीकरण से आस जुटाकर चुनाव मैदान में है। वह मेहनत जमकर कर रहे और सबको दौड़ा भी रखा है पर सहयोगी दल के भीतर पसरी नाराजगी दूर करने में उन्हें सफलता नही मिल सकी। यह असफलता उनकी राह में बाधा बन सकती है क्योंकि ऊपर से जाने वाला नाराजगी का संदेश जमीनी स्तर पर पहुंचने में देर नही करता। कांग्रेस, बसपा के बाद सपा में रहकर राजनीति कर चुके पूर्व सांसद की पुत्रवधू ने ऐन चुनाव के वक़्त पाला बदलकर स्वाद कषैला कर दिया है। सपा के भीतर इस दलबदल को लेकर काफी चर्चा का माहौल है।

सांड से टकरा बाइकसवार की मौत

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र में सांड से टकरा एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। थाना क्षेत्र के गांव गौहनिया सलोनी निवासी बसंत लाल दर्शन के लिए बालाजी जा रहे थे। गांव का ही चंद्रशेखर प्रजापति (22) पुत्र करमराज उनको ट्रेन पर बिठाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से छोड़ने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन गया था। वापस लौटते समय खैपुर सरियावां चौराहे के निकट अचानक एक सांड सामने आ गया और बाइक टकरा गई। हादसे में सड़क पर गिरने के चलते चंद्रशेखर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चाचा सुनील कुमार ने बताया कि जानकारी के बाद चंद्रशेखर को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन के मेमो पर नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़, एक शातिर गिरफ्तार दूसरे की तलाश

अवधनामा संवाददाता

देवा बाराबंकी। थाना देवा पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया है। टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से कुल 16 निर्मित, 05 अर्द्ध निर्मित शस्त्र, कारतूस एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि थाना देवा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त कालिका प्रसाद पुत्र वसन्त लाल बढई निवासी ग्राम कोहना थाना सदर जनपद लखीमपुर खीरी को टीपहार के जंगल से गिरफ्तार कर कब्जे से 10 तमंचा 12 बोर, 06 315 बोर तमंचा, 05 अर्द्धनिर्मित, 03 जिन्दा व 03 खोखा कारतूस, शस्त्र बनाने के उपकरण, 02 टार्च, एक साइकिल एवं 500 रुपये नकद बरामद किये गये। अभियुक्त के विरूद्ध थाना देवा पर शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया

गया। पूछताछ करने पर प्रकाश में आया कि अभियुक्त कालिका अपने अन्य साथी जय सिंह पुत्र स्व0 मनोहर लाल निवासी मोतीराम पुरवा थाना देवा के साथ मिलकर काफी दिनों से अवैध असलहा बनाकर मांग के अनुसार बेचने का कार्य करता है। अभियुक्तगण को जनपद खीरी, सीतापुर, बाराबंकी आदि अन्य जनपदों में अगर कोई असलहा बनाने के लिए बुलाता है तो ये लोग किसी सूनसान जगह पर रात्रि में असलहा बनाने का कार्य करते हैं। अभियुक्तगण लोहे की दुकानों से जैसे तवा, मोटी चादर, साइकिल की दुकान से साइकिल की पहिया की तीली, मडगार्ड की तीली, हार्डवेयर की दुकान से स्क्रू, पेंच, लोहे की पाइप, लकड़ी तथा मोटर साइकिल पार्ट्स की दुकान से स्प्रिंग, पहिये वाली तीली आदि अन्य सामान खरीद कर अवैध शस्त्र बनाते है। अभियुक्तगण नया असलहा बनाने का ढाई से तीन हजार रुपये लेते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त कालिका प्रसाद यहां पर अपने साथी जयसिंह के कहने पर असलहा बनाने के लिए आया था। अभियुक्तगण खराब असलहों की मरम्मत का भी कार्य करते हैं। असलहा बनाने में जय सिंह सहयोग करता है।

एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन 31 मार्च को

अयोध्या। बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन 31 मार्च को हैदरगंज बाजार के एक मैरिज लान में दिन के 11ः00 बजे आहूत किया गया है सम्मेलन की जानकारी देते हुए बहुजन समाज पार्टी गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रविंद्र कुमार भारती ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल पूर्व सांसद लोकसभा एवं राज्यसभा घनश्याम चंद्र खरवार बहुजन समाज पार्टी अयोध्या मंडल के प्रभारी दिलीप कुमार विमल महेंद्र प्रताप आनंद रवि प्रकाश मौर्य बलराम निषाद एवम अंबेडकर नगर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रत्याशी मोहम्मद कलाम साह सहित जिला एवं विधानसभा कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, घटना संदिग्ध

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव शुक्रवार सुबह घर में साड़ी से बने फंदे से लटकता मिला। खबर फैलते ही परिजन व ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री की हत्या कर शव लटकाया गया है। पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जानकारी के अनुसार यह घटना कोठी थाना क्षेत्र की है। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मूर्तिहा गांव निवासी कल्लू रावत ने बताया कि उसने अपनी पुत्री श्रीकांती रावत उम्र 21 वर्षीय का विवाह पिछले वर्ष कोठी थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव निवासी मनोज कुमार रावत के साथ किया था। उस समय से दोनों के मध्य सब ठीक चल रहा था। कुछ दिन बाद विवाद की स्थिति अक्सर उत्पन्न होने लगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह पुत्री के मौत की सूचना दी गई। उनके यहां पहुंचने पर उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे में लगे हुक से साड़ी के फंदे से लटक रहा था। घर वाले दिखावे में चीख पुकार मचाए हुए थे। इसकी सूचना पर पुलिस को दी गई। उन्होंने पुत्री की हत्या कर से लटकाने की आशंका पर शिकायत पुलिस से की है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि विवाहिता की मौत की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

दिवंगत शिक्षक के परिजनों की आर्थिक मदद

बाराबंकी। बनीकोडर विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय बनपुरवा में कार्यरत रहे दिवंगत सहायक अध्यापक राजेश कुमार के परिजनों को टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने 53 लाख 18 हजार रुपए की आर्थिक मदद की। धनराशि शिक्षक स्व. राजेश कुमार की पत्नी मीना देवी के खाते में भेजी गई।

दस्तक अभियान में लापरवाही पर होगी कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। विशेष संचारी रोग नियन्त्रण दस्तक अभियान अप्रैल माह के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी अनुनय झा की

अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक कैंप कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें 1अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा सभी नोडल अधिकारी, एमओआईसी से चर्चा की और निर्देशित किया कि इस अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं उनके द्वारा अभियान के बीच में औचक निरीक्षण में शिथिलता/लापरवाही पाये जाने पर संबंधित नोडल अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, समस्त ईओ, डीपीआरओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी व मलेरिया अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी वार्डों, गांवों व विद्यालयों में झाड़ियों की कटाई, फागिंग व दवाओं का छिड़काव और साफ सफाई को सुनिश्चित करें। जेई/एईएस के तहत संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर साफ-सफाई व टीकाकरण सहित अन्य आवश्यक कदम उठाने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नीना वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद व डॉ राकेश कुमार, डीआईओएस अमरनाथ राय, डीपीओ दुर्गेश कुमार अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमने वालों से वन विभाग ने तेईस हजार जुर्माना वसूला

महराजगंज। सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के उत्तरी चौक रेंज के सेखुई बीट में अनावश्यक घूमना उस समय पड़ गया। जब वन विभाग की टीम ने चार लोगों को पकड़ वन अधिनियम के तहत कार्यवाई कर तेईस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। विभाग ने तेईस हजार रुपये का जुर्माना ले, आरोपियों को कड़ी हिदायत देते हुए छोड़ दिया। उत्तरी चौक वनक्षेत्राधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 24 मार्च को आरोपी जंगल में प्रतिबंधित क्षेत्र में अनावश्यक रूप से बाइक लेकर घूम रहे थे। जिसे वन विभाग की टीम ने पकड़ पूछताछ शुरू किया तो उन लोगों ने कुछ नही बताया। बाइक व आरोपियों को रेंज लाया गया। जहां विधिक कार्यवाई करते हुए वृहस्पतिवार को तेईस हजार रुपये का जुर्माना लिया गया। मिठौरा क्षेत्र के वनग्राम कम्पार्ट 24 निवासी मनोहर से 8000 हजार रुपये व करन, रोहित व दीपू निवासी हनुमानगढ़िया टोला कुशुमहवा थाना नौतनवा से 15000 रुपये जुर्माना लगाया गया था। चारों आरोपियों से कुल 23000 हज़ार रुपये जुर्माना लेकर छोड़ दिया गया।

लवली रावत समेत कई चेहरे भाजपा में आये, हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। पूर्व सांसद स्व कमला रावत की पुत्रवधू ने भाजपा का दामन थाम लिया। उनके अलावा अन्य कई चेहरों ने भाजपा का हाथ थामे है। लखनऊ में शामिल होने के बाद इन सभी का जिला कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा से वेद प्रकाश रावत, लवली रावत, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह, बसपा से रामकिशोर शुक्ला एवम कांग्रेस से सत्य प्रकाश वर्मा शामिल हैं। सभी को प्रदेश कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण कराई। उधर भाजपा जिला कार्यालय पर पहली बार पहुंचे सभी नेताओं का भाजपा जिला कार्यालय पर पटका और पुष्प गुच्छ देकर भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी के भाजपा का दामन थामने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और कुनबा बढ़ने से विपक्षियों के हौसले पस्त हो रहे हैं। इस अवसर पर एमएलसी अंगद सिंह, डॉक्टर राम कुमारी मौर्य, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, विजय आनंद बाजपेई, विष्णु प्रभाकर वर्मा मौजूद रहे।

आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त ने दी समाजसेवी के परिजनों को सांत्वना

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले के विधान सभा क्षेत्र आलापुर के विकास खंड रामनगर के ग्राम सभा गोहनारपुर निवासी एवं पेट्रोल पंप व्यवसायी, मिलनसार, व्यक्तित्व के धनी, मृदुभाषी, समाजसेवी तथा बहुत ही पुराने मिशनरी साथी श्री राजेश कुमार गौतम उर्फ पप्पू का आज निधन हो गया था।

चहोड़ा घाट पर अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व सांसद/आलापुर के विधायक त्रिभुवन दत्त जी शामिल हुए। उसके बाद विधायक माननीय त्रिभुवन दत्त जी ग्राम सैदपुर रसीदपुर में श्रीचंद्र गौड़ के असमय निधन एवं ग्राम सभा गदनपुर में श्री राममहेश गौतम के युवा पुत्र अमन गौतम (17 वर्ष) के असमय निधन पर शोक संवेदना प्रकट की तथा ग्राम सभा पिपरा (निरखापुर)में निवासी श्री रामशंकर विश्वकर्मा के घर में बीते दिनों आग लग गई थी उनके घर पहुंचकर सांत्वना दी एवं ग्राम सभा पिपरा(भदया)में पुराने साथी श्री बाबूराम यादव के आवास पर पहुंचकर हाल जाना तथा ग्राम सभा धनुकारा में सफाईकर्मी सत्य प्रकाश यादव का विगत दिनों सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया एवं बिडहर चौराहा व नरियांव (बावली चौक)पर संजय शर्मा के दुकान पर कार्यकर्ता साथियों से मुलाकात की।

तत्पश्चात विधायक माननीय त्रिभुवन दत्त जी विकास खंड जहाँगीरगंज के ग्राम सभा सोल्हवा में श्री राजेश यादव खन्ना के पत्नी के असमय निधन पर शोक संवेदना प्रकट की।इस दौरान सदस्य जिला पंचायत अजीत कुमार यादव,सपा नेता संजय शर्मा,अजय गौतम एडवोकेट,प्रधान सुभाष यादव,कृष्ण कुमार पाण्डेय,शिवकरन यादव,मायाराम गौतम,सूर्यदेव यादव,प्रधान सतीश यादव,राजकुमार यादव,प्रधान शैलेन्द्र कन्नौजिया,बांकेलाल गौतम,बृजेश यादव,अखिलेश यादव पपलू,जयप्रकाश यादव,रामानंद गौतम,संजय जायसवाल,उमाकांत यादव,सुरेन्द्र गौतम,रामजीत निषाद,राम स्वारथ,अंबिका गौंड,नुरुल हुदा,रामराज गौतम,रामप्रसाद यादव,विजय मांझी,कंतराज चौरसिया,सुभाष मांझी,राजेश यादव,लाल बहादुर विश्वकर्मा,रोशनलाल गौतम,फूलचंद गौतम,अवधेश यादव बाबा,रामनाथ गौतम,राजपति गौतम,रामचरन गौतम,रामअजोर गौतम,अन्नू कन्नौजिया,रामआशीष गौतम आदि मौजूद रहें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता पहचान पत्र वितरण को लेकर डाकघर के अधिकारियों तथा सभी उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों से अब तक वितरित किए गए मतदाता पहचान पत्र के संबंध में जानकारी ली गई जिस पर बताया गया कि अब तक 97895 मतदाता पहचान पत्र वितरण हेतु तहसीलों द्वारा पोस्ट ऑफिस को उपलब्ध कराए गए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता पहचान पत्र वितरण को लेकर जनपद के सभी पोस्टमैन के साथ बैठक कर लें एवं उन्हें शत प्रतिशत ईपिक वितरण करने हेतु निर्देशित कर दें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव से संबंधित मामला है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट की डिलीवरी हेतु एक अलग से पोस्टमैन को नामित करने के निर्देश दिए जो प्रतिदिन प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट को निर्धारित स्थान व समय पर उपलब्ध कराएं।

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कान्हा भवन से निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत कपिलवस्तु के बुद्ध नगर वार्ड में स्थित निवर्तमान ग्राम प्रधान श्रीमती विनीता यादव पत्नी ओम प्रकाश यादव के कान्हा भवन पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में सदर विधायक श्याम धनी राही सहित भारी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। कलश यात्रा कान्हा भवन से निकाली गई जो श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर,काली मंदिर,दुर्गा मंदिर,हनुमान मंदिर गाजे बाजे के नाथ नगर का भ्रमण करते हुए मोहाना नदी के तट पर कलश में जल भरने हेतु गई। इस दौरान कलश यात्रा में लोगो भक्ति के रस में सराबोर दिखे,सभी भक्ति गीत पर थिरकने लगे।राधे राधे के जय घोष से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश यादव ने बताया कि सात दिनों तक अयोध्या धाम से आए हुए विद्वान

कलश यात्रा में सदर विधायक श्याम धनी राही सहित भारी संख्या में शामिल हुए नगरवासी

कथा व्यास आचार्य शिव भूषण मिश्र द्वारा प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक व्यास मंच से प्रवचन किया जाएगा। उन्होंने सभी नगर सहित आस पास क्षेत्र के सभी लोगो से कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील किया है।कलश यात्रा में सदर विधायक श्याम धनी राही के अलावा मुख्य यजमान श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी पूर्व विधायक स्वर्गीय राम रेखा यादव, ओम प्रकाश यादव,विनीता यादव, सरिता यादव,राजेश्वरी यादव,विजय कुमारी यादव, रेखा चौरसिया, सुमन चौरसिया,सुनीता मोदनवाल,राम प्रसाद, वेद प्रकाश यादव,सुमित यादव,हर्ष यादव,आकाश मोदनवाल, नितेश पांडेय,बृजेश सिंह, अखिलेश जायसवाल,रवि वर्मा, सत्य प्रकाश मद्धेशिया,अर्जुन मद्धेशिया, राम गोपाल,बलराज,शाश्वत मिश्र, गिरधारी लाल,राम सिंह,अनिल कुमार उमर वैश्य,कंचन,दीपक चौरसिया, दीपक तिवारी,राज कुमार, हिमांशु यादव, रवि,सचिन उपाध्याय, पिंटू उमर सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

डीएम व एसपी ने जनपद में भ्रमणशील रहकर सकुशल सम्पन्न कराया जुमे की नमाज़

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा जुमें की नमाज के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल के साथ शुक्रवार को भ्रमण कर जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा थाना डुमरियागंज क्षेत्र अन्तर्गत जामा मस्जिद पर कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच नमाज सकुशल सम्पन्न करायी गई। नमाज सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त धर्मगुरुओं से वार्ता कर शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखने तथा अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया। इस दौरान जनपद के समस्त प्रशासनिक/पुलिस के अधि0/कर्म0 गण द्वारा जनपद के भिन्न-भिन्न थानाक्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर जुमें की नमाज को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराया। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रत्येक थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त जनपदीय सोशल मीडिया सेल द्वारा सामाजिक सद्भावना बिगाड़ने वाले आसमाजिक तत्वो की सतत् निगरानी की जा रही है।

कृष्ण जन्म की कथा का श्रवण कराया

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के हटवा में चल रहे नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ व कथा के पांचवें दिन बृहस्पतिवार की शाम कथा वाचक चंद्र मणि जी महराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के कथा का रसापान कराया। राष्ट्रीय टीम योगी महासंघ के तत्वाधान में आयोजित रूद्र महायज्ञ में पंहुचे लोक जांच शिकायत के वाइस चेयरमैन समाज कल्यांण विभाग बोर्ड के अध्यक्ष अशोक कुमार ने आरती कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अशोक कुमार ने कहा कि क्षेत्र में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनमानस में सनातन संस्कृति के प्रति उत्साह बढ़ता है। सभी सनातनी लोगों में एकजुटता का प्रमुख माध्यम है, इसकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान साध्वी काजल किन्नर, हजारी अग्रहरी, अनुराग श्रीवास्तव, आचार्य धर्मेंद्र, जितेंद्र नाथ योगी, चंद्रभान चौधरी, विशाल उपाध्याय, अजय, ईश्वर दान, कैलाश, सुनील आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु शांति और समृद्धि की कामना

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत पहले दिन बानगंगा नदी (बैराज) से जल भरकर कलश यात्रा की शुरुआत हुई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु शांति और समृद्धि की कामना को लेकर विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत बनचौरा गांव में श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत कलश यात्रा से की गई।

कलश यात्रा बानगंगा नदी से जल भरकर शुरुआत हुई। यह कलश यात्रा बानगंगा नदी से शुरू होकर गनेशपुर, कोटिया बाजार से होते हुए बनचौरा गांव कथा स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा में दिनेश यादव, रमेश यादव, चुनमुन चौधरी, विक्कू चौधरी, जीतराम चौधरी, पवन कुमार यादव, बिंद्रेश यादव, प्रर्मिला यादव, अमरावती यादव, मनभावती, वंदना, रीना, नीलू, संजू, नीतू, रेशमा, श्यामकाली, शकुंतला, मीना, संजना आदि पुरुष, महिलाएं और बच्चे धार्मिक गीत और डीजे और बैंड बाजा की धुन पर भक्त थिरकते रहे।

इस दौरान गांव की सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। 29 मार्च से 6 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से शुरु होकर रात दस बजे तक श्रद्धालुओं के लिए कथा होगी। कार्यक्रम आयोजक दिनेश यादव ने कहा कि यह आयोजन गांव व जिले की सुख,शांति और समृद्धि की कामना के लिए आयोजित की जा रही है। सभी क्षेत्र के समस्त ग्राम वासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।अंत में कथा वाचक पंडित कन्हैया प्रसाद ने सभी को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया।

डीएम व एसपी ने मतदान केन्द्रो का किया निरीक्षण

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना डुमरियागंज क्षेत्रान्तर्गत पीपूल्स इण्टर कालेज डुमरियागंज का भ्रमण/निरीक्षण कर विद्यालय प्रबंधन/ प्रधानाचार्य से वार्ता कर मानक के अनुरूप आवश्यक साधन/ संसाधनों, मूलभूत व्यवस्थाओं की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज अखिलेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने थामा आईएमआईएम का दामन

इटावा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। पूर्व विधानसभा प्रत्यशी इटवा जनाब करम हुसैन साहब ने शनिवार को अपने दर्जनों साथियों व कार्यकर्ताओं के साथ आम आदमी पार्टी को छोड़कर एआईएमआईएम का दामन थाम लिया। एआईएमआईएम जिला अध्यक्ष जनाब अज़ीमुश्शान फ़ारूक़ी साहब से मिलकर पार्टी का दामन थामा तथा पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचने का वादा किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एआईएमआईएम परिवार में आपका और आपके साथियों का इस्तेकबाल है, और भरोसा है कि आपके शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। आप पार्टी की विचारधारा को आम जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

सपा छात्र सभा का जिला उपाध्यक्ष बने शाहरुख

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा द्वारा बांसी तहसील क्षेत्र मरवटीया बाजार निवासी शाहरुख खान को समाजवादी छात्रसभा जिलाउपाध्यक्ष मनोनीत किया है। शाहरुख खान को जिलाउपाध्यक्ष मनोनीत होने वाले शाहरुख खान ने कहा कि पूरी ईमानदारी और निष्ठा से समाजवादी पार्टी के लिए काम करूंगा, समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। जिलाउपाध्यक्ष बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडेय,सपा छात्रसभा जिलाध्यक्ष विष्णु उमर, पूर्व प्रत्याशी मोनू दुवे, सपा नेता जमील सिद्दीकी, तुफैल अहमद, मोहम्मद ईदरीश पटवारी, चमन आरा, अनीता दिवेदी समेत सपा तमाम कार्यकर्ताओ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा, डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रसूता कक्षा दवा वितरण कक्ष एवं अन्य का निरीक्षण किया गया। दवा वितरण कक्ष में दवा स्टॉक रजिस्टर एवं दवा वितरण रजिस्टर ना दिखाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास संचालित मेडिकल स्टोर एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों का निरीक्षण करने हेतु उप जिलाधिकारी डुमरियागंज एवं ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिया गया। मेडिकल स्टोर एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित एवं अन्य संबंधित अधिकारी का उपस्थित थे।

रामशंकर बने समाजवादी छात्रसभा शोहरतगढ़ विधानसभा का अध्यक्ष

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा द्वारा शोहरतगढ़ अटल नगर (छतहरा) निवासी रामशंकर उर्फ मोनू शर्मा को समाजवादी छात्रसभा शोहरतगढ़ विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। शोहरतगढ़ विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत होने वाले रामशंकर उर्फ मोनू शर्मा ने कहा कि पूरी ईमानदारी और निष्ठा से समाजवादी पार्टी के लिए काम करूंगा,समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। शोहरतगढ़ विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव,पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडेय, सपा छात्रसभा जिलाध्यक्ष विष्णु उमर,पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह, सपा नेता जमील सिद्दीकी, वकार मोइज खान,रामू यादव, डब्लू सिंह,गुड्डू सिंह,रिजवान अहमद,बलराम चौरसिया,हरिनारायण यादव, राम अवतार यादव,अजय चौरसिया समेत सपा के तमाम कार्यकर्ताओ ने प्रसन्नता व्यक्त की।

एसपी ने रिज़र्व पुलिस लाईन का किया निरीक्षण

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन का आकस्मिक निरिक्षण के दौरान पुलिस लाइन के गेट, महिला बैरक, पुरुष बैरक,कैन्टीन, परेड ग्राउण्ड व लाइन के समस्त परिसर का भ्रमण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

किशोरी के गायब होने पर पीड़ित पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

उरई (जालौन)। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली में रहने वाली 17 वर्षीया नाबालिक पुत्री के गायब होने पर पीड़ित पिता के द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है, पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। उक्त गांव के निवासी पीड़ित पिता ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि वादी के घर के सभी लोग रात में सो रहे थे। इसी दौरान वादी की 17 वर्षीया पुत्री अचानक घर से गायब हो गई। गायब पुत्री अपने साथ मार्कशीट्स, आधार कार्ड कागजात तथा 15 सौ रुपए नगद ले गई है। सुबह पुत्री के गायब होने पर जब पता चला तो सभी लोग खोजबीन करने में जुट गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 363 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

बीएलओ व सुपरवाइज़र सहित लोकसभा की तैयारियो को लेकर की डीएम ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सदरपुर टांडा अंबेडकर नगर के ऑडिटोरियम हाल में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र टांडा के बीएलओ/ सुपरवाइजर एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ /सुपरवाइजर एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तैयारियो के बारे में पूछा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान दिनांक से पूर्व घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने हेतु बीएलओ/सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान समस्त बीएलओ को अवगत कराया गया कि 26 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 प्राप्त किया जा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ /सुपरवाइजर तथा समस्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों का अक्षरस पालन सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए अन्यथा की दशा में कड़ी से कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी। *जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो आडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओ ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

अवधनामा संवाददाता

आलापुर (अंबेडकर नगर)। विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह मंडल राजेसुल्तानपुर शक्ति केंद्र तियाईतपुर बूथ संख्या 347 पर राहुल सिंह के नेतृत्व में किया गया। मालूम हो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक त्रिवेणीराम पूर्व विधायक श्रीमती अनीता कमल अवधेश कमल पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण भगवान मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री अभय सिंह मोनू, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र प्रताप, कन्हैया सिंह, मोनू मोदनवाल,वीरेंद्र सिंह, गुड्डु सिंह, संदीप सिंह, कमलेश सोनकर, मुसाफिर सोनकर, मुन्ना सिंह, मलखान सिंह, गंगा मिश्रा, संतोष दुबे, विवेक सिंह, संतोष सिंह, मगन सिंह, गुड्डु उपाध्याय, प्रेम नारायण उपाध्याय, चंद्रभूषण उपाध्याय, कर्मदेव तिवारी, अमित उपाध्याय, कैलाश उपाध्याय विकास उपाध्याय, छोटू उपाध्याय रानू सिंह, दुर्गा सिंह,दीपक सिंह राजेंद्र सिंह,बृजेश सिंह,मनोज सिंह,पत्रकार राजकुमार मौर्य, गोलू सिंह चंदन सिंह राजेंद्र सिंह पप्पू बलवंत सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

नव संवतसर कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। भारतीय नववर्ष पर परंपरागत कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी तेज हो गई है। नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल एवं महामंत्री दिनेश नारायण सिंह के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी टांडा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। समिति के महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने बताया कि पिंगल नामक विक्रमी संवत 2081 के प्रथम दिवस पर 9 अप्रैल को सायं 5:30 से श्री हनुमानगढ़ी मंदिर के निकट संयोजक पंडित राकेश मिश्रा, बजरंगी लाल सोनी, अनिरुद्ध कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार साहू, राकेश कुमार कन्नौजिया के नेतृत्व में मां सरयू का पूजन दुग्धाभिषेक पूरे विधि विधान से किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के पावन जन्मदिवस रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को सायं 5:30 बजे से अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल, सरदार त्रिलोक सिंह, महामंत्री दिनेश नारायण सिंह , दीपक केडिया आदि के नेतृत्व में बाल स्वरूप की भव्य शोभायात्रा श्री रामलीला रंगमंच चौक से निकलेगी। शोभा यात्रा श्री गुरु द्वारा सिंह सभा ,श्री झारखंड महादेव मंदिर छज्जापुर , श्री नवदुर्गा मंदिर फत्तू पट्टी , आदर्श जनता इंटर कॉलेज चौराहा, मीरापुर, श्री नागेश्वर नाथ मंदिर चौक होकर मीरानपुरा,भारतीय स्टेट बैंक तिराहा, उदासीन आश्रम ,सब्जी मंडी ,कपड़ा मंडी एवं श्री मठिया माता मंदिर के सम्मुख होते हुए परंपरागत यात्रा पूरी करके चौक पहुंचेगी। चौक में पुलिस बूथ के सम्मुख अनिरुद्ध कुमार अग्रवाल, आकाश शाह, काशीनाथ मिश्र ,संतोष कुमार अग्रवाल के संयोजक तत्व में विशाल हवन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा इसके पश्चात प्रसाद वितरण के साथ ही नव संवत्सर के स्वागत में आयोजित होने वाले समारोह का समापन होगा।

परिषदीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोहा

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भनवापुर विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हथपरा में गुरुवार की शाम को वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोहन लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्रा मौजूद रहे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में अपार प्रतिभाएं हैं ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं खत्म हो चुकी है। बच्चों को परीक्षा फल मिलने के बाद वह आगे पदोन्नति कक्षा में प्रवेश लेंगे। परिषदीय विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बच्चे बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को उन्होंने बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इसके बाद सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

वही विद्यालय की बालिकाएं खुशबू, आकांक्षा, अर्चना, पुष्पा, काजल, सीमा, मनीषा आदि ने आयो रे शुभ दिन आयो रे गीत व देशभक्ति कव्वाली प्रस्तुत किया। इसके अलावा आरंभ है प्रचंड है डांस बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में ग्रुप डांस गीत आदि भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान तफसीर अली, प्रधानाध्यापक अवधेश भारती, राम प्रकाश मिश्रा, अरुण कुमार चतुर्वेदी, दुर्गेश मिश्रा, राकेश पांडे, आबिद रिजवी, रामकृपाल पासवान, आशीष भारती, मारुति कुमार पांडे, विष्णु कांत दुबे, लाल बहादुर विश्वकर्मा, अनिल गौड़, उमाकांत गुप्ता, यमुना पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

मोदी का 400 का लक्ष्य

एनडीए की ओर से मोदी ने घोषणा की है कि इस चुनाव में एनडीए की ओर से 400 सीटे पाना है। उत्तर भारत में तो भाजपा मजबूत है पर दक्षिण में 400 सीट पाने के लिये उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी अब नतीजा आयेगा तो पता चलेगा भाजपा का लक्ष्य कितना पूरा होता है। चुनाव की घोषणा होने के पहले मोदी अपना लक्ष्य पूरा करने के लिये 97 में दिनों में 23 दिन दक्षिण में बिताये है। मोदी जानते है बिना मेहनत के कुछ नहीं होता। वे कड़ी मेहनत करते है दूरदर्शी कदम उठाते है। दक्षिण में लोक सभा की कुल 130 सीटे है। इसमें मोदी को मजबूत सेध लगानी होगी। इसी के तहत उन्होंने तामिलनाडु में डा. एस. रामदास के नेतृत्व वाली पार्टी पीएमएल के साथ सीटो का समझौता किया है। पीएमएल को तवज्जों मोदी ने इसलिये दिया है कि यहां बलियार समुदाय में पीएमएल का अच्छा प्रभाव है। जय ललिता एआईएडीएम की मुख्यमंत्री रही है उनका खासा प्रभाव रहा है पर उनकी मृत्यु के बाद डीएमके का प्रदेश में राजनीतिक प्रभाव काफी बढ़ गया है। यह तथ्य उसके प्रभाव के विस्तार का गवाही देता है कि 2019 के आम चुनाव में डीएमके नेतृत्व वाली प्रोग्रेसिव एलायंस को 39 में से 38 सीटे मिली थी। भाजपा ने पांच सीटो पर उम्मीदवार खड़े किये थे कोई भी सफल नहीं हो सका था। तामिल, केरल और अन्ध्रप्रदेश में भाजपा को कोई सीट नहीं मिली थी।

दक्षिण भारत की 130 सीटो में भाजपा को 29 सीट मिली थी। इस रेशियों से भाजपा कैसे 400 का लक्ष्य प्राप्त करेगी। कर्नाटक की 28 में से 25 और तेलंगाना से 4 सीटें मिली थी मौजूदा समय में दक्षिण भारत में भाजपा कही भी सत्ता में नहीं है। कर्नाटक में पिछले साथ विधानसभा चुनाव हुआ था जिसमें कांग्रेस ने भाजपा को हराकर जीत हासिल की थी। यहां कांग्रेस का हौसला बढ़ा हुआ है पिछला नतीजा कांग्रेस दोहराने की आतुर है। हालाकि कांग्रेस इस समय बुरे दौर से गुजर रही है। भाजपा के लिये अवसर हो सकता है। मोदी समझ रहे है। यह भी समझते है दक्षिण भारत में क्षेत्रीय पार्टियों और कांग्रेस बेहतर स्थिति में है। पर मोदी जी इसकी भरपाई भारत के अन्य हिस्से करने के लिये जी तोड़ मेहनत कर रहे है। अपने कार्यकर्ताओं को समझा रहे है। हर गांव को अपने कार्यकर्ताओं से जोड़ दिया है। कार्यकर्ता हर स्तर पर हर स्तर के कारकर्ताओं को क्या करना है समझा दिया गया है।

दक्षिण भारत में भाजपा अपने विस्तार के लिये जोर शोर से लगी हुई है। दक्षिण में अपने विस्तार के लिये ही रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के पहले दक्षिण भारत के मन्दिरों और तीर्थ स्थलों का जो रामायण से जुड़े हुये है उन स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना की है। पूरा वातावरण धर्ममय बना दिया है। दक्षिण भारत के लोग यो भी धार्मिक है। रामलला प्राणप्रतिष्ठा के समय से दक्षिण भारतियों को विशेष तवज्जों देते भी देखा गया था। उनमें दूर दृष्टि के साथ पक्का इरादा भी है। मोदी में इतना आत्मविश्वास है उनको अपने द्वारा किये जा रहे कामों के प्रभाव से और जनता द्वारा मिल रहे रिसयान्स से इनकम्बोन्सी के बारे में कभी कभी सेचते भी नहीं है। यही हाल उनके सहयोगियो के बारे में कभी सोचते भी नही है। यही हाल उनके सहयोगियों और मन्त्रियों का है। योगी जहां से दिल्ली की राह निकलती है दहाड़ रहे है। विपक्ष जितना भी दिखावा करें। सकते में है। मोदी का 400 पार जनता और देश को नया आयाम देगा।

चुनाव में चकल्लस सर्जाते हैं...

वर्षा का मौसम आए तो दादर न टर्राए? ठीक ऐसे ही कतिपय प्रत्याशी भी ऐन चुनाव के वक्त ही उपजते हैं। गंभीर और कड़वाहटभरी राजनीति में मधु-हास्य का पुट डालते हैं। ठीक ऐसी ही खबर आई है तमिलनाडु के शहर मेट्टूर से जो कावेरी नदी पर बांध के लिए मशहूर है। यहां की पहाड़ियां और खाइयाँ भी अपना महत्व रखती हैं। मेट्टूर में टायर मरम्मत करने वाले मैकेनिक के. पद्मराजन ने 239वीं दफा लोकसभा के लिए नामांकन दायर किया है। वह 238 बार हार चुके हैं, जमानत गवां चुके हैं। यह 65-वर्षीय कारीगर अपने को भारतीय निर्वाचन का बादशाह कहता है। विश्व का महानत्तम चुनाव हारने वाला बताने में गर्व महसूस करता है। हाल ही में तेलंगाना के गजेवल क्षेत्र से पंचायत का भी चुनाव लड़ा था। अब 18वीं लोकसभा का उम्मीदवार है। पद्मराजन की विशिष्ट पहचान यही है कि वह नरेंद्र मोदी, मनमोहन सिंह और अटल बिहारी वाजपेई के खिलाफ चुनाव लड़ा था। स्वयं को होम्योपैथ डॉक्टर बताने वाला यह मैकेनिक दावा करता है कि इन सवा दो सौ मतदानों में वह एक करोड रुपए खर्च कर चुका है। पिछली बार (2019) वह वायनाड (केरल) से राहुल गांधी के विरुद्ध उम्मीदवार था। पद्मराजन ने अपनी संपत्ति में दिखाई कि उसके पास चौंतीस ग्राम सोना है, ऊंचास हजार रुपए नगद हैं, एक दुपहिया है। वह 17 विधानसभा और छः राष्ट्रपति निर्वाचन में भी नामांकन दाखिल कर चुका है। अतः लिम्का के विश्व रिकॉर्ड में जगह पा चुका है। उनका कहना है कि वह यह साबित करना चाहते हैं कि कोई भी आम आदमी चुनाव लड़ सकता है। कंधे पर चमकीला शॉल और मोटी मूंछों वाले श्री पद्मराजन ने कहा, ÷सभी उम्मीदवार जीत हासिल करना चाहते हैं। लेकिन मैं नहीं।÷ उनके लिए असली जीत चुनाव में हिस्सा लेने में है, और जब उन्हें उनकी हार का पता चल जाता है, तो वह हारकर भी खुश होते हैं। पद्मराजन बोला 2011 में तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव में 6273 मत मिले थे। अपनी संपत्ति के बारे में उनका कहना है कि एक लाख रुपए के मालिक हैं। एक दुपहिया है। दर्जा 8 तक पढ़े हैं। अधुना वे अन्नामलाई विश्वविद्यालय से आधुनिक इतिहास में एम ए कर रहे हैं। मैं जीतने के लिए नहीं वरन भागीदारी हेतु लड़ता हूं। पद्मराजन राष्ट्र के सर्वाधिक असफल उम्मीदवार हैं। उनका पता है 23ए पद्मनिवास बिल्डिंग, रमण नगर, धरमपुरी जिला सेलम (तमिलनाडु)।

के. विक्रम राव

पिता का नाम कुंचन्वु नायर हैं। भारतीय लोकसभा के 18वें आम चुनाव में कई ऐसे प्रत्याशी आए जिन्होंने नीरस वोटिंग में हास्य का पुट डाला। इनमें से कई लोगों का दावा है कि सब जाट अग्रणी किसान नेता चौधरी चरण सिंह के पद्चिन्हों पर चलते हैं। भारत के प्रधानमंत्री पद पर चरण सिंह केवल 23 दिन रहे। कार्यवाहक के रूप में अस्थाई रूप से अगस्त 1979 तक थे। वे लोकसभा में विश्वास मत नहीं पा सके क्योंकि राष्ट्रपति ने उसे भंग कर दिया था। तभी डॉ. धर्मवीर भारती द्वारा संपादित साप्ताहिक धर्मयुग में गोलाकार संसद भवन और चौधरी चरण सिंह की फोटो साथ छापी थी। शीर्षक था बिन फेरे, हम तेरे। बड़ा सार्थक था। इस चुनावी संग्राम में पद्मराजन की भांति और भी रहे हैं, वह अकेले नहीं है। मसलन इंदौर नगर के 93-वर्षीय नागमाल बजोरिया उर्फ धरती पकड़ हैं। वे अब तक 18 दफा चुनाव हार चुके हैं। वर्तमान विधानसभा चुनाव के समय भाजपा से बगावत करने वाले विधायकों में सबसे बड़ा नाम चित्तौड़गढ़ के विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का था। भाजपा ने सीटिंग एमएलए आक्या का टिकट काटकर पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी को टिकट दिया था। बाद में आक्या चुनावी मैदान में निर्दलीय उतरे और उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की जमानत तक जब्त करा दिया। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद आक्या ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मिलकर उन्हें समर्थन दिया। कुछ अचंभा भी चुनावों में होता है। विजयी उम्मीद्वार जमानत खो बैठा। यूपी से ही जमानत जब्त होने का सिलसिला शुरू हुआ था। पहली बार वर्ष 1952 में आजमगढ़ की सगड़ी पूर्वी विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बलदेव निर्दलीय प्रत्याशी शंभू नारायण से चुनाव लड़ा था। इस सीट पर कुल 83,438 वोट पंजीकृत थे, जिनमें से 32,378 लोगों ने वोट डाले, चुनाव में कांग्रेस के बलदेव को शंभूनारायण पर जीत मिली, लेकिन जीतने के बाद भी उनकी जमानत जब्त हो गई थी क्योंकि उन्हें कुल वोटों का 1/6 फीसद वोट भी नहीं मिल पाया था। मतलब बलदेव जीते फिर भी जमानत जब्त करवा बैठे थे। जब इनसे पूछा कि आप क्यों और किसके दम पर चुनाव लड़ रहे हैं?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

आजादी के बाद से हमारे देश में एक खास किस्म का वकीली समूह विकसित हुआ है, जिन्हें सत्ताधारी पार्टियों का संरक्षण एवं प्रोत्साहन मिलता रहा है, वे अपराधों पर परदा डालने एवं खुंखार अपराधियों एवं संगीन आरोपों से घिरे राजनीतिक अपराधियों को बचाने में सिद्धहस्त होकर मोटी कमाई के साथ राजनीतिक पदों पर आसीन होते रहे हैं। बड़े लोगों एवं राजनेताओं के मामलों में अक्सर ऐसे बड़े वकील ही सामने आते हैं और वकीलों के बीच आय की असमानता से भी यही पता चलता है कि राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम लोग न्याय पाने में आम लोगों से ज्यादा संभावना वाले होते रहे हैं।

आखिर वकीलों ने वकीलों के खिलाफ चिट्ठी क्यों लिखी?

न्यायिक बिरादरी में गलत को सही ठहराने के लिये एक-दूसरे के पैरों के नीचे से फट्टा खींचने की कोशिशें अक्सर होती रही है। भले ही इससे देश कमजोर हो, राष्ट्रीय मूल्यों पर आघात लगता हो। लोकतंत्र के चार स्तंभों में महत्वपूर्ण इस न्यायिक बिरादरी ने राजनीतिक अपराधियों, घोटालों और भ्रष्टाचार के दोषियों को बचाने के लिये शीर्ष वकीलों का एक समूह सक्रिय है, यह हमारी न्याय व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है, जो चिन्ता का बड़ा कारण है। वरिष्ठ अधिवक्ता

ललित गर्ग

हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सहित पूरे भारत से 600 से अधिक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर इन लगातार बढ़ रही राजनीतिक अपराधियों को बचाने की स्थितियों पर चिंता जताई गई है, निश्चित ही इन वकीलों का यह प्रयास सराहनीय एवं राष्ट्रीयता से प्रेरित है। न्यायिक प्रक्रिया में हेरफेर करने, अदालती फैसलों को प्रभावित करने और निराधार आरोपों और राजनीतिक एजेंडे के साथ न्यायपालिका की प्रतिष्ठा धूमिल करने के प्रयास करने वाले 'निहित स्वार्थी समूह' की निंदा व्यापक स्तर पर होनी ही चाहिए। एक प्रश्न यह भी है कि आखिर वकीलों को वकीलों के खिलाफ चिट्ठी क्यों लिखनी पड़ी?

न्यायपालिका को प्रभावित करने की इन घातक एवं अराष्ट्रीय कोशिशों के खिलाफ 600 वकीलों की चिन्ता गैरवाजिब नहीं है। वकीलों की यह जागरूकता न्याय-प्रक्रिया की प्रतिष्ठा एवं निष्पक्षता के लिये जरूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वकीलों के इस सार्थक एवं प्रासंगिक प्रयास की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दूसरों को डराना और धमकाना पुरानी कांग्रेस संस्कृति है। प्रधानमंत्री ने कहा, पांच दशक पहले ही उन्होंने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था-वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।' हमारे राष्ट्र की न्यायिक बिरादरी का यही पवित्र दायित्व है तथा सभी वकील भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लेकिन अभी कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि हमारे वकीलां का एक खास वर्ग भारतीय न्याय-प्रक्रिया की पवित्रता और गरिमा को अनदेखी किये जा रहा है। चिंता का बड़ा कारण यह है कि यह समूह अपने पक्ष में ऐसे दबाव बना रहा है, जिससे न्यायपालिका की अखंडता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। लेकिन पिछले दो दशक से न्यायमूर्तियों में ज्यादा जिम्मेदारी, सजगता व संवेदना देखने को मिली है और उन्होंने देशहित में किसी भी आर्थिक या राजनीतिक दबाव में झुकना स्वीकार नहीं किया है। आजादी के बाद से हमारे देश में एक खास किस्म का वकीली समूह विकसित हुआ है, जिन्हें सत्ताधारी पार्टियों का संरक्षण एवं प्रोत्साहन मिलता

रहा है, वे अपराधों पर परदा डालने एवं खुंखार अपराधियों एवं संगीन आरोपों से घिरे राजनीतिक अपराधियों को बचाने में सिद्धहस्त होकर मोटी कमाई के साथ राजनीतिक पदों पर आसीन होते रहे हैं। बड़े लोगों एवं राजनेताओं के मामलों में अक्सर ऐसे बड़े वकील ही सामने आते हैं और वकीलों के बीच आय की असमानता से भी यही पता चलता है कि राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम लोग न्याय पाने में आम लोगों से ज्यादा संभावना वाले होते रहे हैं। आम जनता के लिये महंगी होती कानून व्यवस्था एवं निष्पक्ष न्याय की नाउम्मीदी भी ऐसे ही स्वार्थी वकीलों से उपजी है। इसी बड़ी विसंगति एवं विडम्बना ने राजनीति में अपराध को भी प्रोत्साहन दिया है। इससे वकीलों का पेशा विवादास्पद भी बना है एवं न्याय-प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं।

प्रश्न है कि आखिर वकीलों को ऐसी चिट्ठी लिखने की जरूरत क्यों पड़ी। क्योंकि इन दिनों कुछ राजनेता कठघरे में खड़े हैं और उन्हें बचाने के लिए वकीलों का एक खास समूह सक्रिय है, जो सत्य को ढंकने की कुचेष्टा करते हुए राजनीतिक हित में तथाकथित अपराधियों को बचाने के लिये विभिन्न तरीकों से काम करता है। ऐसे स्वार्थी वकील एक खास अंदाज में कथित बेहतर अतीत और अदालतों के सुनहरे दौर की झूठी कहानियां गढ़ते हैं, इसे वर्तमान में होने वाली घटनाओं से तुलना करते हैं। ये और कुछ नहीं बल्कि जानबूझकर दिए गए बयान हैं, जो अदालत के फैसलों को प्रभावित करने और कुछ राजनीतिक लाभ के लिए अदालतों को शर्मिंदा करने के लिए दिए गए हैं। यह देखना परेशान करने वाला है कि कुछ वकील दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। ऐसे स्वार्थी वकीलों का यह कहना कि अतीत में अदालतों को प्रभावित करना आसान था, उन पर जनता के विश्वास को हिला देता है। इसीलिये वकीलों के दूसरे पक्ष को पत्र लिखने की जरूरत पड़ी, ऐसे पत्र लिखने का कोई राजनैतिक उद्देश्य नहीं, बल्कि नैतिक एवं राष्ट्रीय आग्रह है। इस पत्र में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि वे इस तरह के हमलों से हमारी अदालतों को बचाने के लिए सख्त और ठोस कदम उठाएं। वकीलों ने चिंता जाहिर की कि 'विशेष ग्रुप' अदालतों की कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। खासकर उन मुद्दों पर बाधा डालने की कोशिश की जा रही है, जो मामले राजनेताओं और राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। इस तरह की रणनीति हमारी अदालतों को नुकसान पहुंचा रही हैं और हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को खतरे में डालती हैं। वकीलों का आरोप है कि उनकी हरकतों से राष्ट्रीयता, विकास, विश्वास और सौहार्द का माहौल खराब हो रहा है, जो न्यायपालिका की कार्यप्रणाली की मूलभूत विशेषता है। चिट्ठी में वकीलों ने न्यायपालिका के समर्थन में एकजुट, समानतापूर्ण, निष्पक्ष रुख अपनाने का आह्वान किया है ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायपालिका लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ बना रहे। निश्चित रूप से न्यायमूर्तियों को नामी वकीलों या रसूखदार आरोपियों के सामने समान रूप से बिना किसी राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह या दुराग्रह के व्यवहार करना चाहिए और हमारे न्यायमूर्ति ऐसा ही करते हैं। फिर भी कहीं शिकायत की गुंजाइश रह जाती है और कुछ वकीलों को मिलकर ऐसे पत्र लिखने की जरूरत पड़ती है तो यह देश की जागरूकता एवं देश के प्रति निष्ठा को ही दर्शाता है। ऐसे पत्रों की आलोचना नहीं की जा सकती, ऐसे पत्र तो राजनीति की दूषित हवाओं को नियंत्रित करने के औजार है। ऐसे पत्र विशेष रूप से न्यायमूर्तियों से ज्यादा सजगता व संवेदना की मांग करते हैं। समाज के राष्ट्र के किसी भी हिस्से में कहीं भी मूल्यों एवं मानकों के विरुद्ध होता है तो यह सोचकर निरपेक्ष नहीं रहना चाहिए कि हमें क्या? गलत देखकर चुप रह जाना भी अपराध है। इसलिये बुराइयों एवं विसंगतियों से पलायन नहीं, उनका परिष्कार होना चाहिए। वकीलों की यह चिट्ठी ऐसे ही परिष्कार का द्योतक है जो लोकतंत्र के साथ-साथ संविधान को सुस्थापित बनाये रखने के लिये अपेक्षित है। वकीलों के चिट्ठी लिखने वाले समूह के खिलाफ वकीलों का दूसरा समूह सक्रिय हुआ है, उनका सक्रिय होना स्वाभाविक है क्योंकि उनकी मोटी कमाई के साथ गलत मनसूंबों पर पानी फिर गया है।

अमेरिका की टिप्पणी पर भारत का एक्शन

अमेरिका से पहले जर्मनी ने भी सीएम की गिरफ्तारी के बाद बयान दिया था। जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा था, दिल्ली के सीएम अन्य भारतीय नागरिक की तरह ही निष्पक्ष रूप से सुनवाई और न्याय के हकदार हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम मानते और उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को भी इस मामले में लागु किया जाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका ने करीब से सीएम की गिरफ्तारी की खबरों पर नजर रखी हुई है।

वैश्विक स्तरपर करीब हर देश में वहां के नागरिकों को न्यायपालिका पर अटूट विश्वास रहता है। इतना ही नहीं दुनियां के हर देश को भी अंतरराष्ट्रीय कोर्ट यानी इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस हेग पर भरोसा रहता है जो हमने कुछ माह पूर्व हमारे पड़ोसी मुल्क में कैद कुलभूषण जाधव को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने और कतर कोर्ट में 8 पूर्व नवसैनिकों को फांसी से राहत मिली थी।आज हम न्यायपालिका पर नागरिकों के विश्वास की बात इसलिए सहज कर रहे हैं क्योंकि

किशन भावनानी

पिछले दिनों दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी फिर 28 मार्च 2024 तक रिमांड हुआ और आज रिमांड को 1 अप्रैल 2024 तक बढ़ा दिया गया, जबकि हाईकोर्ट ने पहले ही राहत नहीं दी थी जबकि सरकार अब जेल से चल रही है.वहीं इस मामले पर जर्मनी और अमेरिकी विदेश मंत्रालय की टिप्पणियां आई जिसमें निष्पक्ष व पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया व न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों की बात कही गई तो इसे भारत ने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की बात कही और कड़ी आपत्ति दर्ज कराई और भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों और अमेरिकी डिप्लोमैट के बीच करीब 40 मिनट की बातचीत हुई।इस तरह जर्मनी से भी कड़ी आपत्ति दर्ज की गई है।मेरा मानना है कि हालांकि दोनों देशों द्वारा की गई है टिप्पणियां हमारे आंतरिकमामलों में हस्तक्षेप की ओर इशारा करती है, परंतु यह सोचने व रेखांकित करने वाली बात है किआखिरकार इन विकसित देशों द्वारा गिरफ्तार सीएम के संबंध में निष्पक्ष और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया करनी चाहिए जैसी टिप्पणीक्यों की है? बता दें कि अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की प्रिंट मीडिया में दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था की तारीफ संबंधी आर्टिकलप्रकाशित हुए थे, तब गिरफ्तार सीएम की वहां काफी तारीफ हुई थी। चूंकि मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर जर्मनी के बाद अमेरिका ने भी टिप्पणी की है,जिसपर भारत नें कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अमेरिका की टिप्पणियों पर भारत का एक्शन,अमेरिकी डिप्लोमैट से 40 मिनट की बातचीत व 28 मार्च 2024 गुरुवारको मंत्रालय की साप्ताहिक ब्रीफिंग में टिप्पणियों को लेकर कड़ी आपत्ति और विरोध दर्ज कराया गया है।

साथियों बात अगर हम मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर अमेरिका की टिप्पणियों की करें तो,अमेरिका ने कहा, हम केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया की उम्मीद करते हैं। वहीं अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने एक बयान में कहा कि दिल्ली के सीएम और विपक्ष पार्टी के नेता के मामले में निगरानी कर रहे हैं। अमेरिका से पहले जर्मनी ने भी सीएम की गिरफ्तारी के बाद बयान दिया था। जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा था, दिल्ली के सीएम अन्य भारतीय

नागरिक की तरह ही निष्पक्ष रूप से सुनवाई और न्याय के हकदार हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम मानते और उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को भी इस मामले में लागु किया जाएगा।अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका ने करीब से सीएम की गिरफ्तारी की खबरों पर नजर रखी हुई है। प्रवक्ता ने ईमेल पर रॉयटर्स को बतायाकि अमेरिकी सरकार सीएम के लिए एक निष्पक्ष, पारदर्शी और समयोचित कानूनी प्रक्रिया के लिए प्रोत्साहन देती है। सीएम की गिरफ्तारी पर बारीक नजर रखना जारी रखेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालयइस मुद्दे पर ग्लोरिया बर्बेना को भारत की ओर से तलब किए जाने के बाद अमेरिका ने बुधवार (27 मार्च) को फिर दोहराया था कि वह निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया का आह्वान करता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी सहित इन कार्रवाइयों पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे।भारतीयविदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सीएम पर अमेरिका की बार-बार की गई टिप्पणियों पर पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि आपसी सम्मान और समझ अंतरराष्ट्रीय संबंधों की नींव बनाती है।विदेश मंत्रालय ने जर्मन दूतावास के मिशन के उप प्रमुख को भी पहले तलब किया था और टिप्पणियों पर भारत का कड़े विरोध दर्ज कराया था। सीएम की गिरफ्तारी के मामले में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार रात प्रेस ब्रीफिंग में कहा था-हम अपने स्टैंड पर कायम हैं। इससे किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हम उम्मीद करते हैं कि मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया पूरीहो।अमेरिका ने मंगलवार (26 मार्च) को भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में बयान दिया था।अमेरिका ने कहा था, हमारी सरकार केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले पर नजर बनाए हुए है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस दौरान कानून और लोकतंत्र के मूल्यों का पालन किया जाना चाहिए।

साथियों बात अगर हम दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी पर जर्मनी की टिप्पणियों की करें तो, शुक्रवार, 22 मार्च को जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से बेस्टियन फिशर ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि किसी भी आरोपी की तरह केजरीवाल भी एक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष मुकदमे के हकदार हैं।उन्होंने यह भी कहा था कि जर्मनी को उम्मीद है कि इस मामले में न्यायपालिका की स्वतंत्रता के मानक और मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांत लागू किए जाएंगे।भारत सरकार ने इस बयान पर नाराजगी जताई थी और भारत में जर्मनी के उप राजदूत को बुलवा कर नाराजगी व्यक्त की थी।भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में जर्मनी की टिप्पणी को पक्षपातपूर्ण, भारत की न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के बराबर बताया था। जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने की थी टिप्पणीअमेरिका से पहले जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की थी। जर्मन अधिकारी ने कहा था, हमारा मानना है और उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता से जुड़े मानक और मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांत भी इस मामले में लागू होंगे। इसके बाद भारत ने इसका करारा जवाब देते हुए ने जर्मनी के दूतावास के डिप्टी चीफ को तलब किया था।भारत ने कहा था कि यह हमारा आंतरिक मामला है, इसमें हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं।

साथियों बात अगर हम टिप्पणियों पर भारत सरकार की कड़ी आपत्तियों की करें तो,भारत ने अमेरिका के टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी जताई। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने बुधवार, 27 मार्च को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उप-प्रमुख को तलब किया है। इस दौरान विदेश मंत्रालय के अधिकारियों और अमेरिकी डिप्लोमैट के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख को तलब किया।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध क्यों?

योगेन्द्र यादव

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर चल रही बहस में अप्रासंगिक सवालों से बचने और सही सवाल उठाने की जरूरत है। अगर किसी महिला के साथ बलात्कार होता है तो उस वक्त यह प्रासंगिक नहीं है कि वह अपने पड़ोसियों से झगड़ती थी या नहीं, अथवा वह कैसे कपड़े पहनती है। उस वक्त प्रासंगिक सवाल सिर्फ इतना है कि उसके साथ किसने जबरदस्ती की और उस मामले में पुलिस प्रशासन का क्या रोल था। इसी तरह अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में इधर-उधर के सवालों में उलझने की बजाय प्रासंगिक सवाल पूछना होगा।

पिछले कुछ सालों से मैंने देखा है कि जब भी आम आदमी पार्टी से जुड़ा कोई विवाद उठता है, तब टी.वी. वाले अचानक मेरे पास किसी मसालेदार बयान की उम्मीद में पहुंचते हैं। उन्हें लगता है कि चूंकि मैं कभी आम आदमी पार्टी में रहा था लेकिन अब नहीं हूं, इसलिए मैं उनके खिलाफ खुन्दक निकालूंगा। चूंकि मैं आम आदमी पार्टी की राजनीति से सहमत नहीं हूं, इसलिए भाजपा सरकार उनके खिलाफ कुछ भी करे तो मैं अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार के खिलाफ बयान देने के लिए उपलब्ध रहूंगा। मुझे अक्सर उन्हें निराश करना पड़ता है।

यही इस बार फिर हुआ। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कई चैनलों के फोन आए। वे सोचते थे कि मैं अन्ना हजारे की तरह अरविंद केजरीवाल को कोसूंगा, उनकी शराब नीति को गलत मानते हुए उन्हें दोषी बताऊंगा, आबकारी घोटाले में उन्हें भ्रष्टाचारी करार दूंगा और उनकी गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए उनसे नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग करूंगा। मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा तो उन्होंने सोचा कि मैंने पाला बदल लिया है और अब मैं आम आदमी पार्टी के नेताओं की भाषा बोलूंगा, केजरीवाल सरकार के गुण गाऊंगा, उनकी शराब नीति को सही बताऊंगा, भ्रष्टाचार के आरोपों को झूठा बताऊंगा। मैंने यह भी नहीं कहा। मैंने सिर्फ इतना कहा कि इस समय दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री को इस आधार पर गिरफ्तार करने का कोई औचित्य नहीं है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर चल रही बहस में अप्रासंगिक सवालों से बचने और सही सवाल उठाने की जरूरत है। अगर किसी महिला के साथ बलात्कार होता है तो उस वक्त यह प्रासंगिक नहीं है कि वह अपने पड़ोसियों से झगड़ती थी या नहीं, अथवा वह कैसे कपड़े पहनती है। उस वक्त प्रासंगिक सवाल सिर्फ इतना है कि उसके साथ किसने जबरदस्ती की और उस मामले में पुलिस प्रशासन का क्या रोल था। इसी तरह अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में इधर-उधर के सवालों में उलझने की बजाय प्रासंगिक सवाल पूछना होगा।

इस वक्त सवाल यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी अच्छी-सच्ची है या नहीं, वह अपने मूल उद्देश्य पर कायम है या नहीं। इसका फैसला जनता करेगी, इतिहास करेगा। आज हमारे लिए सवाल यह भी नहीं हो सकता कि पार्टी नेतृत्व ने प्रशांत भूषण, प्रो. आनंद कुमार, प्रो. अजीत झा तथा मेरे जैसे लोगों के साथ सही किया था या गलत। उसका उत्तर इतिहास दे चुका है। यूं भी सिर्फ अपने अनुभव के चश्मे से दुनिया को देखना एक गंभीर दृष्टि दोष होगा। इस वक्त सवाल यह भी नहीं है कि दिल्ली सरकार की आबकारी नीति सही थी या नहीं। आम आदमी पार्टी की सरकार की शराब नीति का हम लोग 2015 से विरोध कर रहे हैं। यह नीति आम आदमी पार्टी द्वारा नशामुक्ति के वायदे के

अनुरूप नहीं थी। बाद में बनाई गई नीति तो और भी गलत थी। खुद दिल्ली सरकार ने उस नीति को खारिज कर दिया। सवाल यह भी नह

आईपीएल के दौरान रात 12:30 बजे तक चलेगी लखनऊ मेट्रो

■ इकाना स्टेडियम में होंगे सात मैच

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग का खुमार लोगों की जुबान पर चढ़कर बोल रहा है। इस साल उत्तर प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि इस साल राजधानी लखनऊ में आईपीएल के कई धमाकेदार मैच खेले जाएंगे। अब तो दर्शकों की सुविधा के लिए मेट्रो का संचालन रात 12:30 बजे तक दोनों छोर से किया जाएगा।

इकाना स्टेडियम में होने वाले आईपीएल के सभी मैचों के दिन दर्शकों की सुविधा के लिए मेट्रो का संचालन रात 12:30 बजे तक दोनों छोर से किया जाएगा। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से इकाना स्टेडियम मैच देखने आने के लिए लो फ्लोर बसें भी उपलब्ध होंगी।

इकाना स्टेडियम में पहला मैच 30 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद सात अप्रैल, 12 अप्रैल, 19 अप्रैल, 27 अप्रैल, 30 अप्रैल और पांच मई को भी आईपीएल मैच होंगे। मैच देखकर वापस लौटने वाले दर्शकों के लिए मेट्रो की अंतिम सेवा रात 12:30 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट और मुंशी पुलिया से उपलब्ध होगी।

दूसरी बार इकाना स्टेडियम में खेलेंगे माही : लीग में यह दूसरा अवसर होगा जब माही इकाना स्टेडियम में खेलने उतरेंगे। दरअसल, चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल 2023 का 45वां मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। इस कारण धौनी के प्रशंसकों को उनकी बल्लेबाजी देखने का मौका नहीं मिला था। इस बार अपने दिग्गज स्टार क्रिकेटर को खेलते देखने का सपना पूरा हो सकता है।

'नव अंशिका सर्वश्री सम्मान' के साथ हुआ 'द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। 'द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव' के अंतर्गत नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह की अंतिम कड़ी में नव अंशिका सर्वश्री सम्मान वितरित किया गया। निराला नगर के जे.सी.गेस्ट हाउस में हुए इस भव्य सम्मान समारोह में संस्कृति विभाग के सहयोग से सामाजिक संदेश सेवा संस्थान के द्वारा फूलों की होली की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र बनी। सम्मान समारोह में बतौर मेहमान -ए - खास के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी अर्पणा यादव और नर्मता पाठक, इंकमटैक्स ऑफिसर सूर्यकांत मिश्रा सहित भातखंडे विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ.पूर्णिमा पाण्डेय, भी आमंत्रित की गई थीं। नव अंशिका सर्वश्री सम्मान में जौनपुर स्वास्थ्य विभाग की आशा संगिनी सरिता पाण्डेय, उन्नाव उत्तर प्रदेश पुलिस- की वरिष्ठ उपनिरीक्षक रीना पाण्डेय मिश्रा, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.रुचि खरे, भारतीय रेलवे की राजपत्रित अधिकारी मंजू चक्रवर्ती, किंग कन्स्ट्रक्शन की संजना सिंह संजू, सैस हुंडई की ब्रांच हैड चंचला सचदेवा, वाहन चालक अंजू और रेल विहार कॉलोनी की वरिष्ठ समाज सेवी रेखा शर्मा का अभिनंदन किया गया।

लोकसभा निर्वाचन और विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के दौरान एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

अवधनामा संवाददाता

■ उल्लंघन पर दो साल की जेल और जुर्माने का प्राविधान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के साथ-साथ चार विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-126(1)(ख) के तहत मीडिया में किसी भी तरह के एग्जिट पोल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत यह निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति प्रदेश में इस दौरान न ही मत सर्वेक्षण करेगा और न ही किसी मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रसारण किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि एग्जिट पोल पर यह प्रतिबंध साधारण निर्वाचन की स्थिति में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से लेकर सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रहेगा। वहीं उप निर्वाचन की स्थिति में भी यही प्रतिबन्ध लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा किसी उप निर्वाचन या एक साथ कराए जाने वाले उप निर्वाचन की स्थिति में भी यह अवधि मतदान शुरू होने से लेकर मतदान खत्म होने के आधे घंटे तक जारी रहेगी। अलग-अलग दिनों पर एक साथ कराए जाने वाले उप निर्वाचनों की दशा में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से शुरू होगी और अंतिम मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जायेगा, उसे दो वर्ष तक कारावास की सजा और जुर्माना या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 7:00 बजे तथा 01 जून 2024 (शनिवार) को अपराह्न 6:30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित किया है, जिसके दौरान वर्तमान लोक सभा के साधारण निर्वाचन और प्रदेश के 4 विधानसभा क्षेत्रों के उप निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार और किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

फेक न्यूज तथा पेड न्यूज पर रखी जा रही कड़ी नजर

अवधनामा संवाददाता

■ रिपोर्टिंग तथा मीडिया उल्लंघनों की जा रही सघन मॉनीटरिंग

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता के दौरान फेक न्यूज तथा पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान फेक न्यूज तथा पेड न्यूज की पहचान व त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसओपी तैयार की गई है। एम0सी0एम0सी0 द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग तथा मीडिया उल्लंघनों की सघन मॉनीटरिंग की जा रही है। समस्त विज्ञापन एमसीएमसी द्वारा प्रमाणित किये जाने के बाद ही इलेक्ट्रानिक मीडिया पर प्रसारित किये जा सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की तारीख से पेड न्यूज मामलों को ध्यान में रखा जा रहा है। कोई भी प्रत्याशी राजनीतिक विज्ञापनों को टीवी/केबिल चैनल, रेडियो चैनल, सिनेमा हॉल, ऑडियों-विजुअल डिस्प्ले, प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा अन्य सोशल साइटों पर विज्ञापन प्रसारित करने से पूर्व एम0सी0एम0सी0 कमेटी से मंजूरी अवश्य लें। ऐसे विज्ञापन को प्रकाशित/प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो धर्म, जाति, भाषा के आधार पर किसी भी समुदाय को आहत करता हो।

प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है : ब्रजेश पाठक

अवधनामा संवाददाता

■ पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की ग्रहण की सदस्यता

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर (लखीमपुर), पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी (लखीमपुर), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया (लखीमपुर), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना (लखीमपुर), समाजसेवी राजिंदर सिंह नीटा (कानपुर), जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह (फतेहपुर), कांग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय (सिद्धार्थनगर), सपा प्रवक्ता जेबा याशमीन (लखनऊ), वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा (लखीमपुर), पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी (लखीमपुर) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रहीं। मंच का संचालन प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे ने किया।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है। इस संकल्प की पूर्ति तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आए। आप सभी को अपने क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत करने के लिए जुट जाना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है। श्री पाठक ने कहा पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी जी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेगी।

381.93 लाख की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं जब्त

अवधनामा संवाददाता

■ आदर्श आचार संहिता का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 28 मार्च तक कुल 9140.81 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 1479.20 लाख रुपये नकद धनराशि, 2242.06 लाख रुपये कीमत की 632245.35 लीटर शराब, 3527.60 लाख रुपये कीमत की 4499949.66 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 1.43 लाख रुपये के 298 मुफ्त उपहार एवं 112.34 लाख रुपये कीमत की 896.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 28 मार्च को कुल 381.93 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 33.92 लाख रुपये नकद धनराशि, 56.66 लाख रुपये कीमत की 20278.97 लीटर शराब, 285.84 लाख रुपये कीमत की 22601.51 ग्राम ड्रग एवं 5.51 लाख रुपये कीमत की 50 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

टीएमयू फॉरेंसिक स्टुडेंट्स ने की एनडीटीएल की विजिट

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज़ के फॉरेंसिक साइंस विभागे के छात्रों ने नेशनल डोप टेस्टिंग लेबोट्री-एनडीटीएल का एजुकेशनल विजिट किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने स्पोर्ट्स में प्रयोग किए जाने वाली नशीली दवाइयों और स्टेरॉइड्स के सैंपल कलेक्शन से लेकर परीक्षण क्रियाविधि के बारे में विस्तार से जाना। एनडीटीएल में स्टुडेंट्स ने सैंपल प्रिप्रेशन, चेन ऑफ कस्टडी के संग-संग जीसीएमएस, एचपीएलसी, जीसीआईआरएमएस, एचआरएमएस, इम्यूनोएस्से इस्ट्रुमेंट और ग्रोथ हार्मोंस के परीक्षणों की कार्यप्रणाली को भी जाना।

इस अवसर पर एनडीटीएल के निदेशक प्रो. पीएल साहू ने स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा, स्टुडेंट्स ही देश के भविष्य हैं। फॉरेंसिक के क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं हैं। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए पूर्ण फोकस जरूरी हैं। प्रो. साहू ने जानकारी देते हुए बताया, एनडीटीएल स्टुडेंट्स के लिए प्रशिक्षण भी देता है। इस प्रशिक्षण में डोपिंग के विभिन्न पहलूओं पर प्रशिक्षण दिया जाता है। स्टुडेंट्स ने डोपिंग, हार्मोंस, स्पोर्ट्स फॉरेंसिक आदि से जुड़े विभिन्न सवाल भी प्रो. साहू से किए। इस मौके पर फैकल्टीज़- एचओडी श्री रवि कुमार, श्री योगेश कुमार, सुश्री अंशिका श्रीवास्तव के संग-संग एमएससी फॉरेंसिक के स्टुडेंट्स- अजय प्रताप, अंजलि वर्मा, इशिका सक्सेना, सुनुबिया रहमान आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक जांच हो : माले

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भाकपा (माले) ने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की बांदा में मौत की न्यायिक जांच की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि अंसारी की मौत हत्या भी हो सकती है, इसलिए सच्चाई को सामने लाने के लिए न्यायिक जांच जरुरी है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि मौत से पहले पूर्व विधायक ने अदालत में एक बार कहा था कि उन्हें मारने के लिए खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है, जिससे वे अस्वस्थ हो गए थे। पिछले दिनों जब इलाज के लिए उन्हें बांदा के मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया था, तब उनके बड़े भाई व सांसद अफजाल अंसारी ने उनसे मिलने के बाद कहा था कि मुख्तार को जहर देकर मारने की कोशिश की जा रही है। ताकि वे माफिया ब्रजेश सिंह के खिलाफ गवाही न दे सकें, क्योंकि मुख्तार की गवाही होने पर ब्रजेश को सजा हो सकती है। सांसद ने आरोप लगाया था कि मुख्तार को मारने की साजिश में जेलकर्मी, अफसर व सरकार की संलिप्तता है। इसी बीच मुख्तार की मौत और घटना में परिस्थिति जन्य साक्ष्य से उनकी हत्या की आशंका प्रबल हो जाती है। इसलिए मामले में न्याय करने के लिए निष्पक्ष और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो। सरकार द्वारा घोषित मजिस्ट्रेटी जांच अपर्याप्त है।

अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षण ओलम्पियाड में सीएमएस शिक्षिकाओं का प्रशंसनीय प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका सुश्री तनुश्री रस्तोगी एवं सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की शिक्षिका सुश्री मुस्कान कौर भाटिया ने इण्टरनेशनल डिजिटल टीचर्स ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है।

सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में सी.एम.एस. की इन दोनों शिक्षिकाओं ने 96.7 परसेन्टाइल के साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 200 टीचर्स में अपना स्थान सुनिश्चित किया है तथापि इस उपलब्धि हेतु सी.एम.एस. शिक्षिकाओं को 'इनोवेटिव डिजिटल एजूकेटर अवार्ड' हेतु नामित किया गया है। सी.एम.एस. शिक्षिकाओं की यह उपलब्धि डिजिटल एजूकेशन के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को दर्शाती है। ओलम्पियाड का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करने के साथ ही उनके प्रदर्शन में गुणात्मक परिवर्तन लाना था।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस सफलता हेतु दोनों शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है तथापि सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है।

इन्हीं विद्वान शिक्षकों की बदौलत सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की शिक्षा देकर उन्हें चुस्त एवं संतुलित व्यक्तित्व का धनी, मानव जाति के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।

ज्ञान-दान समाज के लिए कल्याणकारी : उमानंद

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''बांसा कम्युनिटी लाइब्रेरी एण्ड रिसोर्स सेन्टर ग्रामसभा बांसा, ब्लाक मल्लावां, जिला हरदोई, उ.प्र.'' में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 405वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री श्रीमती अर्चना गुप्ता एवं डॉ. नीलम गुप्ता जी ने अपने पूज्य पिता स्व. प्रेम शंकर गुप्ता की स्मृति में भेंट किया। उपस्थित क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमियों को एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ज्ञान-दान समाज के लिए कल्याणकारी कार्य है'' डॉ. नीलम गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। सार्वजनिक पुस्तकालय के व्यवस्थापक एवं ग्राम प्रधान श्री सम्पूर्णानंद सिंह जी ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।

मेनका को इसौली में करनी होगी कड़ी मेहनत

2019 में बसपा प्रत्याशी ने ले ली थी बढ़त, मुश्किल से मिली थी मेनका गांधी को जीत

लखनऊ। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी एक बार फिर सुल्तानपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। इस बार भी उनके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती इसौली विधानसभा क्षेत्र ही है, जिसे भद्र बंधुओं का गढ़ माना जाता है। भद्र बंधुओं के समर्थन से जहां 2014 में वरुण गांधी को आसान जीत मिली थी, वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी बन जाने पर मेनका गांधी को जीतने में मशक्कत करनी पड़ी थी।

वर्ष 2014 में वरुण गांधी जब इस सीट से चुनाव लड़े थे तो इसौली के चंद्रभद्र सिंह सोनू और यशभद्र सिंह मोनू उनके समर्थन में थे, लेकिन 2019 में परिदृश्य बदल गया। मेनका गांधी मैदान में उतरीं तो उनके सामने बसपा-सपा गठबंधन से प्रत्याशी के रूप में चंद्रभद्र सिंह सोनू उतर पड़े। ऐसे में जब मतदान हुआ तो भद्र परिवार के वर्चस्व वाले क्षेत्र इसौली में मेनका को 79382 और सोनू को 84933 वोट मिले। यहां से करीब साढ़े पांच हजार से पिछड़ने वाली मेनका गांधी को सुल्तानपुर विधानसभा क्षेत्र में भी झटका लगा। उन्हें 87848 और सोनू सिंह को 100411 वोट मिले।

लंभुआ विधानसभा क्षेत्र ने भी उनका ज्यादा साथ नहीं दिया और उन्हें करीब एक हजार मतों की ही बढ़त मिली। गनीमत रही कि कादीपुर और सदर विधानसभा क्षेत्र ने खुलकर मेनका गांधी का साथ दिया, जिसके चलते उन्हें यहां से करीब 32 हजार वोट ज्यादा मिले। इस बढ़त ने न केवल इसौली और सुल्तानपुर सीट पर हार के अंतर को पाटा बल्कि उन्हें 13,859 वोटों से जीत भी दिला दी। अब इन दोनों सीटों पर पिछले अनुभव को देखते हुए मेनका क्या रणनीति अख्तियार करती हैं, यह देखना रोचक होगा।

7938

वोट मिले थे भाजपा प्रत्याशी को

भद्र परिवार से होगी टक्कर

पिछले चुनाव के रनर अप रहे चंद्रभद्र सिंह सोनू और उनके भाई यशभद्र सिंह मोनू एक केस में सजायाफ्ता होने के कारण अब चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, लेकिन जिले के सियासी जानकार मानते हैं कि इससे उनके जनाधार पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सांसद मेनका गांधी और भद्र परिवार के रिश्ते जिस तरह से बेहद तल्ख हैं, उसे देखते हुए साफ है कि भद्र परिवार फिर चुनाव में उनका विरोध में ही रहेगा। ऐसे में इसौली का गढ़ भेदना पहले जैसा आसान नहीं होगा।

अब तक 4,53,311 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये

अवधनामा संवाददाता

■ अपराधिक व्यक्तियों के 310 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये, 3816 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4,53,311 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 310 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3,816 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 12,54,167 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 2,455 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 2,694 कारतूस, 06 किग्रा0 विस्फोटक व 124 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 463 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 57 केन्द्रों को सीज किया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 28 मार्च को पुलिस विभाग द्वारा 30,981 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। 60 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये।

भाजपा को लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलता मिल रही है: डॉ. रामशंकर

कार्यकर्ता लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगे: सरिता भदौरिया

वहाज अली निहाल

इटावा। 2024 के लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक बनाने को लेकर भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में एवं विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया के संयोजन में सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक का शुभारंभ सम्मानित मंच द्वारा भाजपा के प्रेरणापुंज पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित करके हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए इटावा लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव

■ बूथ प्रबंधन को मजबूत रखना हमारी जिम्मेदारी है: संजीव राजपूत

आकांक्षाओं को पूरा करने वाला चुनाव है।

केंद्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण योजनाओं के विकास की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि भाजपा को लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलता मिल रही है आज यही कारण है कि हमारे प्रधानमंत्री को न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में समर्थन और सम्मान मिल रहा है। लोकसभा 2024 का चुनाव समान नागरिक सहिंता को धरातल पर लाने, पीओके को वापस लेने, जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने सहित महत्वपूर्ण कानूनों को फलीभूत करने

का चुनाव है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने प्रबंधन समिति को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ नियति और नीति भी हैं, इसलिए जनता भाजपा से सहमत है। अब सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति के माध्यम से सामूहिक रूप से एक माह में इटावा लोकसभा को गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगे। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करने के साथ हर कार्य क्षेत्र में कार्य करना है। हर काम को आगे बढ़कर करना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठनात्मक जनपद इटावा प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन, सुरक्षा और गरीब कल्याण के लक्ष्य को लेकर डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान विश्व में बढ़ा है। प्रबंधन समिति को संबोधित करते हुए अपने समापन उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत में कहा कि अब समय कम है। बूथ प्रबंधन को मजबूत रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसमें विधानसभा प्रबंधन समिति की भूमिका महत्वपूर्ण है। बूथ मजबूत होगा तो ही मत प्रतिशत बढ़ेगा। हम सभी ने अपने बूथों पर पन्ना प्रमुख बनाए हैं, पन्ना प्रमुखों से समन्वय कर समीक्षा करनी चाहिए। तब जाकर मेरा बूथ सबसे मजबूत धरातल पर उतरेगा। चुनाव प्रबंधन समिति शक्तिकेन्द्र स्तर पर जाकर अपने कार्य कर अबकी बार 400 पार के नारे की सार्थकता सिद्ध करें, यही हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा सांसद एवं प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, के.के.राज, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, लोकसभा सह-संयोजक राकेश पाल, विधानसभा प्रभारी विनोद दुबे, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशहवाह, देवप्रताप भदौरिया, सुबोध तिवारी, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, लोकसभा/जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विधानसभा मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अच्युत मिश्रा, राजेन्द्र गुप्ता, अनुरुद्ध गुप्ता, प्रवीण पचौरी, रमेश राजपूत, विकास भदौरिया, विरला शाक्य सहित विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति में लगाए गए पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष एव वरिष्ठ भाजपा नेतागण उपस्थित रहे।

शराबी दामाद ने सास को उतारा मौत के घाट

मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र के आनंदवन में किराए के मकान पर रहने वाली 50 वर्षीय महिला की उसके दामाद ने सिर में डंडा मार कर हत्या कर दी। सुखरानी पत्नी शिवप्रताप मूल रूप से मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की रहने वाली थी। शिव प्रताप मथुरा जिले के एक अधिवक्ता के चालक हैं। शिव प्रताप के अनुसार दामाद राकेश निवासी नंदवाड़ा, बांदा दहेज में तीन लाख रुपए की मांग कर रहा था। बेटी सुनीता को उसने घर से निकाल दिया था। बीते 12 मार्च को वह शराब के नशे में घर पर आया। सुखरानी से झगड़ने लगा। इसी दौरान राकेश ने सुखरानी के सिर में डंडे से प्रहार कर दिया। बृहस्पतिवार रात उपचार के दौरान सुखरानी की मृत्यु हो गई। थाना हाईवे इंस्पेक्टर उमेश चंद्र त्रिपाठी के अनुसार पोस्टमार्टम करा कर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

सक्षम जिला इकाई की बैठक संपन्न, दिव्यांग किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं: रामनरेश शर्मा

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सक्षम जनपद इकाई की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष आदित्य यादव के आवास नौरंगाबाद इटावा पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित आरएसएस सह विभाग संघ चालक राम नरेश शर्मा ने कहा कि दिव्यांग किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है द्य दिव्यांग अपने आपको अक्षम नही सक्षम समझे। आरएसएस के जिला विभाग प्रचारक यशवीर कुमार ने कहा कि सक्षम का उद्देश्य है कि हर क्षेत्र में दिव्यांगजन आगे बढे और मानसिक रूप से अपने आपको मजबूत बनाएं। सक्षम के जिलाध्यक्ष

आदित्य यादव ने कहा कि दिव्यांग एक जुट हों और संगठित रहकर कार्य करें। सक्षम के महामंत्री डा.सुशील सम्राट ने कहा कि सक्षम संस्था का यह सराहनीय कार्य है कि वह दिव्यांगों को सक्षम बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नही है। इस अवसर पर आर. बी.सिंह मुखिया, गुलाब सिंह यादव, सुघर सिंह कुशवाह, श्याम सिंह यादव, दुर्गेश चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

आया सास-बहू का जमाना, 26 अप्रैल को बूथ जरुर जाना: डा0 अखिलेश

मथुरा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रुप सीकर मतदाता जागरूकता कम्युनिटी लीड ड्राइव का संचालन करने हेतु स्वीट के नोडल अधिकारी श्री मनीष मीना मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। जिला मास्टर ट्रेनर ई.एल.सी चुनाव पाठशाला डॉ अखिलेश यादव ने अपनी सहयोगी श्रीमती गुरु प्यारी सत्संगी के साथ छटीकरा में आयोजित सास - बहू सम्मेलन में पपेट शो, नुक्कड़ नाटक तथा छात्राओं द्वारा संगीत में रंगारंग प्रस्तुति के मध्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों को 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की तथा समस्त लाभार्थियों से भी इस प्रकार की अपील की गई। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता गौतम प्रभारी सी.डी.पी.ओ श्रीमती कुसुम लता दीक्षित सुपरवाइजर बाल विकास परियोजना उपस्थिति रहीं।

डीएम, एसएसपी ने पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा

■ लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए अपील की

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने तथा शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु तथा जुमा की नमाज के अवसर पर शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पक्का तालाब चौराहे से नौरंगाबाद चौराहा , नौरंगाबाद चौराहा से कोतवाली से 22 ख्वाजा होते हुए नुमाइश चौराहे तक जनपद भ्रमण कर शुक्रवार जुमा की नमाज

को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने का संदेश दिया एवं लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु अपील की गई एवं ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक विद्यालय महोला विकास क्षेत्र सैफई एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय 1-8 कंपोजिट विद्यालय चकूपुर विकासखंड सैफई बूथों की व्यवस्था हेतु जायजा लिया। उन्होंने वहां पर बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बिजली, पानी, रैंप, सुरक्षा व्यवस्था, सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर उपस्थित सभी मतदान केन्द्रों पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों को मतदान निष्पक्ष, निर्भीक एवं भय मुक्त होकर मतदान किए जाने हेतु जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी हिस्ट्री सीटर या अन्य अपराधी आपको परेशान करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सैफई दीपशिखा, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सदस्यता शुल्क स्वयं डी.बी.ए. इटावा कार्यालय में जमा करें

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जिला बार एसोसिएशन कार्यकारणी की शुक्रवार को कार्यालय में बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एडवोकेट ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए सभी पदाधिकारियों ने डी, बी, ए की सदस्यता 1 मार्च 2024 से जमा करने का प्रस्ताव पास हुआ जो कि पिछली मीटिंग में पास हो चुका था जिन सदस्यों ने अपनी सदस्यता शुल्क जमा नहीं की है वह स्वयं आकर डी, बी, ए, कार्यालय में कार्यालय प्रभारी तुलाराम राजपूत को जून 2024 तक की दिनांक 20 अप्रैल 2024 तक अपनी सदस्यता जमा कर दें उसके बाद किसी भी सदस्य की कोई भी सदस्यता जमा नहीं होगी। सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए सदस्य को स्वयं आना पड़ेगा अपनी सदस्यता जमा करने के लिए। मीटिंग में महामंत्री राजेश यादव अरविंद प्रताप सिंह चौहान सत्येंद्र पाल सिंह यादव गुरु प्रसाद द्विवेदी, मैराज अली खान, जी जी चौधरी अनिल वर्मा कुलदीप यादव प्रदीप कुशवाहा, भुवनेश यादव सचिन दत्त तिवारी रीना यादव, वीर प्रकाश अनिल कश्यप अमित चौरसिया आवे भदौरिया आदि मौजूद रहे।

पत्रकार बन्धुओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

■ मतदाता जागरूकता में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के नेतृत्व में जनपद के पत्रकार बंधुओ की सहभागिता से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ हुई। यह रैली शहर के सिनेमा चैराहा, बड़ा चैराहा, नुमाइश चैराहा से होते हुए वापस कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। रैली के समापन के

उपरांत कलेक्ट्रेट स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में पत्रकार बंधुओ ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पत्रकार सीधे जनता से जुडा होता है। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि पत्रकारों के सहयोग से जनपद का मतदान प्रतिशत अवश्य बढ़ेगा। अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने कहा कि पत्रकार बन्धुओं से सहयोग से मतदाताओं का उत्साह बढ़ेगा और जनपद शीर्ष मतदान वाले जनपदों में शामिल हो सकेगा। स्वीप प्रभारी उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर ने पत्रकार बन्धुओं के उत्साह की सराहना की। पत्रकार बन्धुओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

एसडीएम शाहाबाद ने वेबकॉस्टिंग को लेकर दिए निर्देश

हरदोई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आज उप जिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भाष्कर व क्षेत्राधिकारी शाहाबाद अनुज मिश्रा की अध्यक्षता में समस्त थाना अध्यक्षों, सेकटर ऑफिसर, सुपरवाइज़र, खंड विकास अधिकारी शाहाबाद, टोडरपुर, पिहानी समस्त विभागाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव सकुशल समपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। तहसील सभागार शाहाबाद मे आयोजित बैठक में की क्रिटिकल बूथ, वलनरेबल बूथ पर वेबकास्टिंग किये जाने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदर शाहाबाद , समस्त सुपरवाइज़र एवं समस्त राजस्व निरीक्षक भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु स्थापित एमसीएमसी कक्ष व कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। एमसीएमसी कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न चैनलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सी विजिल ऐप व 1950 पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। प्राप्त शिकायतों का विस्तृत लेखा जोखा रखा जाये। शिकायत प्राप्त होते ही एफएसटी को सूचित किया जाये। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के बाद उन्होंने एकल खिड़की प्रणाली और अनुमति कक्ष का निरीक्षण किया। बैठने की बेतरतीब व्यवस्था देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई तथा तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पसमांदा मुसलमान सिर्फ भाजपा को हराने के लिये न करे वोट: एआईपीएमएम

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ देश की कुल मुस्लिम आबादी के 85 प्रतिशत से भी अधिक आबादी वाले पसमांदा (अति पिछड़ा) मुसलमानों के लिये भारतीय संविधान के लिये समर्पित, राष्ट्रवादी राष्ट्रीय स्तर पर संघर्षरत सामाजिक संगठन है। यह सामुदायिक विकास के लिये आवश्यक शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार, राजनीतिक चेतना जैसे मुख्य मुद्दों के लिये लगातार सरकारों से सम्पर्क स्थापित करके समाज के विकास हेतु विगत कई वर्षों से देश के 13 राज्यों में निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन का मुख्य लक्ष्य देश में

■ पसमांदा हित की बात करने वाली पार्टी को ही वोट करेगा पसमांदा मुसलमान

निवास कर रहे 85 प्रतिशत से अधिक पसमांदा मुसलमानों को राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर सशक्त, स्वावलंबी, स्वाभिमानी, रोजगारपरक, राष्ट्रवादी एवं आत्मनिर्भर बनाकर अन्य विकसित समाज के समानान्तर स्थापित कर देश की मुख्य धारा से जोड़ना है।

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ 13 राज्यों में अपनी ब्लॉक स्तर से राष्ट्रीय स्तर की कार्यकारणी के पदाधिकारियों से गुज़ारिश करता है कि विशेष वर्ग द्वारा बनाए गए बाइनरी से बाहर निकल कर अपने पसमांदा समाज के हित में फैसला करें। भाजपा को हराने के लिए किसी अन्य पार्टी को बगैर किसी आश्वासन के वोट करना विवेक की बात नहीं है। अब पसमांदा मुस्लिम समाज अपने हित के प्रति जागरूक हो चुका है और उसी राजनीतिक पार्टी को वोट देगा जो उसके हित की बात करेगी। अब यह समाज समझ चुका है एक विशेष वर्ग ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए पसमांदा मुस्लिम समाज का सदियों से सिर्फ राजनीतिक इस्तेमाल किया है।

कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय की दूसरी कार्यकारी परिषद की बैठक सम्पन्न

मथुरा। के.एम. की कार्यकारी परिषद की दूसरी बैठक (कृष्ण मोहन) विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने नामित सदस्यों से मुलाकात की। बैठक में कुलपति डा. डीडी गुप्ता एवं कुलसचिव पूरन सिंह के अलावा नामित सदस्यों ने भाग लिया। अध्यादेश के प्रारूप सहित 9 प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में कुलसचिव ने विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य व स्थापना के उपरांत अब तक किए गए कार्यप्रगति के संदर्भ में जानकारी दी। इसके बाद 30 सितम्बर2023 को सम्पन्न हुई कार्यकारी परिषद की बैठक का कार्यान्वयन प्रस्तुत किया।

चिकित्सकीय टीम ने बचाई महिला की जान

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। केएम सुपर स्पेशियलिस्ट हॉस्पिटल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने एक बार फिर गर्भवती महिला की जान बचाने में सफलता हासिल की है। मरीज के गर्भाशय में बच्चा बच्चेदानी की बजाय फैलोपिअन नलिका अटक गया। जिससे फैलोपिअन ट्यूब फट गई थी जिससे मरीज की जान का खतरा बना हुआ था। स्त्री रेग विशेषज्ञ डा. इला अग्रवाल, डा. शिप्रा सक्सेना, डा. देवयानी चौधरी ने सही समय पर ऑपरेशन करके 30 वर्षीय नीरज महिला को नया जीवनदान दिया है। स्त्री व प्रसूति विभागाध्यक्ष डा. धन सिंह ने बताया 30 वर्षीय नीरज नामक महिला को 10 सप्ताह का गर्भ था। महिला को पेट में हल्का दर्द हो रहा था, जिसके बाद उसकी सोनोग्राफी की गई। जांच में पता चला कि गर्भाशय की फैलोपिअन ट्यूब फट चुकी है, जिसमें मृत भ्रूण अटका हुआ था और पेट में खून इकट्ठा होने से मरीज बेहोशी की हालत में जा रही थी। नीरज का पति उसे लेकर केएम हास्पिटल पहुंचा जहां स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को दिखाया, डाक्टर्स ने बिना देरी किए हुए महिला को चार यूनिट खून चढ़ाते हुए उसकी सफल सर्जरी कर उसकी जान बचाई है।

मथुरा पुलिस का लंगड़ा अभियान जारी

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में जनपद पुलिस के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चला जा रहे घर पकड़ अभियान के तहत दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बीती रात पुलिस के साथ बदमाशों की हुई मुठभेड़ में एक हत्या आरोपी और तीन गो तस्कर गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किए गए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने बताया थाना जमुना पार क्षेत्र में 11 फरवरी को मोटरसाइकिल सवार सेल्समैन प्रेम शंकर सारस्वत की गोली मारकर दो बाईक सवार बदमाशों ने हत्या कर दी थी। इस घटना की रिपोर्ट मृतक के पुत्र आशीष कुमार निवासी अलीपुर थाना

■ अलग-अलग मुठभेड़ में चार घायल बदमाश गिरफ्तार

जमुना पार में अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई थी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गहन जांच शुरू कर दी जिसमें दो लोगों के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बलदेव रोड रावल से आगे एक बदमाश की घेराबंदी शुरू कर दी, बदमाश ने पुलिस पार्टी के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग शुरू करते पुलिस में आत्मरक्षा में फायरिंग करना शुरू कर दिया इसमें से एक गोली बदमाश के पैर में लग गई और उसे घायल अवस्था में पकड़ लिया गया पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सुनील पुत्र एदल सिंह निवासी मनोहरपुर थाना महावन जिला मथुरा बताया। पुलिस पूछताछ में सुनील ने 11 फरवरी को हुई घटना को

स्वीकार करते हुए बताया वह और उसका साथ ही युसूफ उर्फ लंबू पुत्र समसुद्दीन निवासी एटीवी के पीछे थाना हाईवे हाल निवासी किशोरपुरा थाना जेवर जिला गौतम बुद्ध नगर ने नशे की हालत में शराब के ठेके पर काम करने वाले सेल्समैन को लूटने के उद्देश्य से घटना की थी लूट में असफल रहने पर दो गोली चलाई, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया राहगीरों को आता देख मौके से भाग खड़े हुए पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए दूसरे अपराधी को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिया एसएसपी ने युसूफ उर्फ लंबू पर 25000 का इनाम घोषित किया है पुलिस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक थाना जमुना पार संजीव कुमार दुबे प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार त्यागी थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार छोटेलाल अतिरिक्त निरीक्षक अवधेश कुमार एसओजी प्रभारी राकेश कुमार यादव स्वाट टीम के प्रभारी अभय कुमार शर्मा सर्वलांस के प्रभारी विकास कुमार शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे।

दूसरी घटना में थाना बरसाना पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर कामा बरसाना रोड पर कार सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई बदमाशों की गोलियों से अपना बचाव करते हुए पुलिस ने जवाबी फायरिंग कर दी जिसमें तीन बदमाश पर में गोली लगने से घायल हो गई जिन्हें पुलिस ने घायल अवस्था में हिरासत में लेकर पूछताछ की घायल बदमाशों में हनीफ पुत्र स्माइल निवासी नई थाना विछोर जिला नूह हरियाणा, ईरशाद पुत्र भुलमल निवासी ताई थाना नुह जिला नूह हरियाणा और जाहिद पुत्र आसू उर्फ आस मोहम्मद निवासी नूह थाना नुह जिला हरियाणा हैं। पुलिस ने बताया पकड़े गए तीनों आरोपी गो तस्कर हैं और शातिर अपराधी है। इनके कब्जे से असलाह और कार के अलावा दो जिंदा गोवंश बरामद हुए हैं। घायल तीनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है पुलिस टीम में प्रभावी रिक्शा थाना बरसाना अरविंद कुमार निर्वाल, उप निरीक्षक अरबिंद पुनिया, संतोष कुमार रोहतास अवधेश कुमार पुरोहित के अलावा आधा दर्जन पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है।

ब्रज तीर्थ विकास ट्रस्ट का प्रयास संवरेगा परिक्रमा मार्ग, खर्च होंगे 20 करोड़

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीडा स्थल के प्राचीन पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग को संवारा जाएगा। करीब 15 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग का विकास उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद कराएगा। आचार संहिता खत्म होने के बाद इसका काम आगे बढ़ेगा।कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अधिकारियों ने स्थानीय गणमान्य लोगों के साथ मथुरा की परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया था। इस दौरान देखा गया कि किन-किन बिंदुओं पर किन किन कार्यों की आवश्यकता है। कहीं परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण था, जहां से निकलना सुगम नहीं था। कई स्थानों पर सड़क टूटी फूटी थी, जिनसे निकले कंकड़ परिक्रमार्थियों के पैरों में चुभ रहे थे। इन्हीं कार्यों का 20 करोड़ का एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है। फिलहाल आचार संहिता के कारण इस पर काम शुरु नहीं कराया जा सका है। आचार संहिता समाप्त होने के तुरंत बाद मथुरा परिक्रमा पर काम शुरु कराया जाएगा।ऐसा है पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग मथुरा की पंचकोसीय परिक्रमा विश्राम घाट से शुरु होकर बंगाली घाट पुलिस चौकी होते हुए सूर्यघाट, सप्तऋषि मंदिर, बलि टीला होते हुए अंबाखार नाला के बगल से होकर रंगेश्वर मंदिर पहुंचते हैं। यहां दर्शन कर पुराने लक्ष्मी टॉकीज के बराबर से सीढ़ी चढ़कर क्वालिटी तिराहा, डैम्पियर नगर, राजकीय संग्रहालय से शिवताल पहुंचते हैं। शिवताल से रेलवे अंडरपास से होकर बीएसए कॉलेज के सामने से होकर कंकाली मंदिर और वहां से बलभद्र कुंड होते हुए सड़क पार कर भूतेश्वर मंदिर, पोतरा कुंड, केशवदेव मंदिर पहुंचते हैं। यहां से महाविद्या देवी मंदिर से सरस्वती कुंड, रोड क्रॉस कर चामुंडा देवी मंदिर पहुंचते हैं। इसके बाद सड़क पार कर गायत्री तपोभूमि के सामने से होकर गोकर्णनाथ मंदिर पहुंचते हैं। वहां से निकलकर कंस किला पर चढ़ते हैं, वहां से उतरकर स्वामी घाट से होते हुए यमुना किनारे होते हुए विश्राम घाट पर आकर परिक्रमा समाप्त होती है। परिक्रमार्थियों की सुरक्षा के लिए भूतेश्वर अंडरपास का निर्माण पांच करोड़ की लागत से कराया जाएगा।

समर सीजन में इस तरह से करें त्वचा की देखभाल



गर्मियों का मौसम शुरु हो चुका है तो ऐसे में त्वचा की देखभाल करना भी बहुत जरुरी है। समर सीजन में तेज धूप का असर त्वचा पर देखने को मिलता है। धूप के कारण कई स्किन से जुड़ी समस्या शुरु हो जाती है। इस मौसम में स्किन का ध्यान रखना जरुरी है। इस लेख हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें आप गर्मियों के सीजन में अपनी त्वचा की देखभाल कर सकते हैं।

चेहरे को साफ रखना जरुरी है

गर्मियों के मौसम में शरीर में काफी पसीना आता है और इसके कारण स्किन से जुड़ी कई सारी समस्या शुरु हो जाती है। ऐसे में चेहरे को साफ रखने के लिए आप फेस वॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं। फेस वॉश का इस्तेमाल आप दिन में दो बार जरुर करें ताकि चेहरे पर जमा गंदगी साफ हो जाए। चेहरे को ठंडे पानी से साफ करें। वहीं आप चेहरे पर स्क्रब का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

त्वचा को मॉइश्चराइज करना

गर्मियों के मौसम में स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए वाटर बेस्ड मॉइश्चराइज का प्रयोग करें। समर सीजन में स्किन को मॉइश्चराइज नहीं करते हैं और इस वजह से चेहरे की रंगत भी खो जाती है। चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए स्किन को मॉइश्चराज करना जरुरी है।

सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें

समर सीजन में जब भी आप घर से बाहर निकले तो धूप से अपनी स्किन को बचाएं। घर के बाहर हो या अंदर सनस्क्रीन प्रयोग जरुर करें। स्किन के अनुसार ही सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। वहीं सनस्क्रीन के लिए आप डॉक्टर या किसी एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकती हैं।

रात को त्वचा की देखभाल करें

चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए रात के समय में स्किन का ध्यान रखना जरुरी है। सोने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें और मॉइश्चराइज करें। वहीं अगर चेहरे पर मेकअप अप्लाई करती हैं तो मेकअप रिमूव करके और चेहरे को अच्छे से साफ करें। इसके बाद आप फेस पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से चेहरे पर जमा सारी गंदगी साफ हो जाएगी और स्किन से जुड़ी समस्या दूर होगी।

सिर पर दिखने लगी है खाली जगह तो इस तरह से करें हेड की मालिश, कुछ ही दिन में दिखेंगे नए बाल

खूबसूरत और घने बाल की चाह हर किसी को होती है। क्योंकि हेयर्स हमारी सुंदरता को बढ़ाता है। जब हमारे बाल हेल्दी और घने होंगे तभी लोग आपकी सुंदरता की तारीफ करेंगे। तनाव और खराब लाइफस्टाइल के चक्कर में बाल झड़ने की समस्या अधिक हो गई है। अगर आप हेड मसाज करते हैं तो ये स्ट्रेस को गायब करेगा और बालों की जड़ों में ब्लड सर्कुलेशन तेज होने से हेयर फोलिकल्स को प्रोत्सहित करने में मदद करता है।

ब्लड सर्कुलेशन इम्प्रूव करना

स्कैल्प की मसाज करने से बालों की जड़ों में रक्त का प्रवाह बढ़ता है। जो यह सुनिश्चित करता है कि स्कैल्प तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और सभी पोषण तत्व पहुंच रह हैं। जो बालों के विकास में सहायक है। एक अध्ययन के मुताबिक हेड मसाज करने से बाल घने होते हैं। इस अध्ययन में 9 पुरुषों को शामिल किया गया था । जिन्होंने 24 हफ्तों तक लगातार 4 मिनट तक हेड मसाज की। अध्ययन के अंत में पता चला कि उन पुरुषों के बाल पहले के मुकाबले में ज्यादा घने पाए गए।

तनाव को कम करें

बालों के झड़ने में तनाव का बड़ा रोल माना जाता है। हेड मसाज से स्ट्रेस लेवल काफी कम हो जाता है। सिर की मालिश से ब्लड फ्लो बढ़ता है। जो हेयरलाइन, कान के पीछे और गर्दन में मांसपेशियों के तनाव को कम करने में मदद करता है और जब स्ट्रेस हॉर्मोन लेवल कम होता है, तो हेयर ग्रोथ भी धीरें-धीरें बढ़ने लगती है।

सिर की मसाज कैसे करें

अगर आप अपने हेयर्स की ग्रोथ को बढ़ाना चाहते हैं, तो हेड मसाज के लिए इन इजी स्टेप्स को अपने डेली रूटीन में जरुर शामिल करना चाहिए। किसी भी हेयर ऑयल से बाल की मसाज न करें। ऑलिव ऑयल और कोकोनट ऑयल हेड मसाज के लिए सबसे बेस्ट है।

इस तरह से करें मसाज

बालों के छोटे-छोटे सेक्शन लेकर अपनी उंगलियों की मदद से मसाज शुरु करें। सबसे पहले आप गर्दन के बीच वाले हिस्से से शुरु करें, उसके बाद सिर पर सामान रुप से तेल को लगाते हुए बालों की जड़ो में अच्छे से मालिश करें। इससे आपका स्ट्रेस भी दूर होगा और बालों की ग्रोथ भी होगी।

हीलस पहनने पर पैरों में होता है दर्द और दो कदम चलना होता है मुश्किल, ये टिप्स बहुत आएंगे काम

आमतौर परआउटफिट के साथ ही बेस्ट फुटवियर सा सिलेक्शन महिलाओं की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है। ग्लैमरस और बोल्ड लुक पाने के लिए अधिकतर महिलाएं हील्स पहनना पसंद करती हैं। हांलाकि कई बार हील्स पहनने से महिलाओं के पैरों में दर्द शुरू हो जाता है। हांलाकि आउटफिट से मैचिंग हील्स महिलाओं के लुक को बेहतर बनाती हैं। लेकिन सभी महिलाओं को हील्स कैरी करने की आदत नहीं होती है।

ऐसे में उनके चलने पर उनके पैरों में दर्द शुरू हो जाता है और पैरों में सूजन आ जाती है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हील्स पहनने के कुछ टिप्स देने जा रहे हैं। साथ ही इसकी मदद से आप पैरों के दर्द से भी छुटकारा मिल जाता है।

चेक करें पैरों का साइज

अमूमन सभी महिलाओं के पैरों का साइज अलग-अलग होता है। लेकिन हील्स के खरीदने के दौरान अधिकतर पैरों की लंबाई पर फोकस करती हैं और चौड़ाई को अनदेखा कर देती हैं। अगर आपके पैर लंबे हैं, तो आपको बंद टेप वाली हील्स नहीं कैरी करना चाहिए। आप वाइड फ्रंट क्लोज्ड और ओपेन टो वाली हील्स आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

बेस

कई महिलाएं अनकंफर्टेबल होने के बाद भी पतले-तलवे वाले हील्स कैरी करती हैं। जिससे पैरों में दर्द होने लगता है। इसलिए हाई हील्स का चुनाव करने के दौरान तलवे वाली हील्स पहनने से बचना चाहिए। वहीं लगातार कई घंटों तक हील्स पहनने के बजाय थोड़ी-थोड़ी देर पैरों को आराम देती रहें।

पेंसिल हील्स

हील्स पहनने के दौरान पैरों में दर्द होने लगता है। ऐसे में नुकीली और पतली हील्स पहनने से बचना चाहिए। ऐसी स्थिति से पैरों के दर्द से बचने के लिए चौड़े प्लेटफॉर्म वाली ब्लॉक हील्स को पहनने से बचना चाहिए।

जानिए हील्स पहनने के टिप्स

हील्स पहनने से पहले पैरों पर ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल करना चाहिए। इस तरीके से पैरों में कट लगने या दर्द होने के चांसेज कम हो जाएंगे। वहीं हील्स पहनने के दौरान पैरों की उंगलियों को टेप से आपस में चिपका दें। इससे पैरों की नसों में खिंचाव नहीं होगा। हील्स उतारने के बाद यदि आप पैरों को स्ट्रेच करती हैं, तब भी आपके पैरों में दर्द नहीं होगा।

नई दुल्हनों को अपने कलेक्शन में शामिल करनी चाहिए ऐसी साड़ियां, लगेंगी बेहद खूबसूरत

साड़ी एक भारतीय परिधान है, जिसको हर महिला पहनना पसंद करती है। घर पर पहनना हो, या किसी पार्टी-फंक्शन में जाना हो साड़ी हर महिला की पहली पसंद होती है और वह इसे पहनने का कोई भी मौका नहीं छोड़ती हैं। घर की कामकाजी महिलाओं से लेकर एयर होस्टेज तक हर महिला गर्व से साड़ी पहनती हैं। वहीं अगर बात उन लड़कियों की हो, जिनकी हाल ही में शादी हुई है। वह काफी शौक से साड़ियां पहनती हैं।

ऐसे में अगर आपकी हाल ही में शादी हुई है और आपको भी साड़ी पहनना पसंद है। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको साड़ी के कुछ प्रकार दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप अपने ससुराल में भी कैरी कर सकती हैं। हर नई दुल्हन के पास इस तरह की साड़ियां होनी चाहिए। जिनको आप पार्टी से लेकर शादी तक पर आसानी से कैरी कर सकती हैं।

बनारसी साड़ी

अधिकतर दुल्हनों को बनारसी साड़ी सबसे ज्यादा पसंद आती है। अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए आप बनारसी साड़ियों को पहन सकती हैं। अधिकतर चटक रंगों में बनारसी साड़ी काफी पसंद आती है।

चिकनकारी साड़ी

कई लोगों को हल्की साड़ियां बहुत पसंद होती हैं। ऐसे में आप लखनऊ की फेमस चिकनकारी वर्क वाली साड़ी पहन सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में भी मिल जाती हैं। आजकल लड़कियों को ज्यादा पसंद आती हैं।

कांजीवरम सिल्क

कांजीवरम सिल्क साड़ियां नई दुल्हनों के लिए काफी अच्छा ऑप्शन है। अगर आपकी हाल ही में शादी हुई है और आपको किसी के घर जाना है, तो आप कांजीवरम सिल्क साड़ी कैरी कर सकती हैं। इस साड़ी के साथ मैचिंग की ज्वेलरी पहनकर अपने लुक को कंप्लीट करें।

बॉर्डर वाली साड़ी

आजकल बॉर्डर वाली साड़ियां काफी चलन में हैं। आप चाहें तो प्लेन साड़ी में हैवी बॉर्डर लगवाकर पूरा लुक बदल सकती हैं। शादी के बाद इस तरह की साड़ी काफी प्यारा लुक देती हैं।

रंगों का रखें खास ख्याल

नई दुल्हन पर चटख रंग बेहद अच्छे लगते हैं। ऐसे में प्रयास करें कि आप और लाल और पीले रंग के कपड़े पहनें। वहीं अगर आपको पेस्टल रंग अच्छा लगता है, तो आप इन्हें भी कैरी कर सकते हैं। नई दुल्हन को कुछ दिनों तक हल्के रंग से दूर रहना चाहिए।

ज्वेलरी से पूरा करें लुक

नई दुल्हन को आउटफिट से मैचिंग की ज्वैलरी के साथ गोल्ड के जेवर भी पहनने चाहिए। इससे दुल्हन सबसे अलग दिखाई देती है। साथ ही नई दुल्हन को मंगलसूत्र जरूर पहनना चाहिए। वहीं हाथों में चूड़ियां और पैरों में पायल जरूर पहनना चाहिए।

हेयर्स की ग्रोथ में मददगार हो सकती हैं ये 5 एक्सरसाइज

फिट रहने के लिए हेल्दी डाइट के साथ-साथ एक्सरसाइज और योग भी काफी जरुरी है। नियमित एक्सरसाइज करने से कई बीमारियां भी दूर होती है। आजकल तनाव और खराब लाइफस्टाइल के चलते ज्यादातर लोगों में बालों से जुड़ी समस्याएं होती है। अगर आपके भी काफी बाल झड रहे हैं तो आप इन एक्सरसाइज के जरिए बालों के ग्रोथ को बढ़ा सकते हैं।

सिर की मालिश

अगर आप नियमित रुप से सिर की मालिश करते हैं तो बालों के रोमों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, पोषक तत्व में बढ़ावा मिलता है और हेयर्स की ग्रोथ भी होती है। रोजाना कुछ मिनट तक गोलाकार गति में मालिश करने के लिए अपनी उंगलियों का उपयोग करें।

उल्टा आसन

नीचे की ओर डाउन होकर या हेडस्टैंड जैसे योग आसन का अभ्यास करने से मस्तिष्क में परिसंचरण में सुधार हो सकता है, जिससे बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है। इस आसन के करने से बालों के रोमों में पोषक तत्वों से भरपूर रक्त लाने में मदद करता है। जिससे बालों को स्वस्थ और तेजी से बढ़ने मदद मिलती है।

कार्डियोवैस्कुलर वर्कआउट

दौड़ना, साइकिल चलना या तैराकी जैसे कार्डियोवैस्कुलर वर्कआउट करने से मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। जो बालों के ग्रोथ का बढ़ाता है और स्कैल्प को हेल्दी रखता है। बेहतर परिसंचरण बालों के रोमों तक पोषक तत्वों और ऑक्सीजन की बेहतर डिलीवरी सुनिश्चित करता है, जिससे बालों के विकास में सहायता मिलती है।

स्कैल्प एक्सरसाइज

स्कैल्प को उभारने से आप स्कैल्प एक्सरसाइज कर सकते हैं। जैसे स्कैल्प टैपिंग या धीरे से खींचना। ये गतिविधियां मस्तिष्क को ढीला करती है, ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करती हैं और घने काले मजबूत बालों के विकास को प्रोत्सहित करने में मदद करती है।

गहरी सांस लेने की एक्सरसाइज

तनाव बालों को विकास में बाधा बन सकता है, इसलिए ध्यान या योग जैसे गहरी सांस लेने में व्यायाम का अभ्यास तनाव के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। कम तनाव का मतलब है स्वस्थ बालों का विकास, क्योंकि तनाव हार्मोन बालों के विकास चक्र पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

तपती गर्मी से स्किन को ठंडक दिलाएंगे ये कूलिंग फेस मास्क

जब मौसम बदलता है तो आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। गर्मी के मौसम में अक्सर तपिश के कारण स्किन में रेडनेस व जलन का अहसास होता है। कभी-कभी गर्मी व पसीने के कारण खुजली भी होती है। ऐसे में आपको इस तरह की चीजों को अपनी स्किन पर अप्लाई करना चाहिए, जो ना केवल आपकी स्किन को पोषण दे, बल्कि इससे स्किन को ठंडक भी मिल सके। इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप घर पर ही कुछ फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल करें। इस फेस मास्क को बनाते समय आप कुछ कूलिंग इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही कूलिंग फेस मास्क के बारे में बता रहे हैं, जो गर्मी में आपकी स्किन को पैम्पर करेंगे-

खीरा और दही से बनाएं मास्क

गर्मी के मौसम में खीरा और दही से मास्क बनाना अच्छा आइडिया हो सकता है। जहां, खीरा एक कूलिंग एजेंट के रूप में काम करता है और दही त्वचा को एक्सफोलिएट और हाइड्रेट करने में मदद कर सकता है।

आवश्यक सामग्री

- 1/2 खीरा
- 1/4 कप सादा दही

इस्तेमाल करने का तरीका

- सबसे पहले आधा खीरा लें और उसे ब्लेंड करें।
- अब इसमें दही मिक्स करके एक स्मूथ पेस्ट बना लें।
- अपने फेस को क्लीन करके इस मास्क को चेहरे पर लगाएं और 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें।
- अंत में, सादे पानी की मदद से चेहरे को धो लें।

पुदीना और दही से बनाएं मास्क

अगर आपके पास खीरा नहीं है तो आप पुदीना का भी इस्तेमाल कर सकते हैं और एक कूलिंग फेस मास्क बना सकते हैं।

आवश्यक सामग्री

- 1/2 कप सादा दही
- 1/4 कप ताजी पुदीने की पत्तियां

इस्तेमाल करने का तरीका

- सबसे पहले पुदीने की पत्तियों को थोड़े से पानी की मदद से पीस लें।
- अब इसे दही के साथ मिक्स करके एक चिकना पेस्ट बना लें।
- अपने चेहरे को क्लीन करें और तैयार मास्क को चेहरे पर लगाएं।

अट्रैटिव लुक पाने के लिए न्यूड लिपस्टिक के साथ अप्लाई करें ये लिप लाइनर, आकर्षक दिखेंगे होंठ

मेकअप करना हर लड़की को पसंद होता है। मेकअप के लिए अलग-अलग प्रोडक्ट का इस्तेमाल किया जाता है। मेकअप प्रोडक्ट में फाउंडेशन, आईलाइनर, पाउडर और आईशैडो आदि शामिल होता है। लेकिन जब तक आप लिपस्टिक अप्लाई न करें तब तक लुक कंप्लीट नहीं होता है। क्योंकि आपके लिप्स बिना कलर के नजर आते हैं। इसके लिए हम अलग-अलग कलर के लिपस्टिक शेड चूज करते हैं। लेकिन यह तभी अच्छा लगता है, जब इसके साथ लिप लाइनर लगाते हैं।

ऐसे में अगर आपको न्यूड लिपस्टिक लगाना पसंद है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि न्यूड लिपस्टिक के साथ आप किन लिप लाइनर कलर को अप्लाई कर सकती हैं।

ब्राउन कलर लिप लाइनर

अगर आपको कॉफी शेड की लिपस्टिक को अप्लाई कर रही हैं, तो इसके साथ आप ब्राउन कलर लिप लाइनर लगा सकती हैं। क्योंकि लाइट कलर के साथ डार्क कलर अच्छा लगता है। इसके लिए आप क्रेयॉन या पेंसिल वाले लिप लाइनर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

पर्पल शेड लिप लाइनर

आजकल की लड़कियों को पिंक कलर लिपस्टिक अप्लाई करना काफी पसंद आ रहा है। आप पिंक लिपस्टिक के साथ पर्पल कलर के लिप लाइनर को अप्लाई कर सकती हैं। पर्पल शेड लिप लाइनर से आउटलाइन करने से आपके लिप्स पाउटी लगते हैं। इससे लिप्स की शेप अलग से दिखाई देती है। वहीं अगर आप इस शेड के क्रेयॉन कलर को चूज करती हैं, तो आपके लिप्स काफी अच्छे लगेंगे।

पिंक कलर लिप लाइनर

अगर आप चाहती हैं कि लिप्स शेप अच्छी लगे, तो लिपस्टिक लगाने से पहले लिप लाइनर का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि जब आप न्यूड कलर की लिपस्टिक के साथ पिंक कलर लिप लाइनर को अप्लाई करती हैं, तो आपको इसमें लाइट और डार्क सारे शेड मिल जाएंगे। इससे आपके लिप्स की शेप भी अच्छी लगेगी।

इन बातों का रखें खास ख्याल

लिप लाइनर स्टोर से ही लेना चाहिए, जिससे कि लिप्स पर कोई दिक्कत न हो।

लिप लाइनर को हाथ पर लगाकर चेक कर लेना चाहिए। इससे आपको यह पता चलेगा कि यह लंबा चलेगा या नहीं। इस दौरान कलर का ध्यान जरूर रखना चाहिए और आपके स्किन टोन से मैच करें।

ट्रैवलिंग के दौरान स्किन केयर रूटीन को न करें नजरअंदाज, वरना स्किन कर सकती है सफर

लगभग हर व्यक्ति को घूमना फिरना पसंद होता है। आज के इस दौर में लोगों को जैसे ही अपनी व्यस्त लाइफस्टाइल से थोड़ा भी फुर्सत का समय मिलता है, तो वह घूमने का प्लान बना लेते हैं। लोग परिवार या दोस्तों के साथ घूमने निकल जाते हैं। वहीं बैचलर्स भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का मौका तलाश रहते हैं। हांलाकि घूमने का प्लान बनाना तो बेहद आसान है, लेकिन ट्रिप के दौरान अपनी स्किन का ध्यान रखना बेहद मुश्किल हो जाता है।

दरअसल, सफर के दौरान त्वचा पर धूल, धूप, मिट्टी और बदलते मौसम का सीधा असर होता है। ऐसे में ब्रेक आउट, सन बर्न, एक्ने और डॉर्क स्पॉट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी सफर के दौरान अपनी त्वचा को सफर नहीं करवाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें यात्रा के दौरान अपनाने के बाद आपकी त्वचा को सफर नहीं करना पड़े।

स्किन केयर प्रोडक्ट

अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो हमेशा अपने बैग में स्किन केयर प्रोडक्ट्स रखने चाहिए। अगर आपके स्किन केयर प्रोडक्ट के ट्रैवल साइज पैकेट नहीं आते हैं। तो मार्केट में आपको कई ऐसे पैकेट्स मिल जाएंगे। जिनमें आप अपने स्किन केयर प्रोडक्ट्स कैरी कर सकते हैं।

मॉइस्चराइजर

हर हाल में ट्रैवलिंग बैग में मॉइस्चराइजर जरूर रखना चाहिए। वहीं बदलते मौसम के कारण स्किन की नमी खो जाती है। ऐसे में मॉइस्चराइजर आपकी त्वचा को सही रखने में सहायता करता है।

सनस्क्रीन

रोड ट्रिप के दौरान आपको अपने साथ सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। सनक्रीन आपको सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने का काम करती है।

शीट मास्क

ट्रैवलिंग के दौरान अपने साथ हमेशा शीट मास्क रखना चाहिए। क्योंकि यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ ही फेस को इंस्टेंट ग्लो देता है। आप शीट मास्क का इस्तेमाल बस और ट्रेन में भी कर सकते हैं।

व्हाइट आउटफिट के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक के ये शेड्स, बेहद कमाल दिखेंगी आप

किसी भी पार्टी या फंक्शन के लिए हम अपने लुक को खास बनाने के लिए खुद को काफी ज्यादा बारीकी से स्टाइल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खुद की स्टाइलिंग के दौरान बॉडी टाइप का भी खास ख्याल रखना होता है। जैसे परफेक्ट मेकअप लुक पाने के लिए आपको अपनी स्किन टोन का ध्यान रखना जरूरी होता है। वैसे ही बॉडी टाइप भी बहुत जरूरी होता है। सफेद कलर के कपड़ों को फैशन ट्रेंड में काफी पसंद किया जाने लगा है। वहीं अक्सर हम लिपिस्टिक का सही शेड चुनने के दौरान कंफ्यूज हो जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लिपस्टिक के कुछ खास शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपके सफेद कलर के आउटफिट को अधिक स्टाइलिश लुक देने में मदद करेंगे।

ग्लॉसी पिंक

अगर आप सटल और ड्यूई लुक पाना चाहती हैं, तो आपको व्हाइट आउटफिट के साथ ग्लॉसी पिंक कलर का लिप शेड चुन सकती हैं। इसके अलावा आप चाहें तो मैट पिंक लिपस्टिक लगाकर फिर ऊपर से ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि यह शेड फेयर से मीडियम स्किन टोन पर बेहतरीन लगेगा।

चॉकलेट ब्राउन

नाइट लुक के लिए यदि आप एलिगेंट और बोल्ड लुक पाना चाहती हैं। तो आपको मैट चॉकलेट ब्राउन लिप शेड ट्राई करना चाहिए। इसके के लिप कलर के साथ आप स्मोकी आई मेकअप लुक रख सकती हैं। प्रयास करें कि अपने लुक को मैट में रखें, जिससे आपको लुक देखने में काफी क्लीन और क्लासी नजर आएगा।

मॉव पिंक

आजकल ब्यूटी ट्रेंड में मॉव शेड्स को काफी ज्यादा सराहा जा रहा है। आप ब्लैक के साथ पिंक कलर का शेड भी पसंद कर सकती हैं। कूल टोन वाले लोग पिंक शेड को चुनना चाहिए। वहीं वार्म टोन को यह शेड अवॉयड करना चाहिए। हांलाकि यह शेड लगभग हर स्किन टोन पर आसानी से मैच कर सकते हैं।

ब्लड रेड

ब्लड रेड शेड आपको आइकॉनिक लुक देने में मदद करता है। ब्लैक के साथ आप ब्लड रेड कलर चुन सकती हैं। थोड़ा ब्लैक टोन वाले डीप रेड कलर चुन सकती हैं। प्रयास करें ब्लैक के साथ हमेशा ब्राइट शेड चुनें। क्योंकि यह शेड आपको बोल्ड लुक देने में मदद करता है। साथ ही यह हर स्किन टोन के लिए काफी बेस्ट रहता है।

एलएसी पर शांति के लिए वार्ता तो अरुणाचल पर सवाल, चीन का दोहरा चरित्र आया सामने

नई दिल्ली। चीन एक तरफ तो अरुणाचल प्रदेश को लेकर लगातार बयानबाजी कर रहा है, लेकिन दूसरी तरफ वह भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात सैनिकों की वापसी के लिए बातचीत भी कर रहा है। बुधवार को बीजिंग में भारत और चीन के विदेश मंत्रालयों की अगुवाई में स्थापित व्यवस्था डब्ल्यूएमसीसी की बैठक हुई है। डब्ल्यूएमसीसी भारत व चीन के बीच सीमा से जुड़े मामलों पर विमर्श करने की व्यवस्था है, जिसकी यह 29वीं बैठक थी। यह बैठक मई, 2020 में पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में चीनी सैनिकों की घुसपैठ से उपजी स्थिति के समाधान के लिए लगातार हो रही है। इसमें दोनों तरफ से सैन्य अधिकारी भी उपस्थित होते हैं। बैठक में मौजूदा समस्या के समाधान को लेकर कोई कामयाबी मिलती तो नहीं दिखती है, लेकिन दोनों देशों की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि आगे भी विमर्श जारी रखा जाएगा। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अंतरिम तौर पर दोनों पक्ष कूटनीतिक व सैन्य स्तर पर वार्ता का दौर जारी रखने को सहमत हैं और मौजूदा समझौतों के आधार पर एलएसी पर अमन व शांति बनाए रखी जाएगी। चीन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, दोनों देशों के बीच सीमा क्षेत्र में प्रबंधन व नियंत्रण को लेकर हो रही प्रगति की सकारात्मक समीक्षा की गई है। अगले चरण को लेकर बहुत ही साफ व विस्तार से बात हुई है।

बसपा प्रमुख मायावती ने अंसारी की मौत की गहन जांच करने की मांग की

नई दिल्ली। गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी का गुरुवार शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। तबीयत बिगड़ने पर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। अंसारी की मौत के बाद से पूरे यूपी में पुलिस अलर्ट मोड पर है। अंसारी मऊ सदर निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे थे। अंसारी पर 60 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे, जिसमें से 8 मामलों में उसे सजा हो चुकी थी। अंसारी की मौत के बाद से कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है। कोई इसे साजिश करार देते हुए मामले की जांच करने को कह रहा है तो कोई मौत को निंदनीय बता रहा है। आइये जान लेते है किसने क्या कहा? अंसारी की मौत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, समाजवादी पार्टी ने X (पूर्व में ट्विटर) पर अंसारी की मौत पर दुख प्रकट किया। सपा ने हिंदी में पोस्ट कर लिखा पूर्व विधायक श्री मुख्तार अंसारी जी का इंतकाल, दुःखद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने का संबल प्राप्त हो। विनम्र श्रद्धांजलि ! मौत को संस्थागत हत्या करार देते हुए पूर्व सांसद पप्पू यादव ने एक्स पर लिखा, पूर्व विधायक

प्रकट

अंसारी की मौत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, समाजवादी पार्टी ने X (पूर्व में ट्विटर) पर अंसारी की मौत पर दुख प्रकट किया।

मुख्तार अंसारी की सांस्थानिक हत्या। कानून, संविधान, नैसर्गिक न्याय को दफन कर देने जैसा है। कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने अंसारी की मौत पर यूपी सरकार पर सवाल उठाए। समाचार एजेंसी से बात करते हुए उन्होंने कहा आज मुख्तार अंसारी की जेल में मौत बीजेपी के नेतृत्व वाली यूपी सरकार पर एक बड़ा सवाल उठाती है। इसकी गहन जांच होनी चाहिए ताकि सभी को पता चल सके कि जेलों में क्या हो रहा है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अंसारी की मौत पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने × पर लिखा यूपी से पूर्व विधायक श्री मुख्तार अंसारी के इंतकाल का दुःखद समाचार मिला।

परवरदिगार से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। कुछ दिन पूर्व उन्होंने शिकायत की थी कि उन्हें जेल में जहर दिया गया है फिर भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। प्रथम दृष्टया ये न्यायोचित और मानवीय नहीं लगता। संवैधानिक संस्थाओं को ऐसे विचित्र मामलों व घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।यूपी से पूर्व विधायक श्री मुख्तार अंसारी के इंतकाल का दुःखद समाचार मिला। परवरदिगार से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्तार अंसारी के मौत के बाद AIMIM सांसद असदुद्दीन औवेसी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ङ्ग पर लिखे पोस्ट में मुख्तार अंसारी की मौत को निंदनीय बताया है। उन्होंने अंसारी की तस्वीर पोस्ट कर लिखा कि इन्ना लिल्लाही वा इन्ना इलैही रजियून. अल्लाह से दुआ है के वो मुख़्तार अंसारी को मग़फ़िरह अदा करें, उनके ख़ानदान और उनके चाहने वालों को सब्र-ए-जमील अदा करें। गाजीपुर की अवाम ने अपने चहीते बेटे और भाई को को खो दिया. मुख्तार साहब ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया था के उन्हें ज़हर दिया गया था. बावजूद इसके, सरकार ने उनके इलाज पर तवज्जोह नहीं दिया। निंदनीय और अफसोसजनक। बसपा प्रमुख मायावती ने अंसारी की मौत की गहन जांच करने की मांग की है। उन्होंने × पर पोस्ट कर लिखा मुख़्तार अंसारी की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। ऐसे में उनके परिवार का दुःखी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

न्यायपालिका पर दबाव डालने का प्रयास कर रहा खास समूह

नई दिल्ली। राजनीतिक गहमागहमी के बीच अब न्यायपालिका पर भी तीखी टिप्पणियां होने लगी हैं। ऐसे में वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे, बार काउंसिल

ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सहित 600 से अधिक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर एक खास समूह पर निहित स्वार्थ से न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।पत्र में बिना किसी का नाम लिए कहा गया है कि एक खास समूह राजनीतिक एजेंडा साधने के लिए तुच्छ तर्कों के आधार पर निहित स्वार्थों से न्यायपालिका पर दबाव बनाने, न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और अदालतों को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। प्रधान न्यायाधीश को यह चिट्ठी ऐसे समय भेजी गई है जब अदालतें विपक्षी नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के हाई प्रोफाइल मामलों से निपट रही हैं। विपक्षी दल लगातार राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उनके नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, सत्तारूढ़ दल ने आरोपों का खंडन किया है। प्रधान न्यायाधीश को भेजे पत्र में वकीलों ने चिंता जताते हुए कहा है कि यह निहित स्वार्थ वाला समूह अदालतों के पुराने तथाकथित सुनहरे युग के गलत नरेटिव गढ़ते हैं और अदालतों की वर्तमान कार्यवाही पर सवाल उठाते हैं। ये राजनीतिक लाभ के लिए जानबूझकर कोर्ट के फैसलों पर बयान देते हैं। यह परेशान करने वाली बात है कि कुछ वकील दिन में नेताओं का बचाव करते हैं और रात में मीडिया के जरिये जजों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। इस समूह ने बेंच फिक्सिंग का पूरा सिद्धांत गढ़ा है जो कि न सिर्फ अपमानजनक व अवमानना पूर्ण है, बल्कि अदालतों के सम्मान और प्रतिष्ठा पर हमला है।

वायुसेना की क्षमता होगी दोगुनी, नए तेजस लड़ाकू विमान को देख कांप उठेंगे दुश्मन

बेंगलुरु। भारत ने रक्षा विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। बीते दिन 4.5 पीढ़ी के संपूर्ण स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस के एमके1ए वैरिएंट के पहले विमान एलए 5033 ने सफल उड़ान भरी। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाईअड्डे से इसका परीक्षण किया गया। यह विमान लगातार 18 मिनट तक हवा में रहा। रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनी एचएएल ने बताया कि तेजस एमके1ए विमान ने हवा में 18 मिनट बिताने के बाद सुरक्षित लैंडिंग की। इस उड़ान का संचालन चीफ टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन केके वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया।

तेजस एमके1ए को जल्द ही वायुसेना में शामिल किया जाएगा, जिससे वायुसेना की क्षमता दोगुनी हो जाएगी। एचएएल की मानें तो तेजस एमके1ए में उन्नत इलेक्ट्रानिक रडार, युद्ध और संचार प्रणाली, बेहतर युद्ध क्षमता और बेहतर सुविधाएं होंगी।

तेजस एमके1ए भारतीय वायुसेना के लिए स्वदेशी 4.5 पीढ़ी का हर मौसम में काम करने वाला बहुउद्देशीय लड़ाकू लड़ाकू विमान है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए लड़ाकू के लिए फरवरी 2021 में एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

एमके-1ए अन्य सुधारों के अलावा डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बेहतर एईएसए (सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैन की गई सरणी) रडार, उन्नत दृश्य-सीमा (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और बाहरी आत्म-सुरक्षा जैमर पॉड के साथ आएगा।

रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया

नई दिल्ली। 600 वकीलों द्वारा सीजेआई को लिखे पत्र को लेकर अब भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। शंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि कुछ लोग,

अधिक्रमण

ये वे लोग हैं जिन्होंने एक समय 1970 के दशक में कांग्रेस सरकार द्वारा न्यायाधीशों को अधिक्रमण करने की सराहना की थी।

जिनमें कांग्रेस प्रतिष्ठान के करीबी भी शामिल हैं, न्यायपालिका के बारे में हमेशा बहुत गंभीर दृष्टिकोण रखते हैं। प्रसाद ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका एक असाधारण संस्था है और उसे किसी भी मुद्दे पर अपनी इच्छानुसार निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। इससे पहले, पीएम मोदी ने भी वरिष्ठ वकील द्वारा उठाई गई चिंताओं का समर्थन किया और कहा कि डराना और धमकाना कांग्रेस की संस्कृति है। भाजपा सांसद ने कहा यह वास्तव में दुखद है कि कुछ लोग, जिनमें कांग्रेस

प्रतिष्ठान के करीबी लोग भी शामिल हैं, हमेशा न्यायपालिका के बारे में बहुत गंभीर दृष्टिकोण रखते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किस तरह के फैसले आए हैं। ये वो लोग हैं जो एक समय प्रतिबद्ध न्यायपालिका की बात करते थे। ये वे लोग हैं जिन्होंने एक समय 1970 के दशक में कांग्रेस सरकार द्वारा न्यायाधीशों को अधिक्रमण करने की सराहना की थी। भारतीय न्यायपालिका एक असाधारण संस्था है। हमें इस पर बहुत गर्व है। हरीश साल्वे जैसे प्रतिष्ठित वकीलों सहित 600 से अधिक वकीलों ने सार्वजनिक रूप से अपनी चिंता व्यक्त करते हुए CJI को पत्र लिखा है। भाजपा सांसद ने कहा कि न्यायपालिका को किसी भी मुद्दे पर निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। भारत के संविधान ने उन्हें यही शक्ति दी है और उस पर सवाल उठाना बेहद अनुचित है। बता दें कि पत्र पर वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे, मनन कुमार मिश्रा, आदीश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होल्ला और स्वरूपमा चतुर्वेदी, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल और सुप्रीम कोर्ट सहित प्रमुख वकीलों ने हस्ताक्षर किए हैं। बता दें कि यह चिट्ठी सीजेआई को उस समय मिली है जब अदालतें विपक्षी नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के हाई प्रोफाइल मामलों से निपट रही हैं। सीजेआई को भेजे पत्र में वकीलों ने चिंता जताते हुए कहा है कि ये निहित स्वार्थ समूह अदालतों के पुराने तथाकथित सुनहरे युग के गलत नैरेटिव गढ़ते हैं और अदालतों की वर्तमान कार्यवाही पर सवाल उठाते हैं। ये राजनैतिक लाभ के लिए जानबूझकर कोर्ट के फैसलों पर बयान देते हैं। पत्र में कहा गया है कि यह परेशान करने वाली बात है कि कुछ वकील दिन में नेताओं का बचाव करते हैं और रात में मीडिया के जरिए जज को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। इस समूह ने बेंच फिक्सिंग का पूरा सिद्धांत गढ़ा है जो कि न सिर्फ अपमानजनक और अवमानना पूर्ण है बल्कि अदालतों के सम्मान और प्रतिष्ठा पर हमला है।

ईवीएम की जगह बैलेट से चुनाव कराने के बघेल प्लान पर भी EC की तैयारी

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की खिलाफत के नए प्लान से भले ही चुनावी प्रक्रिया से जुड़े लोग विचलित है, जिसमें खुद चुनाव आयोग भी शामिल है, लेकिन ऐसा भी नहीं है, कि आयोग इसे लेकर हाथ पर हाथ धरे बैठा है। आयोग ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए लंबे समय से काम भी कर रहा है। यह बात अलग है कि आयोग ने अभी इसे लेकर अपने पत्ते नहीं खोले है, लेकिन जानकारों की मानें तो ऐसी स्थिति में आयोग अधिकतम संख्या की दो ईवीएम यूनिटों का भी इस्तेमाल कर सकता है, जिसमें 24-24 बैलेट यूनिट के दो सेट लगेंगे। ऐसे में नोटा सहित 767 प्रत्याशियों के मैदान में उतरने पर भी ईवीएम के जरिए आसानी से चुनाव कराए जा सकते है।

जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत, 114 अस्पताल में भर्ती; कईयों की किडनी में दिक्कत

समस्याएं

इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं।

टोक्यो। जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत हो गई, जबकि 114 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोबायासी फार्मास्युटिकल ने पिछले हफ्ते अपने प्रोडक्ट को बाजार से वापस लेने की घोषणा की थी। आरोप है कि कंपनी मामले में देरी की है। इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, इसके पीछे के कारण का अबतक पता नहीं चल पाया है।कोबायाशी फार्मास्युटिकल वर्षों से बेनिकोजी उत्पाद बेच रही है। पिछले तीन वर्षों में दस लाख पैकेज बेचे गए हैं, लेकिन 2023 में उत्पादित प्रोडक्ट के साथ यह समस्या सामने आई है। कंपनी ने कहा कि उसने पिछले साल 18.5 टन बेनिकोजी का उत्पादन किया था।कंपनी ने सप्लीमेंट सहित सभी उत्पादों को वापस लिया है जिनमें बेनिकोजी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि और मौतें हो सकतीं हैं। सप्लीमेंट्स को डाक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना दवा दुकानों पर खरीदा जा सकता है। उन्हें आशंका है कि वापसी से पहले इसे कुछ अन्य लोगों और विदेशी पर्यटकों ने खरीदा हो। कंपनी के अध्यक्ष अधिकारी अकिहिरो कोबायाशी ने लोगों से माफी मांगी है।

अफगानिस्तान में कांपी धरती, 4.6 की तीव्रता से लगे भूकंप के झटके

काबुल। अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान (एनसीएस) केंद्र ने बताया कि शुक्रवार सुबह 5:11 बजे अफगानिस्तान में भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.6 रही। एनसीएस डेटा के अनुसार, भूकंप का केंद्र अक्षांश 36.04 और देशांतर 71.19 पर 110 किमी की गहराई पर पाया गया। अभी तक किसी जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं आई है।

म्यांमार में भीषण सड़क हादसा, कई वाहनों की टक्कर में 27 लोग घायल, एक की ऑन द स्पॉट मौत

यांगून। म्यांमार के मांडले क्षेत्र में कई वाहनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना मिकटीला शहर में शाम करीब 4:20 बजे गुरुवार को हुई। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, एक कार ने पहले एक साइकिल को टक्कर मारी और फिर कपड़ा फैक्ट्री के कर्मचारियों को ले जा रहे दूसरे वाहन से टकरा गई।

इस दौरान साइकिल चलाने वाले की मौके पर ही मौत हो गई। मायोसेट थिट मायट पारामी बचाव संगठन के एक अधिकारी क्याव को को ने सिन्हुआ को बताया कि दोनों वाहनों के कुल 27 लोग घायल हुए है। वहीं, मृतक एक महिला थी।

उम्मीद है कि भारत में सभी के अधिकार सुरक्षित रहेंगे

संयुक्त राष्ट्र। भारत समेत कई अन्य देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं, जिसको देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो। महासचिव स्टीफन दुजारिक के प्रवक्ता ने ये टिप्पणी गुरुवार को उस समय की जब वह भारत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उनसे आगामी आम चुनावों से पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और विपक्षी कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के मद्देनजर भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल किया गया था। डुजारिक ने कहा, हमें बहुत उम्मीद है कि भारत में, जैसा कि चुनाव वाले किसी भी देश में होता है, राजनीतिक और नागरिक अधिकारों सहित सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी और हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम होगा। संयुक्त राष्ट्र की यह प्रतिक्रिया केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के

प्रवक्ता

महासचिव स्टीफन दुजारिक के प्रवक्ता ने ये टिप्पणी गुरुवार को उस समय की जब वह भारत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

बैंक खातों को जब्त करने पर इसी तरह के सवाल पर अमेरिका द्वारा भी प्रतिक्रिया देने के एक दिन बाद आई है। दरअसल, बुधवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी के विरोध में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब किया गया था। इसके कुछ घंटों बाद, वाशिंगटन ने फिर दोहराया कि यह निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। अमेरिकी राजनयिक को दिल्ली में तलब किए जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, मैं किसी निजी राजनयिक

बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने अभी यहां से कहा है, कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए और हम यही बात निजी तौर पर स्पष्ट कर देंगे। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने मिशन के कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को दिल्ली में साउथ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय में बुलाया। बैठक 30 मिनट से अधिक समय तक चली। गुरुवार को, भारत ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया टिप्पणी अनुचित है और कहा कि देश को %अपने स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है और उन्हें किसी भी प्रकार की अनुचित बाहरी गतिविधियों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान नई दिल्ली में कहा कि भारत की चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं पर कोई भी बाहरी आरोप पूरी तरह से अस्वीकार्य है। जयसवाल ने गुरुवार को कहा, भारत में कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं। इससे पहले बुधवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा था कि भारत ने कुछ कानूनी कार्यवाही के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताई है।

मेडागास्कर में चक्रवात गैमेन का कहर, 14 लोगों की हुई मौत; देश के सात क्षेत्र पूरी तरह से तबाह

एंटानानारिवो। चक्रवात गैमेन के कारण मेडागास्कर में 14 लोगों की जान चली गई। वहीं, तीन अन्य घाय हो गए, जबकि तीन अन्य लोग अभी भी लापता हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से गुरुवार को मेडागास्कर के राष्ट्रीय जोखिम और आपदा प्रबंधन कार्यालय (बीएनजीआरसी) ने कहा कि बुधवार की सुबह चक्रवात गैमेन ने मेडागास्कर के उत्तरी सिरे पर भूस्खलन किया। वहीं, 150 किमी प्रति घंटे की औसत हवाएं और 210 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से भारी बारिश हुई। देश के सात क्षेत्रों को तबाह करने वाले चक्रवात से 9,024 घरों सहित कुल 36,307 लोग प्रभावित हुए है। लगभग 18,565 लोगों या 4,849 परिवारों को विभिन्न इलाकों में फैले 68 आपातकालीन स्थलों को खाली करने और शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

बाइडन शर्म करो..., चुनावी चंदा जुटाते समय अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने लगे नारे

मतदान

अमेरिका में आगामी पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होना है। इसमें डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से जो बाइडन फिर से मैदान में हैं।

न्यूयार्क। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व उनकी पार्टी के दो पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन चंदा एकत्र करने के लिए न्यूयार्क में गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में साथ नजर आए, लेकिन मैनहटन के विशाल सभागार में फलस्तीन समर्थकों ने रंग में भंग डाल दिया। उन्होंने बाइडन प्रशासन पर गाजा संकट से निपटने में विफलता का आरोप लगाते हुए जोरदार हंगामा किया। इससे राष्ट्रपति बाइडन का चुनावी अभियान बाधित हुआ। अमेरिका में आगामी पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होना है। इसमें डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से जो बाइडन फिर से मैदान में हैं। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उनके सामने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप हैं। मैनहटन के रेडियो सिटी म्यूजिक हाल में आयोजित कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने किया। बाइडन को फिर से राष्ट्रपति चुने जाने के लिए चलाए गए अभियान में रिकार्ड 2.5 करोड़ डालर का चुनावी चंदा एकत्र हुआ, लेकिन विशाल सभागार में उस समय खलबली मच गई जब प्रदर्शनकारी जो बाइडन शर्म करो का नारा लगाते हुए हंगामा करने लगे। प्रदर्शनकारी आरोप लगा रहे थे कि बाइडन प्रशासन द्वारा गाजा संकट से ठीक से न निपट पाने कारण अब तक 30 हजार से अधिक फलस्तीनियों को जान गंवानी पड़ी है। ओबामा और क्लिंटन ने गाजा संकट को लेकर राष्ट्रपति बाइडन का दृष्टिकोण पेश किया, कहा-यह राजनीतिक वास्तविकताओं पर आधारित है।

स्पेन में समुद्र किनारे ऊंची लहरों और तेज हवाओं का कहर, तट पर खड़े चार लोगों की मौत

मैड्रिड। स्पेन के कई हिस्सों में तेज हवाओं और तेज बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। अटलांटिक और भूमध्यसागरीय तटों पर तीन घटनाओं में समुद्र में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। दक्षिण-पश्चिम में पुर्तगाल के तट पर ऊंची लहरों की चेतावनी के बीच ये मौतें हुईं।

गाजा के अस्पताल में दूसरी बार भड़की लड़ाई, 200 लड़ाके मारे गए; 800 गिरफ्तार

यरुशलम। गाजा सिटी के अल शिफा अस्पताल और इसके आसपास के इलाकों में भीषण लड़ाई जारी है। साढ़े पांच महीने के युद्ध में गाजा सिटी में दूसरी बार लड़ाई भड़की है। हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाके अस्पताल के भीतर और अन्य ठिकानों से इजरायली सैनिकों और उनके टैंकों पर रॉकेट और मोर्टार से हमले कर रहे हैं। 18 मार्च को अस्पताल परिसर में घुसे इजरायली सैनिकों ने अभी तक वहां पर 200 से ज्यादा लड़ाकों को मारा है। इजरायली सैनिकों ने अस्पताल परिसर से 800 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में करीब 500 की हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के तौर पर पुष्टि हो चुकी है। गाजा के सबसे बड़े इस अस्पताल में हजारों बेघर लोगों ने शरण ले रखी है। इनके बीच छिपे लड़ाकों ने जब इजरायली सैनिकों पर हमले शुरू किए तब अस्पताल परिसर में इजरायली सेना घुसी थी। लड़ाई में अस्पताल परिसर में शरण लिए आमजनों और मरीजों के घायल होने की सूचना है। लड़ाई के

चलते उनके इलाज में बाधा आ रही है। समुचित इलाज के अभाव में पांच लोगों के मरने की सूचना है।

अस्पताल में मौजूद आमजनों और मरीजों के लिए खाने की किल्लत भी पैदा हो गई है। गाजा के कई अन्य स्थानों पर भी लड़ाई जारी है, मरने वाले कुल फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 32,552 तक पहुंच गई है। इस बीच फलस्तीन प्राधिकार के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने गुरुवार को नया मंत्रिमंडल घोषित किया। करीब 20 वर्षों से प्राधिकार का नेतृत्व कर रहे अब्बास ने मार्च के शुरू में अपने निकट सहयोगी मुहम्मद मुस्तफा को प्रधानमंत्री बनाया था। अब वह विदेश मंत्री की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। गाजा में कब्जे में आए शहरों के घरों में घुसकर इजरायली सैनिक वहां मिले महिलाओं के अधोवस्त्रों से खेलते और उन्हें दिखाते हुए अपमानजनक टिप्पणियां करते हुए वीडियो बना रहे हैं। सैनिकों के इन कृत्यों के वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहे हैं। ये कृत्य महिलाओं के अपमानित करने वाले हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन भी हैं। अब इन्हें लेकर इजरायली कार्रवाई पर नई चर्चाएं पैदा हो रही हैं।

मै भारत हूँ व माई वोट माई डयूटी लघु फिल्म के माध्यम से मतदान करने की अपील

अवधनामा संवाददाता

मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सिनेमा घरों में लघु फिल्म प्रदर्शित किया जा रहा है

जौनपुर। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में जनपद में चल रहे स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में शुक्रवार को केवल पैलेस सिनेमा हाल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जहाँ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनवाई गई मतदान के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए लघु फिल्म ÷मै भारत हूँ÷ और ÷माई वोट माई डयूटी÷ को सिनेमा घर में स्क्रीनिंग से पहले और प्रत्येक फिल्म के अन्तराल के दौरान प्रदर्शित किया जा रहा है। इस लघु फिल्म में कई सिलेब्रिटी अभिनेता व भारतीय खिलाड़ियों के विडियो संदेशों को संकलित किया गया है। मशहूर हस्तियों ने लोगों से अपील किया है कि मतदान करने के अपने कर्तव्य को अवश्य निभाएं क्योकि लोकतंत्र में मतदान को गौरव का प्रतीक माना जाता है।

इस अवसर पर राज्य कर अधिकारी रंजन विजय रत्न ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद जौनपुर के सिनेमा घरों में मतदाता जागरूकता संबंधी इस लघु फिल्म को लगातार प्रसारित किया जा रहा है। इस लघु फिल्म में एक वोट का मूल्य विषय पर कई मशहूर हस्तियों के संदेशों को शामिल किया गया है। फिल्म का उद्देश्य नागरिकों को अपने वोटो के महत्व को पहचानने के लिए प्रेरित करना है।

जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने फिल्म देखने आये लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि सबसे महत्वपूर्ण कार्य मतदान है, आइये देश के लिए मतदान करें। चुनाव का दिन कोई छुट्टी का दिन नहीं है यह कर्तव्य का दिन है। इसलिए सभी मतदाताओं से अपील है कि लोकसभा चुनाव 2024 में 25 मई को अपना वोट ज़रुर करें।

इस अवसर पर प्रबंधक कुलदीप तिवारी, अभिषेक मौर्य, संतोष उपाध्याय, विधा मौर्या, सत्यम, सहित दर्शक उपस्थित रहे।

अवैध देसी कट्टा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। रामपुर पुलिस टीम ने अवैध देशी कट्टा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में ग्राम गन्धौना गड़ही पुलिया से अभियुक्त आशीष यादव उर्फ बड़कऊ यादव पुत्र राजकरन यादव ग्राम राजापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को एक देशी कट्टा .315 बोर व एक कारतूस .315 के साथ गिरफ्तार किया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त आशीष यादव उर्फ बड़कऊ यादव उपरोक्त के विरुध्द मु0अ0सं0-35/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा गया।

रास्ता बन्द करने का प्रयास पुलिस हस्तक्षेप से विफल

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला वाजिदपुर दक्षिणी चांदमारी कालोनी में षुक्रवार को सवेरे एक आम नागरिक के व्यक्तिगत रास्ते को दबंगों द्वारा अवरूद्ध करते हुए जबरन बड़ा गेट लगाने का प्रयास पुलिस के हस्तक्षेप से विफल हो गया। उक्त मोहल्ला निवासी डा0 ज्ञान प्रकाश सिंह ने थानाध्यक्ष को दिये गये आवेदन में बताया कि इसी मोहल्ले के निवासी विपक्षी बीरबल पुत्र राम प्रताप व उनके पुत्र प्रार्थी के व्यक्तिगत बनाये गये सीवर लाइन व रास्ता जिसपर अगल बगल के लोग आते जाते व पानी का निकास होता है उसे अवरूद्ध करते हुए बिना मास्टर प्लान से अनुमति लिये बलपूर्वक गेट

लगाकर रास्ते को अवरोधित कर रहे है। उसे रोका जाना आवश्यक है। इस पर पुलिस ने तत्काल सख्ती से गेट लगाने से रोका तो बीरबल और उसके पुत्रों द्वारा गुण्डई करते हुए जेसीबी से रास्ता जोतने और खिड़की दरवाजा बन्द करने की धमकी पुलिस के सामने दिया जाने लगा। अन्त में पुलिस के कड़े रूख पर गेट लगाना बन्द हो गया लेकिन वह थाने पर नहीं गया। जबकि डा0 ज्ञान प्रकाश अपने रजिस्ट्री और अन्य कागजात के साथ मौके पर जाकर थानाध्यक्ष से मिलकर पूरी स्थिति से अवगत कराये। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि किसी भी हालत में गेट नहीं लगने पायेगा और किसी का रास्ता बन्द नहीं किया जा सकता है।

बुआ को बचाने में हाइटेशन तार के चपेट में आने से भतीजी की गई जान

अवधनामा संवाददाता

लालगंज ,आजमगढ़। देवगांव कोतवाली के गड़ौली गांव में एक व्यक्ति के मकान के पास से हाईटेंशन तार गुजरा है। बृहस्पतिवार की रात में छत पर टहल रही बुआ तार की चपेट में आ गई, वहीं पास में मौजूद भतीजी बुआ को बचाने गई और तार की चपेट में आ गई। दोनों को परिवार के लोग प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने भतीजी को मृत घोषित कर दिया। जबकि बुआ को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने भतीजी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देवगांव कोतवाली के गड़ौली गांव निवासी लाल बहादुर यादव के मकान के पास से हाइटेंशन तार गुजरा है। बृहस्पतिवार की रात उसकी 50 वर्षीय बहन मालती यादव और 35 वर्षीय भतीजी सोनी यादव छत पर टहल रही थीं। तभी बुआ तार की चपेट में आ गई। यह देख सोनी यादव उसे बचाने के लिए भागी, जैसे ही उसने बुआ को खींचने की कोशिश की वह भी करेंट की चपेट में आ गई। बुआ तार के झटके से छत से नीचे जा गिरी, जबकि सोनी तार से चिपकी रही। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गांव के लोगों की सूचना पर विद्युत विभाग ने बिजली काटी तो सोनी सहित उसकी बुआ को परिवार के लोग उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने भतीजी सोनी को मृत घोषित कर दिया। बुरी तरह से झुलसी बुआ मालती का उपचार चल रहा है। बता दें कि देवगांव कोतवाली के गडौली गांव निवासी लालबहादुर यादव की बहन मालती यादव 50 वर्ष पत्नी टिल्लू गंभीरपुर थाना के उमरी श्री और सोनी यादव 35 पत्नी शैलेश यादव मेहनाजपुर थाना के सिधौना की निवासिनी है।

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। तीन दिन पहले मुम्बई में विवाहिता शिल्पी सिंह ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली थी। जिसके बाद विवाहिता का शव देर रात मुंबई से उसके घर हौज आया। इस दौरान शव आते ही मृतक विवाहिता के घर वालो ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव को लेकर जफराबाद थाने पर पहुँच गए। परिवार वालो ने करीब एक घण्टे तक थाने पर जमे रहे।इस दौरान पुलिस वालों ने समझा बुझाकर रात में सभी को घर भेजा। इस दौरान मृतका के परिवार वाले और लड़के परिवार वाले झगड़ा करने लगे।किसी तरह से गांव वालों ने दोनों लोगो को समझा कर मामला शांत कराया। फिर जाके परिजनों ने उसका दाह संस्कार कराया। जफराबाद थाना के हौज गांव के रहने वाले गोविन्द सिंह की अपने पत्नी शिल्पा सिंह व 15 माह की बच्ची को लेकर मुंबई में रहता था। दो साल पहले गोविन्द और शिल्पा की शादी हुई थी। बीते 26 मार्च को भगवती सिंह और शिल्पी में विवाद हो गया। जिसके बाद शिल्पी ने मुंबई में ही गोविन्द सिंह के जाने के बाद कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। तीन बाद 29 मार्च को भोर में शिल्पी का शव हौज में आया। इस दौरान शिल्पी के भाई ने शव को लेकर थाने पर पहुँच गया। मृतका की माँ ने आरोप लगाया कि दहेज में एक लाख रु मांगता था।

लडके की माता सुमित्रा देवी का कहना है कि दोनों रोजी रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते थे। तीन पहले लड़का काम करके वापस आया तो शिल्पा ने बच्चे को मारने लगी। जिसको देखकर गोविन्द ने उसे दो थप्पड़ मार दिया। जिससे नाराज होकर वह फांसी लगा ली। शिल्पा की माँ ने आरोप लगाया कि एक लाख रु दहेज माँग रहा था और गोविंद किसी दूसरी औरत से फोन पर बात करता था। आए दिन गोविंद उसे मारता पीटता था।

दुश्मन से बने दोस्त तो मुख्तार ने कराई अतीक अहमद को रेलवे के कबाड़ के धंधे में एंट्री

अवधनामा संवाददाता

अबू सलेम और अतीक अहमद की दोस्ती का सूत्रधार था मुख्तार अंसारी

पप्पू गंजिया से भी मुख्तार का था याराना

प्रयागराज। माफिया सरगना अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी दोनों के काले धंधे जरूर अलग-अलग थे लेकिन कुछ मजबूरियां उन्हें न केवल करीब ले आई बल्कि दोनों ने मिल-बांटकर काम शुरू कर दिया था। इतना ही नही अबू सलेम और अतीक के दोस्ती का धार माफिया मुख्तार अंसारी बन गया था। उत्तर प्रदेश के माफिया सरगना अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी दोनों के बीच बड़ी अदावत थी। दोनों के काले धंधे का साम्राज्य भी अलग-अलग था, लेकिन कुछ मजबूरियां उन्हें न केवल उन्हे करीब ले आई, बल्कि दोनों ने मिलकर अवैध काले साम्राज्य को बढ़ाने का काम किया था। रेलवे में कोयले के साथ विशेष रूप से स्क्रैप की ठेकेदारी के काम में मुख्तार अंसारी ने अतीक वो दोस्ती के बाद काम करने का मौका दे दिया था। जिसके बाद पूर्वांचल में मुख्तार को जमीन के कारोबार करने के लिए पूरी तरह से राज मिल गया था। इसका मकसद सिर्फ इतना था जब इन दोनों माफियाओं की अदावत का लाभ कोई दूसरा न उठा ले। सूत्रों की माने तो मुख्तार अंसारी मुख्य रूप से रेलवे का स्क्रैप और कोयले गई बड़ी ठेकेदार था। मुख्तार का काला कारोबार पूर्वांचल से लेकर पश्चिम यूपी तक पांव पसारा हुआ था। मुख़्तार के बिना आदेश के रेलवे के स्क्रैप और कोयले का कोई टेंडर नहीं ले सकता था। लेकिन उन्नाव के एम एल सी अजीत सिंह एक वर्ष 1995 के बाद इस काम में दखल दिया था। जिसके बाद मुख्तार ने अजीत सिंह घर जानलेवा हमला करवा दिया था। जिसमें अजीत सिंह बच गये थे। लेकिन चार सितंबर 2004 को जन्मदिन की पार्टी में ही अजीत सिंह को गोली मार दी गई थी। जिसमें अजीत सिंह की मौत हो गई थी।

माफिया अतीक अहमद ने मुख़्तार अंसारी के बल घर पूर्वांचल में अरबो की विवादित सम्पत्ति को खरीदा था। पुलिस अधिकारी के अनुसार, अजीत सिंह से मिली चुनौती के बाद जब राजनीति की कलई कमजोर हुई तो दोनों माफिया ने हाथ मिला लिया था। करीब आठ साल पहले कानपुर के एक बड़े रेलवे ठेकेदार ने स्क्रैप नीलामी में खरीदा था। जिसके बाद अतीक अहमद ने बिना उसकी मर्जी के स्क्रैप खरीदने के मामले में फोन पर धमकाया था। करीब 100 टन से ज्यादा स्क्रैप अतीक के गुर्गे कानपुर से उठा लाये थे। इसके बाद मुख्तार अंसारी ने बिंदकी रोड स्टेशन से मीरजापुर के बीच स्क्रैप के ठेके ओर पूरी जिम्मेदारी अतीक अहमद को सौप दी थी।

पैरामिलिट्री व पुलिस बल द्वारा चुनाव के मद्देनजर किया गया पैदल गश्त

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (चंदवक) स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदवक बाजार में पैदल गश्त किया गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को भयमुक्त, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पैरामिलिट्री फोर्स व चंदवक पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र चंदवक में एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च किया गया। लोक सभा चुनाव में भयमुक्त होकर लोग अपना मतदान करे। यदि किसी भी तरह की कोई समस्या आप लोगों को होती हैं तो स्थानीय पुलिस प्रशासन को तुरंत सूचना दे। जिससे पुलिस मौके पर पहुँचकर आपके समस्या का निस्तारण कर सके। इस अवसर पर थानाध्यक्ष चंदन राय, उपनिरीक्षक मुरलीधर, ओमप्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल रामचंद्र सिंह, कमलेश यादव, कास्टेंबल रोहित पासवान, आशुतोष यादव ,कमलेश यादव ,के साथ साथ पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पुलिसफोर्स मौजूद रहे।

कन्हैया मित्तल के भजनों ने दर्शकों का मनमोहा

प्रयागराज यज्ञ एवं सनातन धर्म की पहचान की नगरी है: कन्हैया मित्तल, प्रयाग होली महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। ठाकुर हर नारायण ग्रुप आफ कॉलेज के तत्वाधान में केपी ग्राउंड के विशाल प्रांगण में दो दिवसीय प्रयाग होली महोत्सव का शुभारंभ उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम चौधरी, महापौर गणेश केसरवानी एवं के पी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा , कॉलेज के संस्थापक ठाकुर देवेंद्र प्रताप सिंह, विधान परिषद सुरेंद्र चौधरी विनय प्रताप सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह, कुमार नारायण के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉक्टर उदय प्रताप सिंह ने भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, महापौर गणेश केसरवानी, केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा एवं अन्य कलाकारों को श्री राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्रम पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रवाद का पावन प्रतीक का पर्व है होली और यह आयोजन समरस भारत और विकसित भारत की विचारधारा को बढ़ाने का काम करेगी।

भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने ने अपने भजनों की शुरुआत , श्री गणेशाय, नमः, शक्तिपीठ मां दुर्गा एवं सेठो के सेठ खाटू नरेश के भजन गा कर किया, तत्पश्चात उन्होंने ए जो शिल्ले शिल्ले होंदें हवा , हारा हूं बाबा पर तुझसे भरोसा है, आ गया मैं दुनियादारी छोड़कर, हे मां मुझे तेरी ज़रूरत है, ऊं नम शिवाय, सिया राम जी के चरणों में वास बाला,जो राम को लाए हम उनको लाएंगे आदि भजन सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर ठाकुर हरनारायण सिंह पीजी कॉलेज की 17 वर्ष के प्रगति का एवं वर्चुअल टूर की पिक्चर दिखाई गई। इस अवसर पर इंडियन गोल्डन गर्ल्स के कलाकारों के द्वारा समुद्र मंथन, ब्रज की रासलीला, ब्रज की फूलों की होली का एवं और हास्य कलाकार रोहित सिंह ने होली की ठिठोली हास्य काव्य से लोगों का मन को लुभाया शानदार प्रस्तुति की। कार्यक्रम के व्यवस्थापक अभिषेक ठाकुर रहे। संचालन आर जे निवेश एवं मेंघा ने किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, राजेंद्र मिश्रा, कुमार नारायण, राजेश केसरवानी, राम जी केसरवानी, लालू मित्तल, विनय गोयल, श्वेता, राज किशोर, आलोक मिश्रा सहित हजारों लोगों ने कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति का आनंद लिया।

प्रयागराज के दो खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। रांची में अयोजित प्रथम एनएसपीएल ऑल इंडिया स्क्वैश टूर्नामेंट में प्रयागराज के अंकित पटेल और मधुर आनंद ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। मधुर आनंद बालक वर्ग 13 में भारत रैंक 3 खिलाड़ी रुआन तडंकी हरियाणा को 3-2 के मुकाबले में हराया एवं अंकित पटेल बालक वर्ग 17 मे टूर्नामेंट में तीसरी वरियता प्राप्त खिलाड़ी विराज गुप्ता को 3-0 से हरा के सब को चौका दिया है। टीम के साथ कोच मोहम्मद साकिब और हसन रज़ा रांची में अयोजित टूर्नामेंट में रेफरी के रूप में भाग ले रहे हैं। इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डी पी सिंह, संरक्षक नवीन सिन्हा और उपाध्यक्ष सतीश चतुर्वेदी ने दोनो खिलाड़ियों और कोच को सेमीफ़ाइनल की बधाई दी। एसोसिएशन सेक्रेटरी मोहम्मद साबिर ने बताया की सेमीफ़ाइनल में अंकित पटेल गोवा के अब्दुस समद शाह से भिड़ेंगे। जिसे अभी हाल ही में कानपुर में अंकित पटेल ने 3-0 से हारा के फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं मधुर आनंद पश्चिम बंगाल के अयान धानुका भारतीय रैंक 2 के साथ खेलेंगे।

संक्षिप्त समाचार

श्री सहायक क्रिकेट क्लब को पूरे अंक

प्रयागराज। श्री सहायक क्रिकेट क्लब ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को 175 रन से हराकर साबिरा बेगम अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में श्री सहायक क्लब ने 35 ओवर में 251 रन (वीर प्रताप 41, मिथिलेश 42, पार्थ वर्धन 39, जय यादव 32, दीपक 30, आदित्य सिंह 4/49, शुभ सोनी 3/16) बनाये। जवाब में विराट स्पोर्ट्स क्लब की टीम 30.2 ओवर में 76 रन (अक्षय 12, स्वयं मिश्र 11, जय प्रकाश 3/22, सुहैब खान 2/05) पर समेट दिया।

जीने की सीख देता नाटक टैक्स फ्री का हुआ मंचन

प्रयागराज। भारतोदय रंग मण्डल द्वारा आज बालमीकी रंगशाला में नाटक टैक्स फ्री का मंचन किया गया है। टैक्स फ्री ने उस समाज को आईना दिखाया जो थोड़ी भी शारीरिक परेशानी से हार मान जाता है। नाटक में दिखाया गया कि सभी कलाकार मूकबधिर हैं और किसी न किसी बीमारी के चलते नेत्रहीन हो जाते है। मनोरंजन का साधन खोजते हुए सभी नेत्रहीन ब्लाइंड मेन्स क्लब बनाते है और उसी में खुश रहते हैं। इस क्लब में जो भी नए सदस्य बनते हैं पुराने सदस्य उन्हे भिन्न भिन्न तरह से हंसी मजाक करके अपना बना लेते है सभी नेत्रहीनों का जीवन इसी तरह से बीतता है। नाटक का निर्देशक गिरीश चन्द्र ने किया नाटक में हर्ष राज, देवव्रत कुशवाहा, मो. आबिद, आयुष केसवानी, रीतिक श्रीवास्तव, शिवम मिश्रा, अभिषेक मिश्रा और जुही कुमारी ने अभिनय किया।

कन्हैया मित्तल ने खाटू श्याम जी का किया भव्य भजन

प्रयागराज। श्याम जगत के भजन सम्राट कन्हैया मित्तल आज प्रयागराज में थे। इस अवसर पर श्री श्याम युवा वॉलिंटियर्स प्रयागराज के तत्वाधान में कन्हैया मित्तल को सर्वप्रथम संगम स्नान उसके पश्चात लेते हुए हनुमान जी का दिव्य दर्शन कराया गया एवम महा आरती भी की। हनुमान जी के दर्शनों के पश्चात कन्हैया मित्तल श्री खाटू श्याम जी मंदिर प्रयागराज में श्याम बाबा के दर्शन को गए। इस अवसर पर मनीष रूंगटा, आशीष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल फैलू, अंकुर अग्रवाल, मनोज गोयल, सुरेंद्र बंसल, विनोद अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कन्हैया मित्तल श्याम जगत के भजनों को श्याम बाबा को रिझाने के लिए सालों से प्रस्तुति दे रहे हैं श्री श्याम युवा वॉलिंटियर्स ने कन्हैया मित्तल का स्वागत एवम अभिनंदन किया।

ग्राम सभा महुलावासी गंदा पानी पीने को बाध्य

महुला आजमगढ़। तहसील सगड़ी ब्लॉक अजमतगढ़ अंतर्गत ग्राम सभा महुला में टंकी का पानी सड़क पर बहने के कारण ग्रामवासी गंदा पानी के लिए बाध्य हो रहे हैं। सरकार की हर घर नल हर घर जल योजना के अंतर्गत लगी टंकी का पानी सड़क पर बह रहा है । सरकार की इस योजना का लाभ ग्राम वासियों को नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण ग्रामवासी गंदा पानी पीने के लिए बाध्य हो रहे है स सरकार का ध्यान अपेक्षित है।

आरपीएफ और आरएसओ को मिली जीत

प्रयागराज। आरपीएफ और आरएसओ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर डीआरएम कप अंतर विभागीय क्रिकेट लीग चैंपियनशिप में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएसए मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में आरपीएफ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 205 रन (योगेंद्र पाल सिंह 94, अमित द्विवेदी 33, संजय यादव 26, शैलेंद्र यादव 22, वरुण कुमार, अभिषेक एवं संतु एक-एक विकेट) बनाकर मैकेनिकल विभाग को 20 ओवर में चार विकेट पर 198 रन (सचिन 85, वरुण कुमार चौबे 38, शेखर कश्यप 33, प्रीतम 22 नाबाद, अमन 2/29, संजय यादव व लोकेंद्र एक-एक विकेट) पर समेट दिया। योगेंद्र पाल सिंह को मैन ऑफ दि मैच चुना गया। दूसरे मैच में आरएसओ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 225 रन (हैरी बदन व अमित सिंह 57-57, पंकज 29 नाबाद, अभिषेक दुबे 23, विपिन कुमार 22, परवेज़ अहमद 2/40) बनाकर मेडिकल विभाग को 20 ओवर में सात विकेट पर 174 रन (परवेज अहमद 60, अखिलेश कुमार 19 नाबाद, केशव तिवारी 3/28, आशीष बिंद 2/19) पर सीमित किया। केशव तिवारी को उत्तर मध्य रेलवे के चिकित्सा निदेशक एसके हांडू ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

राजू पाल हत्याकांड: विधायक पूजा पाल ने कहा मैं अदालत के निर्णय से संतुष्ट हूं

अवधनामा संवाददाता

होनी चाहिए थी फांसी की सजा

प्रयागराज/लखनऊ। प्रयागराज के बहुचर्चित राजू पाल हत्याकांड में आज लखनऊ की एक अदालत द्वारा अभियुक्तों को दोषी करार दिए जाने के निर्णय का राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने स्वागत किया लेकिन कहा कि इन अभियुक्तों को फांसी की सजा होनी चाहिए थी। लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बसपा के विधायक रहे राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को सात लोगों को दोषी ठहराया। इस मामले में माफिया से नेता बना अतीक अहमद भी आरोपी था।

अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने 2016 में मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। लखनऊ में विशेष सीबीआई न्यायाधीश ने मामले में रणजीत पाल, आबिद, फरहान अहमद, इसरार अहमद, जावेद, गुलहसन और अब्दुल कवि को आपराधिक साजिश और हत्या सहित अन्य गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया। आरोपी फरहान अहमद को भारतीय शस्त्र अधिनियम के तहत भी दोषी ठहराया गया। पूजा पाल ने फोन पर बताया मैं अदालत के निर्णय से संतुष्ट हूं लेकिन इन अभियुक्तों को फांसी की सजा होनी चाहिए थी क्योंकि एक विधायक की दिनदहाड़े हत्या की गई और शव नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि विधायक के साथ ही दो अन्य लोगों की दिनदहाड़े हत्या की गई। यह अपराध इतना जघन्य है कि इसमें दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए थी। इससे अपराध करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। उल्लेखनीय है कि शहर पश्चिम से बसपा विधायक राजू पाल की जनवरी, 2005 में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पूजा पाल भी कई बार विधायक निर्वाचित हुई। प्रयागराज जिले में 2022 में भी वह समाजवादी पार्टी से विधायक चुनी गयीं। लखनऊ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बसपा के विधायक रहे राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को सात लोगों को दोषी ठहराया। इस मामले में माफिया से नेता बना अतीक अहमद भी आरोपी था। अधिकारियों ने बताया कि अतीक अहमद, उसके भाई एवं मुख्य आरोपी खालिद अजीम उर्फ अशरफ और गुलबुल उर्फ रफीक के खिलाफ सुनवाई उनकी मृत्यु के बाद बंद कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद से बहुजन समाज पार्टी नेता राजू पाल की अतीक अहमद के भाई अशरफ के साथ राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के परिणामस्वरूप 25 जनवरी 2005 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजू पाल ने नवंबर 2004 में प्रयागराज पश्चिम सीट पर हुए उपचुनाव में अतीक के छोटे भाई मोहम्मद अशरफ को हराकर जीत हासिल की थी। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पिछले साल 15 अप्रैल को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मुख्तार अंसारी की मौत पर हाई अलर्ट जारी

एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने का दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता

लालगंज ,आजमगढ़। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिले की पुलिस भी अलर्ट मोड में आ गई। गुरुवार की देर रात एसपी खुद सड़कों पर उतरे और शहर के संवेदनशील इलाकों का पैदल रूट मार्च किया। बताते चलें कि जनपद में मुख्तार अंसारी के खिलाफ दो मुकदमे चल रहे हैं। एक तरवां थाना क्षेत्र के ऐरा कला में मजदूर की हत्या का मामला जो काफी चर्चित था और दूसरा गैंगस्टर एक्ट का मामला। दोनों ही मामलों में मुख्तार अंसारी बांदा कोर्ट से वीसी के जरिए कोर्ट में पेश होते रहे हैं। जनपद में भी उनके गुर्गों की कमी नहीं है। बृहस्पतिवार की रात जैसे ही मुख्तार अंसारी के मौत की खबर आई। पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। उसके द्वारा हर संवेदनशील क्षेत्र में गस्त बढ़ा दी गई। एसपी खुद मैदान में उतर गए और रात लगभग 11.30 बजे नगर कोतवाली से पहाड़पुर तक पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जनपद में सबकुछ शांत है लेकिन एहतियात के तौर पर सतर्कता बरती जा रही है। जो संवेदनशील इलाके हैं उनकी निगरानी की जा रही है। सभी को अपने क्षेत्रों में भ्रमण करने का निर्देश दिया गया है। पूर्वांचल के माफिया डॉन और पूर्व विधायक 62 वर्षीय मुख्तार अंसारी की गुरुवार की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई वह 3 साल से बांदा जेल में बंद था और गुरुवार रात तबीयत बिगड़ने पर बाँदा मेडिकल कॉलेज लाया गया करीब 3 घंटे इलाज के बाद उसकी मौत की अधिकृत घोषणा मेडिकल बुलेटिन में की गई मुख्तार की मौत के बाद अलर्ट जारी किया गया।

सेंट जेवियर्स में वार्षिक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरित

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ। दिन शुक्रवार को सेंट जेवियर्स स्कूल सम्मोपुर आजमगढ़ के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय आवासीय प्रबंध निदेशक प्रदुम्न जायसवाल व अनिरुद्ध जायसवाल, शैक्षिक निदेशक देवेंद्र झा, प्राचार्य विनय पाण्डेय, उप प्राचार्य तरनी श्रीवास्तव एवं प्राथमिक प्रभारी अंशिका सिंह आदि ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय आवासीय प्रबंध निदेशक प्रदुम्न जायसवाल ने कहा कि हमारे जीवन की नींव इस स्कूल में ही बनती है।, सफलता के लिए निरन्तरता बहुत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। अपने अन्दर हीन भावना कभी न आने दे, लक्ष्य के लिए निष्ठा से लगे रहे और अपनी गलतियों से सीखें, उनकी पुनरावृत्ति न होने दे। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना बनाकर अध्ययन करना चाहिये।

वार्षिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल व विभिन्न प्रकार के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। परीक्षा फल प्राप्त करके बच्चे खुशी से झूम उठे तथा उनके अभिभावक भी उनकी इस खुशी को देखकर फूले नहीं समा रहे थे।

आयकर विभाग से कांग्रेस को फिर झटका 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस किया जारी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार ताजा डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से

2020-21 के लिए जारी किया गया है और इसमें जुर्माना और ब्याज शामिल है।

इससे पहले गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ चार साल के लिए पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही के आयकर विभाग के आदेश को चुनौती देने वाली कांग्रेस पार्टी की याचिका खारिज कर दी थी। हाल ही में कोर्ट ने 2014 से 2017 वर्ष बीच के करों के पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अलग-अलग आकलन वर्षों से संबंधित चार याचिकाएं खारिज कर दीं। ये याचिकाएं मूल्यांकन वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 से संबंधित थीं।

इससे पहले 22 मार्च को, अदालत ने 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के आकलन वर्षों के लिए आयकर विभाग द्वारा शुरू की गई पुन- मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देने वाली कांग्रेस द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस से करीब 105 करोड़ रुपये का बकाया कर वसूलने के आयकर नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के फैसले को बरकरार रखा है। हालांकि, अदालत ने कांग्रेस पार्टी को अपनी शिकायतों के साथ नए सिरे से आईटीएटी में जाने की स्वतंत्रता दी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने हाल ही में आयकर वसूली के खिलाफ आईटीएटी का दरवाजा खटखटाया था और उनके बैंक खातों की वसूली और फ्रीज करने की आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की थी।

कांग्रेस ने अपनी शिकायत में कहा था कि आयकर विभाग ने सुनवाई के नतीजे का इंतजार किए बिना बैंकों के पास पड़ी शेष राशि को फ्रीज कर दिया। पार्टी ने अपील की थी कि जब तक स्थगन आवेदन का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक विभाग अपनी कार्रवाई रोक दे। इस बीच, कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी की एक हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि पार्टी के बैंक खातों से जबरन पैसा लिया जा रहा है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला अलग-अलग मार्गों से किया गया था- ये हैं प्रीपेड रिश्वत रूट, पोस्टपेड रिश्वत रूट, पोस्ट-रेड ग्रुप, और शेल कंपनियों के माध्यम से। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने दाखिल चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण उच्च स्तरीय प्रोग्रामिंग भाषा आर से किया। यह टैक्स टेररिज्म है और इसका इस्तेमाल कांग्रेस पर हमला करने के लिए किया जा रहा है। वहीं कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा है किहमें सीताराम केसरी के समय से 1993-94 तक के नोटिस मिले हैं. हमें सीताराम केसरी के समय से 53 करोड़ रुपये देने की मांग की गई है। आयकर विभाग ने कांग्रेस से कुल 1823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन कहते हैं, क्या आप जानते हैं कि 1800 करोड़ रुपये कितना होता है?... 2019 में हमारा पूरा चुनावी खर्च 800 करोड़ रुपये था।

जीईएम पर चालू वित्त वर्ष में अभी तक खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार, सरकार ने दी जानकारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीके सिंह ने पत्रकारों से कहा कि 28 मार्च तक खरीद चार लाख करोड़ रुपये को पार कर गई। यह ऐतिहासिक है।

देश के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की अधिक खरीद गतिविधियों से चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकारी मंच जीईएम के जरिए वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीके सिंह ने पत्रकारों से कहा, ''

28 मार्च तक खरीद चार लाख करोड़ रुपये को पार कर गई। यह ऐतिहासिक है। ''

वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये था और पिछले वित्त वर्ष में यह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। उन्होंने कहा कि मंच से सेवाओं की खरीद वित्त वर्ष 2022-23 में 66,000 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अभी तक 2.05 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसी तरह चालू वित्त वर्ष में 28 मार्च तक मंच से 1.95 लाख करोड़ रुपये की वुस्तुएं खरीदी गईं।''

वर्तमान में सरकारी विभागों, मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, राज्य सरकारों तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को इस मंच के जरिए लेनदेन करने की अनुमति है। दुनियाभर में इस तरह के मंचों की सूची में दक्षिण कोरिया का केओएनईपीएस शीर्ष पर है। इसके बाद दूसरे नंबर में सिंगापुर का जीईबीआईजेड और फिर जीईएम तीसरे स्थान पर है।

बीबीएफएस आवासीय अकादमी लखनऊ में परीक्षण आयोजित करने के लिए तैयार है

लखनऊ। एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) 7 अप्रैल 2024 को चौक स्टेडियम, लखनऊ में अपने आवासीय अकादमी कार्यक्रम के लिए परीक्षण आयोजित करेगा। बीबीएफएस, बीबीएफएस आवासीय अकादमी, लखनऊ ट्रायल्स के लिए एक सराहनीय मेजबान होने के लिए लखनऊ जिला फुटबॉल संघ का आभारी है।

2022-23 में भारत की सबसे बड़ी परीक्षण पहल पूरी करने के बाद, बीबीएफएस आवासीय अकादमी मुंबई में दूसरा सीज़न शुरू कर रही है। पहले संस्करण में, 120 से अधिक भारतीय शहरों से 9-23 वर्ष की आयु के 18,500 से अधिक फुटबॉल खिलाड़ियों ने ट्रायल के लिए पंजीकरण कराया था।

बिल्डिंग फ्यूचर चैंपियंस के आदर्श वाक्य के साथ, बीबीएफएस आवासीय अकादमी परीक्षणों का आगामी संस्करण एक बार फिर देश के सभी हिस्सों को कवर करेगा।

चुनिंदा बीबीएफएस स्काउट्स विभिन्न शहरों की यात्रा करेंगे और प्रतिभाओं के एक बड़े समूह को शामिल करेंगे। बीबीएफएस के सह-संस्थापक और फुटबॉल के दिग्गज बाईचुंग भूटिया ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, युवा खिलाड़ियों को सही अवसर पाने और पेशेवर फुटबॉलर बनने के लिए, उन्हें कम उम्र से ही एक अच्छी तरह से संरचित खेल पाठ्यक्रम में प्रवेश करना होगा। बीबीएफएस आवासीय अकादमी ट्रायल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए हमारे कार्यक्रम में शामिल होने और अपनी सर्वोत्तम क्षमता हासिल करने के लिए प्रशिक्षण लेने का एक शानदार अवसर है। फुटबॉल में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए ट्रायल एक महत्वपूर्ण कदम बन गया है। यह न केवल उन्हें खेल में अपने कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक मंच देता है बल्कि देश के सबसे बड़े और सबसे अधिक रेटिंग वाले फुटबॉल कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी देता है। बीबीएफएस आवासीय अकादमी एक अद्वितीय बोर्डिंग स्कूल कार्यक्रम है जो फुटबॉल उत्कृष्टता और शैक्षणिक विकास का एक आदर्श मिश्रण प्रदान करता है।

मूल्य, प्रतिस्पर्धी क्षमता और लाभ बढ़ाने के लिए निसान ने लॉन्च किया आर्क बिजनेस प्लान

गुरुग्राम। निसान मोटर कंपनी लिमिटेड ने आज मूल्य एवं प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए अपना नया बिजनेस प्लान आर्क लॉन्च किया। इस प्लान का फोकस प्रोडक्ट्स पोर्टफोलियो को विस्तार देने, इलेक्ट्रिफिकेशन बढ़ाने, इंजीनियरिंग एवं मैन्यूफैक्चरिंग में नई प्रक्रियाओं को अपनाने, नई टेक्नोलॉजी को अपनाने और वैश्विक स्तर पर बिक्री व लाभ बढ़ाने के लिए रणनीतिक साझेदारियों पर रहेगा।

यह प्लान वित्त वर्ष 2020 से 2023 तक चले निसान नेक्स्ट बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन प्लान और कंपनी की लंबी अवधि के विजन निसान एंबिशन 2030 के बीच पुल की तरह काम करेगा। नए प्लान को वित्त वर्ष 2024 से 2026 तक के मिड-टर्म इंपेरेटिव्स और 2030 तक के मिड-लॉन्ग टर्म एक्शंस के बीच बांटा गया है।

निसान प्रेसिडेंट और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर मकोतो उचिदा ने कहा, आर्क प्लान हमारे भविष्य की रूपरेखा दिखाता है। यह हमारी सतत प्रगति और बाजार की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की क्षमता दिखाता है। यह प्लान हमें मूल्य एवं प्रतिस्पर्धा के मामले में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगा। बाजार में अप्रत्याशित उतार-चढ़ावों को देखते हुए निसान नए प्लान के अनुरूप निर्णायक कदम उठा रही है, जिससे सतत विकास एवं लाभ सुनिश्चित होगा।

दो हिस्सों वाले इस प्लान के तहत निसान पहले विभिन्न क्षेत्रों के हिसाब से तैयार रणनीतियों (टेलर्ड रीजनल स्ट्रेटजी) के माध्यम से बिक्री में बढ़ोतरी सुनिश्चित करेगी और तेजी से ईवी की ओर कदम बढ़ाने की तैयारी करेगी। इसमें इलेक्ट्रिफाइड और आईसीई प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के बीच संतुलन का ध्यान रखा जाएगा, जिससे बड़े बाजारों में बिक्री बढ़ाने में मदद मिलेगी। इन पहल के माध्यम से निसान का उद्देश्य वित्त वर्ष 2026 के अंत तक वार्षिक बिक्री में 10 लाख यूनिट की बढ़ोतरी और प्रॉफिट मार्जिन में 6 प्रतिशत की वृद्धि करना है। इससे योजना के दूसरे चरण का रास्ता साफ होगा। इसके तहत ईवी ट्रांजिशन को सक्षम बनाना और लंबी अवधि में लाभकारी विकास की ओर बढ़ना कंपनी का उद्देश्य है। इसमें स्मार्ट पार्टनरशिप, ईवी की बढ़ी प्रतिस्पर्धी क्षमता, नवीनतम इनोवेशन और नए रेवेन्यू स्ट्रीम्स से मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2030 तक निसान नए कारोबारी अवसरों के माध्यम से 2.5 ट्रिलियन येन की नई राजस्व संबंधी संभावनाओं को साकार करेगी।

शिवसेना यूबीटी के लोकसभा उम्मीदवार को ईडी ने किया तलब

नई दिल्ली। ईडी ने महाराष्ट्र के मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) नेता और लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को कोविड खिचड़ी घोटाला मामले में तलब किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) नेता और लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को कोविड खिचड़ी घोटाला मामले में तलब किया है। उन्हें 8 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया।

2047 तक 55 लाख करोड़ डॉलर होगी देश की जीडीपी

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। यह पिछले डेढ़ साल में जीडीपी वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार है। अक्तूबर-दिसंबर में वृद्धि दर के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.6 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। अगर यह रफ्तार कायम रही तो इस अवधि तक भारत 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट (केवी) सुब्रमण्यम ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह तभी संभव है, जब देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए। सुब्रमण्यम ने कहा कि 8 फीसदी की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार इस रफ्तार से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। यह पिछले डेढ़ साल में जीडीपी वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार है। अक्तूबर-दिसंबर में वृद्धि दर के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.6 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है।

आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक ने यह भी कहा कि भूमि, श्रम, पूंजी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र में सुधार जरूरी है। इसके साथ ही, हमें विनिर्माण क्षेत्र को कर्ज देने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में भी सुधार पर बल देना होगा।

एक अप्रैल को आरबीआई 2000 रुपये के नोट नहीं करेगा स्वीकार

नई दिल्ली। आरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी 2024 तक, 2,000 रुपये के नोटों का लगभग 97.62% बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि वह खातों के वार्षिक समापन के कारण 1 अप्रैल को 2,000 रुपये नोटों को एक्सचेंज और स्वीकार नहीं करेगा। आरबीआई ने कहा है कि यह सेवा 2 अप्रैल को फिर से शुरू होगी।

आरबीआई ने एक बयान में कहा, खातों की वार्षिक क्लोजिंग के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 को 2,000 रुपये के बैंकनोटों को एक्सचेंज और जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं मिलेगी। यह सुविधा मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 को फिर से शुरू होगी।

आरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी 2024 तक, 2,000 रुपये के नोटों का लगभग 97.62% बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है।

19 मई 2023 को, आरबीआई ने 2,000 के बैंक नोटों को प्रचलन से बाहर करने का निर्णय लिया था और जनता से उन्हें बैंकों में जमा करने या अन्य मूल्यवर्ग के बैंकनोटों में एक्सचेंज करने का आग्रह किया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी क्लीन नोट पॉलिसी के तहत यह कदम उठाया था।

हालांकि, आरबीआई ने अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना, तिरुवनंतपुरम, रांची और रायपुर जैसे प्रमुख स्थानों पर देश भर में अपने 19 कार्यालयों में 2000 रुपये के नोट जमा करने या बदलने की सुविधा देती है।

तैयार हो जाइए भाभी-देवर के नोक झोंक भरे रिश्ते का मज़ा लेने के लिए सिमरन चौधरी और एडेन के नी भाभी में

नई दिल्ली। फोल्किन रानी ईपी से पंजाबी संगीत उद्योग को मंत्रमुग्ध करने के बाद, पंजाबी पॉप सेंसेशन, सिमरन चौधरी अपना नया एकल, नी भाभी लेकर आई हैं। यह ट्रैक पुरानी पंजाबी लोककथाओं और शादियों के गीतों/किस्सों का स्मरण कराता है। अपनी संक्रामक बीट और चुलबुले बोलों के साथ, यह ट्रैक इस साल का सबसे अच्छा डांस-फ्लोर नंबर बन जाएगा। लाइव इंस्ट्रुमेंटल बैकड्रॉप में स्थित 'नी भाभी' में एक देवर की उत्साह से भरी कहानी का चित्रण किया गया है, जो अपनी भाभी से अपनी प्रेमिका को प्रभावित कैसे करें, यह पूछ रहा है। चुलबुली लय और लहरदार धुन के साथ इस गीत में देवर और भाभी के बीच के रिश्ते और दोस्ती का सार पेश किया गया है।

इसकी कहानी में गहराई और तल्लीनता का बेमिसाल मिश्रण कंपोजर और लिरिसिस्ट राजा ने किया है और दमदार आवाज एडेन की है, जिन्होंने ट्रैक को प्रोड्यूस भी किया है। इन तीनों ने इस गीत के

जरिए सदियों पुरानी पंजाबी परंपराओं को आधुनिक रूप में जीवंत किया है। इस ट्रैक का संगीत वीडियो बहुत ही वाइब्रेंट है, जो दर्शकों को रंगों और मस्ती की दुनियां से रूबरू कराता है। तेजी संधू द्वारा निर्देशित इस वीडियो में गीत का सार पारंपरिक और आधुनिक नृत्य शैली के मिश्रण द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसमें डांस फ्लोर पर भाभी और देवर के बीच की दोस्ती के तालमेल का मनमोहक चित्रण किया गया है।

'नी भाभी' की रिलीज के बारे में गायिका सिमरन चौधरी ने कहा, नी भाभी मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव रहा। इस ट्रैक में देवर और भाभी के बीच नोकझोंक और दोस्ती का अनूठा बंधन पेश किया गया है। सिंगर और कंपोजर के रूप में 'नी भाभी' में मुझे अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए नई साउंड और स्टाइल के साथ प्रयोग करने का अवसर मिला। इसमें पारंपरिक पंजाबी तत्वों और आधुनिक बीट्स का बेमिसाल मिश्रण है। मैं इस खुशनुमा ट्रैक को श्रोताओं द्वारा सुने जाने के लिए उत्सुक हूँ।

प्रोड्यूसर, सिंगर और कंपोजर एडेन ने कहा, मैंने जब पहला कट सुना, तभी से समझ गया कि 'नी भाभी' कुछ खास है। इस ट्रैक को बनाने के लिए सिमरन के साथ काम करना मेरे लिए एक शानदार अनुभव था और हमने जो बनाया है उस पर मुझे गर्व है। यह एक ऐसा गाना है जो लोगों को साथ लाता है। मैं उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ, जब इस ट्रैक की ऊर्जा और भावना का अनुभव हमारे फैंस तक पहुँचेगा।

सरकार ने अब तक की रिकॉर्ड एक करोड़ टन से ज्यादा गेहूं की खरीद

मुंबई। सरकार ने इस साल समय से पहले शुरू हुई खरीद में 27 मार्च तक रिकॉर्ड 1.02 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की है। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 10,000 टन रहा था। दरअसल, इससे पहले गेहूं की सरकारी खरीद कभी भी 22 मार्च से पहले नहीं हुई थी। इस बार भारतीय खाद्य निगम ने पहले करते हुए 10 मार्च से पहले ही गेहूं की खरीद शुरू कर दी थी। इसमें पहली सफलता उसे 13 मार्च को राजस्थान के झालावाड़, फिर मध्य प्रदेश और अब उत्तर प्रदेश के ललितपुर से मिली है, जहां से खरीद शुरू हो गई है। इस क्रम में सबसे ज्यादा उत्पादन वाले राज्य पंजाब और हरियाणा में गेहूं की खरीदारी एक अप्रैल से शुरू होगी। केंद्र सरकार ने इस सत्र के लिए गेहूं की खरीदारी का लक्ष्य 3.2 करोड़ टन रखा है। आरबीआई ने कहा कि एक अप्रैल को आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के नोटों को बदलने या जमा करने की सुविधा बंद रहेगी। खातों के वार्षिक समापन के कारण केंद्रीय बैंक ने यह फैसला लिया है। यह सुविधा मंगलवार को फिर से शुरू हो जाएगी।

चावल शिपमेंट पर ज्यादा शुल्क लगने से देश के शीर्ष चावल निर्यातकों ने निर्यात की कीमत बढ़ा दी है। 5 फीसदी टूटे उबले किस्म के चावल की कीमत इस सप्ताह 550 से 558 डॉलर प्रति टन थी। इस महीने की शुरुआत में कीमतें 560 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं। एक डीलर ने कहा, हमें कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं क्योंकि सरकार 20 फीसदी निर्यात शुल्क की गणना के लिए फ्री ऑन बोर्ड मूल्य के बजाय कुल लेनदेन मूल्य पर विचार कर रही है।

सिंगर इंडिया ने बेहतर कस्टमर सपोर्ट के लिए सिंगर लाइव असिस्ट लॉन्च किया

नई दिल्ली। लखनऊ भारत में सिलाई मशीनों और घरेलू उपकरणों के अग्रणी निर्माता, सिंगर इंडिया लिमिटेड ने सिंगर लाइव असिस्ट का लॉन्च किया है। यह कस्टमर सपोर्ट सेवा सिलाई मशीन के वर्तमान और नए ग्राहकों के लिए है। अपनी तरह की इस अनोखी सेवा द्वारा ग्राहकों को घर बैठे ही अपनी इच्छा के मुताबिक हाथों-हाथ, वर्चुअल, फेस-टू-फेस सपोर्ट मिलेगी। अपनी 170 सालों से ज़्यादा लंबी विरासत के साथ कंपनी की यह पहल समस्याओं के समाधान और उत्पादों के लाइव प्रदर्शन के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ग्राहक संतुष्टि के नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सिंगर्स लाइव असिस्ट से खासकर दूरदराज के इलाकों में स्थित ग्राहकों को काफी लाभ मिलेगा। यह सेवा उनकी समस्याओं को अच्छे तरीके से समझकर उसका समाधान करने और उनकी इच्छा अनुसार समय पर सहायता देने के लिए डिज़ाइन की गई है। इसके अलावा, यह नए खरीदारों के सवालों का उत्तर देकर और सिलाई मशीन का लाइव ऑनलाइन प्रदर्शन करके उनकी मदद करती है। साथ ही हर सिंगर सिलाई मशीन की खरीद पर, जिन लोगों को अतिरिक्त सहायता की जरूरत होगी, उन्हे घर जाकर कंप्लीमेंट्री सहायता भी दी जाएगी।

सिंगर लाइव असिस्ट की सेवाएं राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर हर रोज सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, और विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तुरंत एवं कंप्लीमेंट्री समाधान प्रदान करेंगी, जिनमें सिंगर सिलाई मशीनों का लाइव प्रदर्शन भी शामिल है। ग्राहक सिंगर के टोल-फ्री नंबर 1800-103-3474 से यह सेवा बुक करा सकते हैं और कंपनी के सर्विस एक्सपर्ट्स से बात कर सकते हैं।

भारत में लॉन्च हुआ 70 वाट चार्जिंग के साथ भारत का पहला 6000 एमएएच बैटरी वाला पोवा 6 प्रो फोन

नई दिल्ली। ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रैंड, टेक्नो ने भारत में बहुप्रतीक्षित पोवा 6 प्रो 5जी लॉन्च किया है। शानदार रैम वाला यह फोन न सिर्फ सहज मल्टीटास्किंग को पुनः परिभाषित करता है, बल्कि इसका एमोलेड डिस्प्ले प्रत्येक इंटरैक्शन को जीवंत बनाता है। इसके साथ ही, फास्ट चार्जर के साथ इसकी विशाल बैटरी यूज़र्स की, फोन की चार्जिंग खत्म होने की चिंता को पूरी तरह समाप्त करती है। पोवा 6 प्रो 5जी एक आकर्षक और भविष्य के अनुरूप डिज़ाइन के साथ प्रो-परफॉर्मेंस देने के वादे के साथ आता है। यह स्मार्टफोन 4 अप्रैल, 2024 से अमेज़न और रिटेल आउटलेट्स पर यूज़र्स की खरीदी के लिए उपलब्ध होगा।

बेहद शानदार प्राइस सेगमेंट के साथ टेक्नो पोवा 6 प्रो 5जी अविश्वसनीय डिज़ाइन और अद्भुत परफॉर्मेंस देने का वादा करता है। *24 जीबी तक रैम, 256 जीबी स्टोरेज और स्लीक 7.9 मिमी फ्रेम वाला यह फोन अपने आप में एक पॉवरहाउस है। साथ ही, इसमें भारत की पहली 6000 एमएएच बैटरी शामिल है, जिसे यूज़र्स को पहले कभी न किए गए 'बेहतर, तेज़ और मजबूत ' अनुभव प्रदान करने के लिए एक मजबूत 70 वाट चार्जर के साथ जोड़ा गया है।

पोवा 6 प्रो 5जी को बेहद सटीकता के साथ डिज़ाइन किया गया है, जो यूज़र्स को प्रीमियम एक्सपीरिएंस प्रदान करने का वादा करता है। इसके बैक पैनल को उन्नत फोटोलिथोग्राफी टेक्निक्स का उपयोग करके बहुत ही बारीकी से तैयार किया गया है, जो कि उत्कृष्ट मदरबोर्ड से प्रेरित होकर आर्क इंटरफेस के रूप और अनुभव को बढ़ाता है। इसके अलावा, इसकी इनोवेटिव एलईडी डिज़ाइन 200 से अधिक एलईडी का दावा करती है, जो 100 से अधिक कस्टमाइज़ेबल ऑप्शंस की उत्तम श्रृंखला प्रदान

करती हैं। यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक यूज़र को ऐसे सर्वोत्तम और व्यक्तिगत अनुभव मिलें, जो जेन जेड और टेक्नोलॉजी के प्रति विशेष रुझान रखने वाले लोगों की गतिशील प्राथमिकताओं से बखूबी मेल खाते हों। इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, अरिजीत तालापात्रा, सीईओ, टेक्नो मोबाइल इंडिया, ने कहा, " हमारी यात्रा में पोवा सीरीज़ का विशेष स्थान है, जो यूज़र्स की जरूरतों को पूरा करने और प्रो-परफॉर्मेंस देने के हमारे समर्पण भाव को बहुत ही खूबसूरती से दर्शाता है। हम पोवा 6 प्रो 5जी के साथ इस मार्ग पर आगे बढ़ना जारी रखेंगे, इसकी सबसे खास विशेषताओं में इसकी जटिल डिज़ाइन और 200 से अधिक एलईडी से सुसज्जित बैक पैनल शामिल है। इस फोन की परिभाषा सिर्फ सौंदर्यशास्त्र पर आधारित नहीं है, बल्कि इसकी डिज़ाइन आपके डिवाइस में व्यक्तित्व का स्पर्श जोड़ती है। बेहतरीन स्टोरेज और शक्तिशाली बैटरी तथा चार्जर के साथ, हमने पोवा 6 प्रो को उन यूज़र्स की जरूरतों को ध्यान मेंरखते हुए डिज़ाइन किया है, जो भीड़ से अलग रहना पसंद करते हैं और अपने रोज़मर्रा के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सबसे अलग और शानदार फंक्शनलिटी को प्राथमिकता देते हैं, वह भी सबसे किफायती कीमतों पर।"

पोवा 6 प्रो 5जी की मुख्य विशेषताएँ

इसे बेहतर फंक्शनलिटी के लिए डिज़ाइन किया गया है 200 से अधिक एलईडी और 100 से अधिक कस्टमाइज़ेशन फीचर्स के साथ एक शानदार आर्क इंटरफेस वाला पोवा 6 प्रो 5जी अपने सेगमेंट में एक नया मानक स्थापित करता है। यह आर्क इंटरफेस बैक पैनल में स्टैंड-आउट एलिमेंट के रूप में काम करता है। इस फोन की इनोवेटिव फोटोलिथोग्राफी प्रोसेस इसकी डिज़ाइन को बेहद आकर्षक बनाती है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

अमेठी अवधनामा संवाददाता। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का क्रम जारी है।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशन में जनपद के विभिन्न ब्लाकों में नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम हुआ। जिसमें युवाओं की टीम विभिन्न ब्लॉकों में जाकर कार्यक्रम करके लोगों को मतदान अवश्य करें। इसके लिए प्रेरित कर रही है। नुक्कड़ नाटक गौरीगंज में कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जामों बाजार शाहगढ़ नंदमहर मुसाफिरखाना में तहसील परिसर जगदीशपुर बाजार सिंहपुर के इन्हौना में तिलोई में बस स्टेशन पर भेटुआ में टिकरी चौराहे पर कार्यक्रम किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जिले में 20 मई को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

डीएम ने कोषागार व कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार और लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्थापित किए गए कंट्रोल रूम का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कोषागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर डबल लॉक सिंगल लॉक आदि का निरीक्षण किया एवं सभी कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्थापित किए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रास्ते की जमीन को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या 4 पंडित दीनदयाल नगर में गुरुवार को रास्ते की जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी अनुसार- दीनदयाल नगर के मोहल्ला अलगदपुर निवासी सन्यासी गौड़ ने सहजनवा थाना में तहरीर देकर पाटीदार शिवचरण शिवचरण वगैरा के खिलाफ धारा 323,336,506 तथा 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि पाटीदार शिवचरन वगैरह द्वारा सार्वजनिक रास्ते की जमीन पर कब्जा किया जा रहा था। प्रार्थी ने मना किया तो लोग फौजदारी पर आमादा हो गये। अपने छत पर चढकर ईट-पत्थर चलाने लगे। जिससे परिवार के लोगों को छोटे भी आई और सीमेंट शीट भी टूट गया। उक्त संदर्भ में चौकी प्रभारी घघसरा अवधेश पांडेय ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

कालाजार से बचाव के लिए आईआरएस छिड़काव शुरू

अवधनामा संवाददाता

नमी वाले स्थानों पर अंधेरे में पाई जाती है बालू मक्खी

जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा ने बताया कि बालू मक्खी नमी वाले स्थानों पर अंधेरे में पाई जाती है। इसके काटने के बाद संक्रमित लोगों को बुखार होता है और रुक-रुक कर यह बुखार चढ़ता-उतरता है। लक्षण दिखने पर मरीज को चिकित्सक को दिखाना चाहिए। इस बीमारी में मरीज का पेट फूल जाता है। भूख कम लगती है और शरीर काला पड़ जाता है।

- आठ ब्लॉक के कालाजार प्रभावित 23 गाँवों में होगा आईआरएस छिड़काव
- छिड़काव कार्य में लगाई गई हैं दस टीम

देवरिया। कालाजार प्रभावित गांवों में इस बीमारी की वाहक बालू मक्खी से बचाव के लिए दवा के छिड़काव का कार्य शुक्रवार से शुरू कर दिया गया। जिले के आठ ब्लॉक के प्रभावित 23 गाँवों के 83389 घरों में इस दवा का छिड़काव किया जायेगा । इस कार्य में दस टीम में कुल 60 कर्मी लगाए गए हैं। इसके जरिये करीब 98000 से अधिक की आबादी को सुरक्षित किया जाएगा।

सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि जिले के आठ ब्लॉक बनकटा, पथरदेवा, भटनी, भाटपाररानी, बैतालपुर, देसही देवरिया, भलुअनी और रामपुर कारखाना के 23 कालाजार प्रभावित गांवों में कालाजार की वाहक बालू मक्खी से बचाव के लिए छिड़काव अभियान का शुभारंभ हुआ, जो पूरे अप्रैल माह चलेगा। पहले दिन रामपुर कारखाना ब्लॉक के कालाजार प्रभावित गांव के घरों में दवा का छिड़काव किया गया। छिड़काव कार्य के लिए छह सदस्यी टीम लगाई गई है । प्रत्येक टीम को प्रतिदिन 60 घरों में छिड़काव करना है। चिह्नित गांवों में छिड़काव व निरोधात्मक कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि अभियान में संबंधित क्षेत्र की आशा एवं एएनएम सहयोग करेंगी। इस संबंध में सभी को प्रशिक्षण दिया गया है। कालाजार रोग बालू मक्खी के काटने से होता है। बालू मक्खी को जड़ से समाप्त करने के लिए ही दवा का छिड़काव किया जा रहा है। बालू मक्खी जमीन से छह फीट की ऊंचाई तक उड़ सकती है। इसलिए छिड़काव घर के अंदर छह फीट तक कराना है। छिड़काव के बाद तीन माह तक घर में पुताई नहीं करनी चाहिए। **घर में किया गया छिड़काव:** रामपुर कारखाना ब्लॉक के गुद्दीजौर गांव निवासी देवंती देवी (50) ने बताया कि कालाजार से बचाव और बालू मक्खी को खत्म करने के लिए ही दवा का छिड़काव किया जा रहा है। घर में छह फुट की ऊंचाई तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा छिड़काव किया गया है। उनको यह भी समझाया गया कि कालाजार बालू मक्खी के काटने से होने वाली बीमारी है।

न्यायाधीशगणों ने किया राजकीय बालगृह का औचक निरीक्षण

देवरिया अवधनामा संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज एस0 डी0 एफ0 टी0 सी0 द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती इन्द्रिरा सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जायें जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम को भी रखा जाये जिससे बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक कुमार दूबें द्वारा भोजन हेतु खाद्य सूची का निरीक्षण किया गया तथा भोजन में पौष्टिक आहार के साथ-साथ मीनू के अनुसार ही भोजन दिये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने राजकीय बालगृह देवरिया में प्रपत्रों को व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने बच्चों के स्वास्थ सम्बन्धित समस्याओं तथा प्रपत्रो को व्यवस्थित रूप से करने के लिए कठोर निर्देश दिए। सिविल जज एस0 डी0 एफटीसी श्री श्रीकांत गौरव द्वारा बच्चों के पठन-पाठन के कार्य को और सुदृढ़ करने पर विशेष निर्देश दिया गया इस निरीक्षण में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अशोक कुमार दूबें, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी, सिविल जज एसडी एफटीसी श्री श्रीकांत गौरव, राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल व अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

आदर्श आचार संहिता अथवा निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करने के दृष्टिगत सी-विजील ऐप किया गया विकसित

देवरिया अवधनामा संवाददाता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्य को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रुप से निष्पादित किये जाने एवं आमजन के माध्यम से आदर्श आचार संहिता अथवा निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा C-vigil के नाम से एक अभिनव ऐप विकसित किया गया है। C-vigil ऐप को कोई भी नागरिक अपने स्मार्ट फोन से गूगल प्ले स्टोर / एप्पल स्टोर के जरिये आसानी से डाउनलोड करके आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय संबंधी किसी प्रकार के उल्लंघन संबंधी घटना / प्रकरण की फोटो, वीडियो या आडियो के माध्यम से शिकायत कर सकता है। C-vigil के जरिये शिकायत करने वाले व्यक्ति का नाम भी गोपनीय रखे जाने का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त कोई भी नागरिक आयोग के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर स्थापित शिकायत/व्यय अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर, जिसका नंबर 05568-222261, 297052 व 226351 है, पर भी आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय के उल्लंघन संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जनपद के समस्त नागरिकों से उन्होंने अपील की है कि आयोग द्वारा विकसित C-vigil ऐप को अपने स्मार्ट फोन में डाउनलोड कर, C-vigil के माध्यम से आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन व्यय उल्लंघन संबंधी प्रकरणों को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।

रुद्र महायज्ञ के लिए निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। विकास खण्ड कप्तानगंज के मलुकही गांव के नव युवक मंगल दल में बने यज्ञशाला परिसर से ग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ के लिए शुक्रवार को सुबह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान भोलेनाथ, जय श्रीराम, हनुमान जी के जयघोष से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया।

कलश यात्रा के लिए श्रद्धालु सुबह से ही यज्ञशाला परिसर में एकत्रित हुए। भव्य कलश यात्रा सुबह 10 बजे से निकाली गई। 1501 कुंवारी कन्याओं ने सिर पर कलश लेकर आगे आगे चल रही थी। टैक्टर ट्राली, रथ, जीप, हाथी-घोड़े गाजे बाजे, विभिन्न झांकी के साथ निकाली गई।

कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर सेमरा, बौलिया, कप्तानगंज के किसान चौक, सुभाष चौक, डीसीएफ चौक होते हुए छोटी गंडक नदी के कप्तानगंज राम जानकी घाट पर पहुंची। वहां यज्ञाचार्य पं अभिषेक उपाध्याय सहित यज्ञाचार्यो की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरवाया। पुनः कलश यात्रा बंदेलीगंज, आजाद चौक, चकबंदी चौक, ढाड़ी टोला होते हुए मलुकही यज्ञ मंडप पहुंची। यहां विधि विधान से यज्ञ मंडप में कलश स्थापित कराया गया। समाजसेवियों द्वारा जगह जगह जलपान का भी आयोजन किया गया था।

प्रधान अजीत सिंह ने बताया कि रात्री में वृन्दावन के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन होगा तथा दिन में उपेंद्र दास द्वारा प्रवचन होगा। कलश यात्रा में मोतीचंद गुप्ता, महेंद्र वर्मा, अखिलेश सिंह, राम लखन गुप्ता, अंबिका सिंह, राधेश्याम यादव, बेचू बर्मा, मंजीत सिंह, वृद्धि चंद्र सिंह, पिंकू मिश्रा, अनिल मिश्र, विजय प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, गोविंद सिंह, सुरेन्द्र गोंड, रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

शतचंडी महायज्ञ के निकली कलश यात्रा

कप्तानगंज, कुशीनगर। नगर में स्थित मां दुबौली देवी स्थान पर 9 दिवसीय शत चण्डी महायज्ञ का विशाल कलश यात्रा 1001 कन्याओं द्वारा शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ एवं नगर के विभिन्न अखाड़ों के खिलाड़ी अपने करतब दिखलाते हुए निकला। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष से पूरा नगर भक्ति मय हो गया। कलश यात्रा मां दुबौली स्थान से वैदिक मंत्रोच्चार के उपरांत कलश यात्रा ग्राम पटखौली, मेहड़ा, पिपरा बौलिया होते हुए चकबंदी चौंक, आजाद चौक शुक्र की बाजार होते हुए राम-जानकी घाट पहुंचा जहां विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के उपरांत कलश में जल भरकर पुनः सुभाष चौक होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचा जहां कलश को स्थापित किया गया। श्री शतचण्डी महायज्ञ के व्यवस्थापक शैलेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह यज्ञ 29 से प्रारम्भ होकर 7 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं भण्डारा के साथ संपन्न होगा। साथ ही 30 मार्च से पूर्णाहुति तक सायंकाल 7 बजे से बाल विदुषी कथा वाचिका अनुष्का पाठक का श्री राम कथा होगा। कलश यात्रा में सम्मिलित मंदिर की पुजारी लक्ष्मी देवी,उदय मद्धेशिया, सुरेश जयसवाल, आनन्द रौनियार, डब्लू बाबा, परमजीत सिंह, रवि तिवारी, विजय कुशवाहा सहित काफी संख्या गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम और एसपी ने किया बूथों का निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

देवरिया अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी देवरिया एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में विद्यालयों एवं पोलिंग बूथों का स्थलीय/भौतिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी देवरिया श्री अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा के द्वारा थाना थाना रुद्रपुर व थाना एकौना क्षेत्रान्तर्गत आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पोलिंग बूथों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया गया । बिजली-पानी, कमरों की संख्या व शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत व अपर पुलिस दक्षिणी श्री भीम कुमार गौतम द्वारा थाना सलेमपुर क्षेत्रान्तर्गत तथा जनपदीय पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत वाह्य जनपद से प्राप्त होने वाले पुलिस बल के ठहरने वाले चिन्हित विद्यालयों व पोलिंग बूथों का स्थलीय/भौतिक निरीक्षण किया गया।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम : सूर्यप्रताप शाही

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर लोकसभा चुनाव के निमित्त बैठक आयोजित की गई। दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वंदे मातरम गान के साथ बैठक की शुरुआत की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में मत प्रतिशत को 60 प्रतिशत से ऊपर लाने का लक्ष्य रखा गया है। लोकतंत्र के इस महापर्व में युवा मतदाताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए कार्यकर्ता नए और युवा मतदाताओं से मिलकर उन्हें पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। देवरिया और कुशीनगर की चारो लोकसभा सीटों को हम भारी बहुमत से जीते इस बात का ध्यान में रखते हुए हमे जनता के बीच में पार्टी और सरकार के कार्यों को मजबूती से रखना है। गोरखपुर कलस्टर के प्रभारी रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि जितने भी अभियान पार्टी के द्वारा चलाए गए या चलाए जा रहे हैं उनमें पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही है और आगे भी हमारे कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे ऐसी आशा है । इन सभी अभियानों का मकसद इतना ही है कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता हमेशा सक्रिय रहें और पार्टी की विचारधारा को समाज के प्रत्येक व्यक्ति से जोड़ने का कार्य करते रहें। ये चुनाव राष्ट्र के निर्माण का चुनाव है । हमे बार बार हर मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करना होगा ताकि लक्षित मत प्रतिशत बढ़ाया जा सके। जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधानसभा स्तर की बैठकें अभी होनी हैं लोकसभा प्रभारी, संयोजक सह संयोजक मंडल स्तर की बैठक करेंगे।

होली के दिन दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

अवधनामा संवाददाता

- विजयपुर चौराहे की घटना, तहरीर के आधार जांच में जुटी पुलिस

रामकोला, कुशीनगर। होली के दिन रामकोला थाना क्षेत्र के विजयपुर चौराहे पर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। इसमें तीन लोगों को गंभीर चोटें लगी है। एक पक्ष द्वारा डॉक्टरी परीक्षण कराकर थाने तहरीर दिया गया है जिसके आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के फरदहां गांव निवासी नवमी पटेल पुत्र मोती पटेल रामकोला थाने में तहरीर देकर जिक्र किया है कि होली के दिन 25 मार्च को करीब चार बजे शाम को मेरा भाई गोविंद पटेल एवं भतीजा अनुराग पटेल तथा पट्टीदार के संतोष पटेल, विशाल पटेल, किशन पटेल आदि लोग टेकुआटार से खाना खाकर वापस घर आ रहे थे कि विजयपुर चौराहे पर पहले से घात लगाए अरविंद व सूरज पुत्रगण चंद्रिका, विकास पुत्र मुंद्रिका, परमेश्वर पुत्र गंगा वर्मा, गंगा वर्मा पुत्र शारदा वर्मा, राजकुमार पुत्र नाथू, दीपक पुत्र नाथू गुप्ता, विमलेश कुशवाहा पुत्र भोला व चार अज्ञात लोगों में मेरे भाई गोविंद व भतीजा का गाड़ी रोक लिए और गोलबंद होकर गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। इस दौरान गोविंद के सिर में गंभीर चोट लग गई जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। उसके गले का चैन व मोबाइल छीन लिए। तभी दूसरे बाइक पर अन्य लोग आए उन्हें भी लोगों ने दौड़ाकर मारने पीटने लगे। साथ ही इन लोगों द्वारा जान से मारने पीटने की धमकी भी दी जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामकोला विनय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध जल्द ही कार्रवाई की जायेगी।

मुर्दों के लिए खुशखबरी लोन देने में बैंक मेहरबान

अवधनामा संवाददाता

- भारतीय स्टेट बैंक की जंगल कौड़िया शाखा जहां मुर्दे कैश काउंटर पर जाकर कर सकते हैं अपने केसीसी खाते मे नगद जमा और नगद निकासी

गोरखपुर। विकासखंड जंगल कौड़िया में सरकारी बैंकों से ऋण लेने के लिए जिन्दा आम आदमी को इतना चक्कर लगाना पड़ता है कि उसके चप्पल या जूते घिस जाते हैं फिर भी समय से उसको ऋण नहीं मिलता है और मिल भी गया तो उसे काफ़ी मशक्कत उठानी पड़ती है। सारी कागजी औपचारिकता पूरी करने के बाद ही उसे ऋण नसीब हो पाता है। लेकिन आदमी मुर्दा हुआ तो उसका ऋण आनन -फ़ानन मे फाइनल हो जाता है। जी हाँ, मुर्दों के लिए यह खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं है। एसबीआई जंगल कौड़िया ब्रांच इसके लिए सबसे मुफीद जगह है.यह एक ऐसा नायाब ब्रॉंच है जहाँ मुर्दे कैश काउंटर पर जाकर अपने केसीसी खाते मे नगद जमा और नगद निकासी कर लेते हैं। यही नहीं अपने केसीसी खाते का नवीनीकरण कराकर नया और नगद भुगतान भी प्राप्त कर लेते हैं।

मृतक के नाम से 3 लाख के लोन का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ और विभागीय जाँच कछुआ चाल से मंद -मंद चल रही है। इसी बीच एक और मामला सामने आने के बाद एसबीआई जंगल कौड़िया शाखा की शाख पर बट्टा दर बट्टा लगता जा रहा है. नए मामले मे केसीसी खातों मे फर्जी जमा निकासी करके खातों को एक्टिव करने के बाद उन पर नया ऋण जारी कर कैश निकाल लिया गया है. जिन्दा किसानों के इस तरह के मामले आये और इसकी विभागीय जाँच चल रही है।अब दो मृतक किसानों के नाम सामने आये हैं जिनके खातों मे नगद जमा और नगद निकासी काउंटर पर करके नया ऋण जारी कर कैश निकाल लिया गया है. यही नहीं ब्रांच द्वारा समय -समय पर इंस्पेक्शन के नाम पर चार्ज भी उन खातों पर चढाया गया है। मामला क्षेत्र के चिऊटीजाम गाँव के मृतक किसान तीरथ पुत्र वासदेव एवं वंशीधर पुत्र कन्हैया का है जिनकी मृत्यु क्रमशः 13 सितंबर 2021 और 03 मार्च 2018 मे हो चुकी है वंशीधर के केसीसी खाता नंबर 31601098822 मे 15 दिसम्बर 2021 को कैश काउंटर पर 37500 नगद जमा किया गया और उसी दिन 37500 की नगद निकासी भी कर ली गयी.यह नगद जमा निकासी स्वयं वंशीधर द्वारा दिखाया गया। यही नहीं,02 मार्च 2022 को वंशीधर द्वारा ही 12000 की नगद निकासी भी दर्ज कर ली गयी. यह सब वंशीधर ने मरने के बाद बैंक पर जाकर किया.यही नहीं बैंक द्वारा कागज मे 16 मार्च 2022 और 16 मार्च 2023 को विजिट दिखाकर चार्ज दर्ज कर लिया गया। दूसरे मृतक तीरथ के केसीसी खाता नंबर 33620959194 के खाते मे 06मार्च 2022 को 10500 नगद जमा और इसी दिन 10500 की नगद निकासी की गयी यह नगद जमा और निकासी तीरथ द्वारा स्वयं किया जाना दिखाया गया है। 07 मार्च 2022 को 1,80,000 की नगद निकासी कर ली गयी। यह निकासी भी स्वयं तीरथ द्वारा किये जाना दिखाया गया. बैंक द्वारा किसान के घर विजिट करने का चार्ज 708 16 मार्च 2022 को दर्ज किया गया.16मार्च 2023 तक बैंक कर्मी विजिट करते रहे लेकिन तीरथ के मृतक होने की भनक नहीं लगी. भनक कैसे लगती क्योंकि विजिट सिर्फ कागजो मे दर्ज करके चर्चा कर लिया जाता रहा.बताया जा रहा है कि अभी और भी मामले सामने आ सकते हैं घोटाले की धनराशि लाखों मे हो सकती है।

इस पूरे खेल मे बैंक कर्मियों के साथ एक सीएससी संचालक की महत्वपूर्ण भूमिका है। घोटाले की पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए सबसे पहले उसने शाखा प्रबंधकों को विश्वास मे लिया इसमें धोखा हुआ है या मिलीभगत से इन घोटालों को अंजाम दिया गया यह जाँच के बाद ही सब कुछ सामने आएगा लेकिन इससे एसबीसी की शाख को पलीता लगा है और आम आदमी के बीच यह संदेश गया है कि घोटालेबाजों के लिए बैंक मे रेड कारपेट है और आम आदमी के लिए तमाम नियमों की जंजीर हैं.मामले की जाँच जारी है ज़ब इस मामले पर SBI के रिजनल ऑफिस के एक अधिकारी से सम्पर्क कर मामले की जानकारी दी तो उन्होंने अपना नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कहा कि मीडिया से बात करने की मनाही है लेकिन एसबीआई जंगल कौड़िया से मिल रही शिकायतों की जाँच करायी जा रही है।

डेंगू नियंत्रण और बचाव में सामुदायिक भागीदारी पर मंथन

अवधनामा संवाददाता

- आरएमआरसी और डीएनडीआई ने डेंगू के मौसम पहले जनजागरूकता कार्यशाला के जरिये बचाव की पहल

गोरखपुर। क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आरएमआरसी) और स्वयंसेवी संस्था ड्रग्स फॉर नेगलेक्टेड डिजीज इनीशिएटिव (डीएनडीआई) ने विषय विशेषज्ञों, समुदाय और हितधारकों को डेंगू के मौसम के पहले एक मंच पर लाने की पहल की है। इसी कड़ी में चरगांवा ब्लॉक सभागार में डेंगू जनजागरूकता कार्यशाला ''सामुदायिक भागीदारी, सबकी जिम्मेदारी'' का आयोजन कर बीमारी, बचाव और सामुदायिक भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी।

कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों और हितधारकों से उनके व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किये गये जिनकी मदद से राष्ट्रीय स्तर का चार्टर बनेगा। आगामी मई 2024 को नई दिल्ली में डेंगू संबंधित प्रस्तावित राष्ट्रीय कार्यक्रम में यह चार्टर प्रमुख भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किया और बीमारी के विभिन्न पक्षों के बारे में सवाल भी पूछे। कार्यक्रम में पहुंचे गोरखपुर मंडल के अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ नरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक पखवाड़े के दौरान मच्छरों के स्रोतों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने पर विशेष जोर है। लोगों को यह संदेश दिया जाता है कि बुखार होने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल में जांच कराएं। इस तरह मच्छरजनित बीमारियों से बचाव पर सरकारी तंत्र प्रयास कर रहा है। आरएमआरसी के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय ने सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया और कहा कि डेंगू की समय से पहचान और चिकित्सक से सम्पर्क बेहद जरूरी है । इस बीमारी की प्रसार दर हमेशा से चिंता का विषय रही है । इससे बचाव के उपाय में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ साथ समाज के सभी हितधारकों की अहम भूमिका है। आरएमआरसी के पूर्व निदेशक डॉ रजनीकांत ने कहा कि डेंगू का कोई इलाज नहीं होता है । इसका सिर्फ लाक्षणिक उपचार संभव है । संभावित डेंगू की समय से पहचान कर चिकित्सकीय हस्तक्षेप किया जाना मरीज की जीवनरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नेशनल वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के पूर्व निदेशक डॉ पीके श्रीवास्तव ने प्रस्तुति के जरिये डेंगू के कारण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डेंगू मरीज का समय से सही जगह पर संदर्भन, इससे होने वाली जटिलताओं को रोकने में कारगर है। वेक्टर बोर्न विशेषज्ञ डॉ बीएन नागपाल ने कहा कि डेंगू मादा मच्छर का काटने से होता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है और इसे पनपने के लिए थोड़ा सा साफ पानी भी पर्याप्त है।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ राजकिशोर सिंह ने कहा कि तेज बुखार और जोडों में दर्द इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। डेंगू के गंभीर मामलों में पल्स रेट 120 तक चला जाता है, रुक रुक कर बुखार आता है और प्लेटलेट दस हजार से नीचे चला जाता है। इस मौके पर मंडलीय किट विज्ञानी डॉ वीके श्रीवास्तव, गोरखपुर के जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी राजेश चौबे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ धनंजय कुशवाहा, ब्लॉक विकास अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी मनोज कुमार, जेई एईएस कंसल्टेंट डॉ सिद्धेश्वरी समेत आरएमआरसी के प्रतिनिधिगण, एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

बचाव और उपचार में कारगर होंगी सीख

कार्यशाला का मुख्य जोर देश में डेंगू की गंभीर चुनौती से निपटने के लिए समुदाय के साथ जुड़ने, सीखने और काम करने की आवश्यकता पर बल देना है। इसके जरिये नीति निर्माताओं की आवश्यकताओं को समझने और समुदाय में जनजागरुका का स्तर बढ़ाने में मदद मिलती है।इसकी सहयोगी संस्था डीएनडीआई ने वर्ष 2003 में अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व में सार्वजनिक और निजी भागीदारी के साथ मिल कर तेरह नये उपचार में योगदान दिया है। यह संस्था उपेक्षित बीमारियों के लिए सुरक्षित, प्रभावी और किफायती उपचार के लिए अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इसकी मदद से डेंगू, बाल एचआईवी चिकित्सा, उन्नत एचआईवी रोग और हेपेटाइटिस सी समेत कई अन्य बीमारियों के लिए दवाएं विकसित की जा रही हैं।

निर्वाचन कार्यों की जिला निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा

- बेव कास्टिंग के लिए समय से तैयारी पूर्ण करने के दिये गये निर्देश
- मतदाता पहचान पत्र वितरण कार्य की करें गहन समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मतदान केन्द्रों का मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, बेव कास्टिंग वाले बूथों पर नेटवर्क व बिजली की उपलब्धता, माडल बूथ की स्थापना, अनुपस्थित, शिफ्टेड व मृतक मतदाताओं (एएसडी) की सूची तैयार करना, मतदाता पहचान पत्र के वितरण इत्यादि कार्यो की समीक्षा हेतु उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों, आरओ हैण्डबुक, आदर्श आचार संहिता से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों आदि का भली भांति अध्यन कर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुसार सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार मतदान केन्द्रों पर रैम्प, बिजली, पानी, प्रकाश इत्यादि की सभी आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित करा ली जाय। साथ ही बेव कास्टिंग वाले मतदान केन्द्रों व बूथों पर नेटवर्क व बिजली की उपलब्धता इत्यादि की उपलब्धता समय से पूर्ण कर ली जाय ताकि बेव कास्टिंग कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। एएसडी मतदाताों की सूची वरिष्ठ अधिकारी अपनी देख-रेख में तैयार करायें ताकि कोई भी मतदाता छूटने न पाये। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान फार्म 06 भरने वाले नये अर्ह मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र के वितरण का भारतीय पोस्टल सेवा के ऐप से मिलान कर वितरण के प्रगति की डाकियांवार गहन समीक्षा की जाय। जिस स्तर पर मतदाता पहचान पत्र वितरण में लापरवाही व उदासीनता पायी जाय उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को पत्राचार भी किया जाय। नये मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदाता पहचान पत्र का वितरण सुनिश्चित कराये ताकि मतदान प्रतिशत प्रभावित न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

परिवार परामर्श महिला सहायता परामर्श केंद्र द्वारा एक जोड़ी की विदाई

- मतभेदों को भुलाकर फुरकान अपनी पत्नी आफरीन को अपने घर ले गया

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में महिला परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी सीमा सरोज, महिला आरक्षी रेनू यादव, महिला आरक्षी सीमा शर्मा, महिला आरक्षी रूपा देवी, वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे सदस्य. पीएलवी ऊषा शर्मा सदस्य के अथक प्रयासों से आज लगभग 1 साल से विवादित चल रहे मामले को सुलझा कर आफरीन बानो पत्नी मोहम्मद फुरकान निवासी अफलेपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर को समझा-बुझाकर उनके पति मोहम्मद फुरकान के साथ विदाई कराई गई। यह मामला काफी दिनों से विवाद चल रहा था, किंतु सारे मतभेदों को भुलाकर मोहम्मद फुरकान अपनी पत्नी आफरीन बानो को अपने घर लीवाकर गया। जिसकी भूर भूर सराहना की जाती है।

वहीं दूसरी तरफ़ देखा जाय तो इससे समाज को एक नई दिशा के साथ साथ नई सोंच भी लोगों में जागृत हो रही है। लगभग सैकड़ों परिवार जो पड़ी मन मुटाव के चलते अलग अलग रह रहे थे वे आज परिवार परामर्श महिला सहायता केन्द्र के सदस्यों के अथक प्रयास से एक दूसरे के साथ जीवन यापन कर हसी खुशी जीवन बसर कर रहे हैं। पुलिस विभाग का यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने को पैदल मार्च

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं आगामी रमजान त्योहार के दृष्टिगत शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सरायमीर में किया भ्रमण जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के नेतृत्व में पीएसी और पुलिस बल के साथ सरायमीर में भ्रमण किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस और पीएसी बल के साथ सरायमीर में भ्रमण करते हुए मुस्लिम बाहुल्य एवं जुमा मस्जिद परिक्षेत्र मे भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने लोगो से हाल चाल जानने के साथ शांति और सौहार्द बनाये रखने की अपील किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज शुक्रवार की नमाज है, इसको देखते हुए सभी थाना क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सेक्टर स्कीम लागू है, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस के अधिकारी प्रातः से ही सभी लोग भ्रमणशील हैं। सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण तरीके से नमाज पढ़ी जा रही है, कहीं पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी लोग सुरक्षा, शांति एवं सौहार्द बनाने में सहयोग करे। प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है। पूरे जिले में सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस एवं पीएसी द्वारा भ्रमण किया गया है।

30 मार्च से ग्रासरूट फुटबॉल के महाकुंभ की होगी शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। रामरती इंटर कॉलेज में सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग 30 मार्च से आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता डेढ़ महीने तक चलेगी। जिसमे अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग के बच्चे खेलेंगे। प्रतियोगिता हर रविवार को खेली जाएगी। यह फुटबॉल प्रतियोगिता ऑल इण्डिया फुटबाल फेडरेशन और जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रदेश का दूसरा शहर सुलतानपुर है जो इस प्रतियोगिता को आयोजित कर रहा है। ब्लू कब्स लीग ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन का एक प्रोजेक्ट है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता को सुल्तानपुर फुटबॉल अकादमी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। फुटबॉल कोच आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस लीग में कुल ग्यारह टीम प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमे प्रयाग फुटबॉल अकादमी (प्रयागराज), संगम सिटी फुटबॉल क्लब(प्रयागराज), अवध फुटबॉल क्लब(अयोध्या), थंडर फुटबॉल क्लब(सुल्तानपुर), भुलियापुर फुटबॉल अकादमी (प्रतापगढ़), तक्षशिला अकादमी(अंबेडकरनगर) और सुल्तानपुर फुटबॉल अकादमी की टीम प्रतिभाग कर रही है। लीग मैच में अंको के आधार पर चार टीमें अंडर 14 में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। और अंडर 12 में टॉप दो टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रवीण सिंह(प्रोफेसर के एन आई) तथा विशिष्ट अतिथि राजेश कनौजिया (प्रवक्ता स्त्रस-इंटर कॉलेज), एम एस वेग (जनरल सेक्रेटरी जिला फुटबॉल संघ), वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी मो इलियास द्वारा किया जाएगा।

मुख्तार की मौत के बाद प्रयागराज में हाईअलर्ट

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। पूर्वांचल के माफिया कहे जाने वाले मुख्तार अंसारी की गुरूवार रात बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हार्ट अटैक से मौत के बाद पूरे यूपी में हाईअलर्ट है। जिले में जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त प्रयागराज पुलिस की तरफ से किये गए।

देर रात से ही प्रयागराज के संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था कर दी थी। पुलिस और आरएएफ के जवानों ने लगातार फ्लैग मार्च कर लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। जुमे की नमाज को लेकर बरती जा रही सतर्कता मे ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गयी। कोतवाली क्षेत्र के चौक में भारी पुलिस फोर्स तैनात है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए जामा मस्जिद के पास भारी संख्या में पुलिस के साथ आरएएफ और पैरा मिलेट्री फोर्स को लगाया गया। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य इलाको में ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

जन सुविधाओं के अभाव में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय

- नहीं है पीने के पानी की उचित व्यवस्था
- आम नागरिकों के बैठने को नहीं है एक भी बेंच
- धूप से बचने के लिए नहीं है छाया या शेड
- रोड साइड मे नहीं लगा है कार्यालय का बोर्ड

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय अपने स्वयं के भवन में संचालित हो रहा है। यह कार्यालय शहर से हटकर काफी दूरी पर स्थित है। इस कार्यालय का हाल हर प्रकार से खस्ता है, ना तो कार्यालय तक पहुंचने के लिए मार्ग है, ना कार्यालय का कोई प्रॉपर साइन बोर्ड रोड के किनारे कहीं लगाया गया है जिससे कार्यालय के पहुंच मार्ग का अनुमान लगाया जा सके। कार्यालय में जन सुविधाओं का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। यहां आने वाले किसी भी आम व्यक्ति के बैठने के लिए एक भी कुर्सी या बेंच का इंतजाम नहीं है।वाहनों के पंजीकरण एवं अन्य कार्य से आने वाले पब्लिक के लोगों को मैं तो बैठने के लिए उचित स्थान है, ना छाया की व्यवस्था है कि जब पैसा जमा करने एवं कागज जमा करने वाले लोग उसे स्थान पर खड़े होकर अपने कागज एवं पैसे जमा कर सकें। कुर्सी के नाम पर एक टूटी हुई बेंच रखी हुई है जिस पर बैठना किसी के लिए भी संभव नहीं है। कार्यालय चारों तरफ से एकदम से बंद है किसी भी आम आदमी को कार्यालय के अंदर बने हाल में बैठने की अनुमति नहीं है। इसके उत्तर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था एसी पंखे कूलर सभी व्यवस्था है। आम आदमियों के लिए टॉयलेट जाने के लिए भी व्यवस्था कार्यालय परिसर के अंदर नहीं है। यदि वहां किसी को टॉयलेट जाना है तो उसको बाहर खेतों में टॉयलेट जाने को मजबूर होना पड़ेगा। कार्यालय के अंदर बने हुए टॉयलेट जनता को उपलब्ध नहीं है। पीने के पानी के नाम पर दो नल लगे हुए हैं, जिम शीतल पर लिखा है लेकिन शीतल पर की उपलब्धता नहीं है। कार्यालय प्रशासन एवं जिला प्रशासन को इस ओर उचित ध्यान देने की आवश्यकता है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को नहीं है इस परेशानी का आभास।

होली मिलन समारोह में लोकगीतों पर झूमे लोग

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सिंह द्विवेदी एंड कंपनी चार्टर्ड अकाउंटेंट के पार्टनर सी ए अनिल गुप्ता के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट अनिल गुप्ता के द्वारा आमंत्रित किए गए समस्त मित्रों तथा शुभचिंतकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सी ए अनिल गुप्ता ने होली कि हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के लिए मंगलकामना की। सी ए अनिल गुप्ता ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है तथा हम सभी के जीवन में खुशियां लाता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सभी का जीवन हर्षोल्लास तथा प्रेम से परिपूर्ण रहे। समाजसेवी मनोज कुमार सिंह ने अपने लोक गीतों से सबका मन मोह लिया। समाजसेवी दिलीप कुमार सिंह ने अपने भोजपुरी काव्य पाठ के माध्यम से सबको मंत्र मुग्ध किया। 101 रैपिड एक्शन फोर्स कमांडेंट मनोज गौतम ने सभी को होली की सुभकामए दी। इस अवसर पर लोगों ने गुझिया, पापड़, नमकीन, ठंडाई तथा होली के अन्य परंपरागत व्यंजनों का आनंद उठाया। इस अवसर पर मनोज जायसवाल, विकास सिंह, डॉ0 पंकज गुप्ता, डॉ0 राहुल दीक्षित, मनोज मिश्रा, राजीव मिश्र, राजू मिश्रा, डा0 आर पी मिश्रा, शरद जैन, आकाश श्रीवास्तव, मनीष कुमार गुप्ता , नीरज पांडे, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र प्रकाश, डॉ अवधेश कुमार मिश्र, अविनाश वर्मा, रमन, मानसी, सृष्टि तथा अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

श्री अखंड पाठ साहिब व गुरमत समागम शुरू

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब में शुक्रवार को प्रातः 9 बजे गुरुद्वारा दरबार साहिब एवं गुरुद्वारा गुरु नानक घाट पर श्री अखंड पाठ साहिब के प्रारंभ के साथ गुरमत समागम, सालाना जोड़ मेले का प्रारंभ हो गया। जिसमें शामिल होने के लिए उत्तरांचल से सरदार प्रीतम सिंह सुंदर कौर, राजविंदर सिंह, मनमोहन सिंह, शैलेंद्र सिंह, बलजीत सिंह, कटिहार सिंह, चरंदीप सिंह आदि पहुंच चुके हैं। आई हुई संगतों ने आज सुबह ही स्नान के बाद दरबार साहिब में मत्था टेककर गुरु घर की सेवा में लग गए। गुरुद्वारा के ग्रंथि बाबा सतनाम सिंह ने बताया कि बाहर से आई संगतों के रुकने के लिए दीवान हाल नानक घाट पर प्रबंध किए गए हैं बाबा सतनाम सिंह ने बताया कि आयी हुई संगतों के लिए चाय पकौड़े मीठा शरबत, लंगर की व्यवस्था संगतों ने स्वयं संभाल लिया है। गुरुद्वारा प्रशासन के साथ ही स्थानीय प्रशासन उपजिलाधिकारी संत रंजन, तहसीलदार शैलेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष निजामाबाद सच्चिदानंद यादव, क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पूरे मेले की व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों ने बताया कि 29 से 31 मार्च तक नगर में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, जो संगते अपने वाहनों से आएंगी, उनके चार पहिया वाहन नगर के बाहर निर्धारित स्थानों पर खड़े कर दिए जाएंगे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का व्यापक प्रबंध है। गुरुद्वारा को आकर्षक साज सज्जा, रंग रोगन के साथ मनमोहक बना दिया गया है। गुरुद्वारा की सेवा संभाल रहे आगरा के संत बाबा प्रीतम सिंह गुरु का ताल आगरा भी इस ऐतिहासिक स्थान पर पधार चुके हैं। कार्यक्रम के समापन 31 मार्च तक वह गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब में रहेंगे और अपने वचनों द्वारा आई हुई संगतो को निहाल करेंगे, पूरे पूर्वांचल के साथ ही अन्य प्रांतों से भी भारी संख्या में सिख संगतो का यहां आना शुरू हो गया हो गया है। इसी क्रम में 30 मार्च को नगर कीर्तन के साथ ही आगरा से आए रंजीत अखाड़े के सिंहों द्वारा प्राचीन अश्त्र शस्त्र कला कौशल का गटका पार्टी द्वारा पूरे नगर में जगह-जगह प्रदर्शन किया जाएगा। 31 मार्च को दीवान हाल सजेगा जहाँ गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना एवं रागी जत्थों द्वारा भजन कीर्तन से आई हुई संगत को निहाल किया जाएगा। इसी के साथ ही 29 मार्च से ही गुरु का लंगर गुरुद्वारा प्रांगण में अटूट चलना प्रारंभ हो गया है, जिसमें संगते पहुंचकर सेवा भी कर रही हैं और प्रसाद के रूप में लंगर छककर निहाल हो रहे हैं। इस गुरमत समागम को देखने के बाद यही महसूस होता है कि धरती पर सेवा भाव देखना हो तो सिख सिख लें इनके अंदर बहुत ही सेवा भाव है जो बिना भेदभाव के सबके साथ बराबर के भाव के साथ बेहिचक करते हैं सभी एक ही पंगत में सभी संगत छोटा हो या बड़ा लंगर छकते हैं और यहां से विदा लेते समय जो बोले सो निहाल के नारे के साथ पुनः आने के वादे के साथ अपने गंतब्य को प्रस्थान करते रहते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा का निधन

- आकस्मिक निधन से दौड़ी शोक लहर

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। तीन-चार दशकों तक जिले की पत्रकारिता के मार्फत जिले में विकास की धारा को धरातल पर लाने के लिए अविरल कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकार पं.सुरेन्द्र नारायण शर्मा जी का शुक्रवार को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। प्रेस क्लब (रजि.) के संरक्षक पद पर रहते हुये कई गंभीर मुद्दों पर निर्णय लेकर जिले में पत्रकारिता की दिशा और दशा को तय करने और अपने हंसमुख स्वभाव से सभी के हृदयतल में राज करने वाले महान समाजसेवी पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर शोक लहर मानों करंट की तरह पूरे जिले में दौड़ गयी। उनके चाहने वालों, शुभचिन्तकों, समाजसेवियों, राजनेताओं, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, अधिकारियों का जमावड़ा उनके आजादपुरा स्थित आवास पर लग गया।

हर कोई पं.सुरेन्द्र नारायण शर्मा जी के आकस्मिक निधन की खबर को सुनकर इस पर यकीन नहीं कर पा रहा था। लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकार रहते हुए उन्होंने सदैव जिले के विकास और उन्नति को लेकर ही कार्य किया। पत्रकारों व प्रशासन के बीच जब भी कोई मतभेद हुए तो ऐसी विषम

परिस्थितियों को भी आसानी से संभालते हुए दोनों ओर से पहल करते हुए जिले में सामाजिक समरसता कायम रखने का काम किया। पं.सुरेन्द्र नारायण शर्मा के आकस्मिक निधन पर यही माना जा रहा है कि अब जिले की पत्रकारिता में एक युग का अंत हो गया है। जहां उनके आदर्श सदैव पत्रकारों के मध्य प्रासंगिक रहेंगे तो वहीं उनके जाने से यह कमी अपूरणीय रहेगी। जिले के प्रेस क्लब (रजि.) के पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से संरक्षक रहे पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा जी को शत-शत नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित।

मीठी कलम के अनथक योद्धाः सिद्धार्थ शर्मा

हमारे मार्गदर्शक एवं संरक्षक पूजनीय चाचाजी पं सुरेन्द्र नारायण शर्मा लगातार आधी शती तक प्रदेशीय और राष्ट्रीय स्तर के सर्वप्रिय पत्रकार रहे। प्रारंभिक समय में जब वे चुस्त-दुरुस्त रहे, उन्होंने पत्रकार जगत के महान पुरोधा के. विक्रम राव से गहरी निकटता और मार्गदर्शन प्राप्त किया। अपनी जीवन में कभी भी अपनी कलम से न तो किसी का दिल दुखाया और न ही किसी के स्वाभिमान पर चोट की। वे मनुष्य की परिस्थितिजन्य कमजोरियों से सदैव रूबरू रहते थे और उसके सुख-दुख को अपना ही सुख-दुख समझ कर उत्पीड़ितों को गले लगा लेते थे। यद्यपि वे पत्रकारिता धर्म के सच्चे पुजारी थे परन्तु साथ ही नवोदित पत्रकारों की हौसला अफजाई भी बदस्तूर करते रहते थे। ऐसे शब्द साधक पूजनीय चाचाजी जो चाचा से अधिक संरक्षक और मार्गदर्शक रहे। यह उद्गार व्यक्त करते हुए उनके भतीजे सिद्धार्थ शर्मा ने उनकी पावन स्मृति में शत-शत नमन अर्पित किया है।

फहीम बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमति तथा समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा के अनुमोदन पर ग्राम हयातनगर निवासी फहीम अहमद को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहज़ाद ने आशा जतायी है कि वे पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आदेशों का पालन करेंगे। फहीम अहमद जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर सुल्तानपुर में समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड संगठन को मजबूत बनाएंगे। फहीम अहमद के मनोनयन पर ग्रामवासी व पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

संक्षिप्त समाचार

जुमे की नमाज़ पर रही चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

सुल्तानपुर। पूर्वांचल के माफिया रहे मुख्प्रातार अंसारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद बने तनाव पूर्ण माहौल और जुमे की नमाज के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशानुसार जनपदीय पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण/निरीक्षण किया गया। समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। ऐसे शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ आमजन से अपील की गयी किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करे पुलिस चुस्ती व मुस्तैदी से अपना काम करेगी।

एसपी व सीओ ने शहर भर में किया पैदल मार्च

ललितपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, एसडीएम सदर व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका तथा पैरामिलिट्री के साथ सदन शाह के मजार से घुसियाना मस्जिद, जेल चौराहा, अजीतपुरा, महावीरपुरा, रावरपुरा, मऊठाना, इमाम चौक, नदीपुरा, आजाद चौक होते हुए गोविंद नगर से टेल्को ग्राउंड से कैलगुवां चौराहा से होते हुए आजाद चौक से शनिचरा चौराहा, घंटाघर, जीआईसी से होते हुए जिला अस्पताल और जिला अस्पताल से वापस सदन शाह तक एरिया डोमिनेशन किया गया। ताकि लोगों में यह विश्वास बहाल किया जा सके कि आगामी लोकसभा चुनाव भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र कराया जाएगा। साथ ही जुम्मे की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए भी विभिन्न मस्जिदों पर भ्रमण किया गया।

एसपी ने हजरत बाबा शदनशाह उर्स मेला की तैयारियों का जायजा लिया

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा हजरत बाबा शदनशाह उर्स मेला की तैयारियों का जायजा लिया गया। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बाबा सदन शाह उर्स मेला आयोजन 31 मार्च से 04 अप्रैल 2024 तक प्रस्तावित है। एसपी द्वारा संपूर्ण मेला परिसर में भ्रमण किया गया तथा उर्स कमेटी, आयोजकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया। साथ ही आयोजकों से मेला को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने हेतु अपील की गयी। एसपी द्वारा उर्स मेला में लोगो की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्षेत्राधिकारी सदर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटियां लगाने हेतु व समय समय पर ड्यूटियां चैक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। एसपी द्वारा सम्पूर्ण मेला परिसर की ड्रोन कैमरे से निगरानी हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। प्रभारी यातायात को यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

नगरपालिका के बागी सभासदों ने रोजा इफ्तार पार्टी का किया आयोजन, चेयरपर्सन को नहीं किया आमंत्रित

मुबारकपुर,आजमगढ़। मुबारकपुर नगरपालिका परिषद कार्यालय के प्रांगण में चेयरपर्सन ने नाराज 16 बागी सभासदों ने आपसी भाईचारे को बढ़ावा के लिए रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया । जिसमें हिन्दू मुस्लिम तमाम लोगों ने इफ्तार पार्टी में हिस्सा लिया और एक साथ बैठकर इफ्तार किया व साम्प्रदायिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस इफ्तार पार्टी में चेयरपर्सन को नहीं बुलाया गया था। बताया जाता है की चेयरपर्सन व उनके पिता ने भी कुछ दिन पहले एक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था जिसमें बागी सभासदों को शामिल नहीं किया गया था। इफ्तार पार्टी में हिन्दू मुस्लिम भाइयों ने हाथ उठाकर देश में अमन चौन और देश की तरक्की के लिए दुआ की। वहीं दूसरी तरफमुबारकपुर क्षेत्र में विकास कार्य पूर्ण रूप से ठप पड़ा हुआ है इस की शुध लेने वाले कोई नहीं है सभासद और चेयरपर्सन में किसी भी कार्य को लेकर आपसी सहमति नहीं बन पा रही है जनता जूझ रही है इस पर कोई भी शुध लेने वाले नहीं हैं। इस अवसर पर सभासद मो.नाजिर , इरशाद अहमद ,इरफान अहमद गुड्डु, सनी भाई,सुहेल अहमद,बेलाल हाशिम,नुरूलहोदा,बशीर अहमद,तनवीर अहमद,अरविंद कुमार,नईमुद्दीन, डॉ. फैजुर्रहमान,मुन्ना शिकारी,अमीरुद्दीन,अनिल सागर,सुधीर कुमार ,धर्मेन्द्र,चाँद भाई,सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत की , वहीं आयोजन कर्ता सभासदों ने इफ्तार पार्टी में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

चेयरमैन ने गौशाला में गौवंश के लिए पर्याप्त इंतजाम होने की बात कही

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। कस्बे में संचालित कान्हा गौशाला में एक सप्ताह में 400 गोवंश के अचानक लापता हो गया है।वहीं एक सप्ताह से भूसा न होने के कारण गोवंश के भूखे मरने का मामला पशुपालन विभाग ने उजागर किया तो नगर पंचायत अध्यक्ष बचाव में उतर आए हैं।उन्होंने गोवंश के मरने का सारा ठीकरा पशुपालन विभाग पर फोड़ रहे हैं।

पशुपालन विभाग के मुताबिक कस्बे के कान्हा गौशाला के अभिलेखों में 670 गोवंश संरक्षित है। लेकिन एक सप्ताह में यह 400 से अधिक लापता हो गया है। पशुपालन विभाग का आरोप है कि गौशाला में संरक्षित गोवंश को अध्यक्ष की इशारे पर प्रतिदिन बाहर निकाला जाता है। जबकि यह नियम विरुद्ध है। पशुपालन विभाग के अनुसार 22 गोवंश दुधारू है।

चेयरमैन के शागिर्द इन गोवंश का दूध निकाल कर बाजार में बेच रहे हैं। जबकि चौकीदार का कहना है कि चेयरमैन के पिता दूध अपने घर ले जाते है। जिससे इनके बच्चे दूध न मिलने भूख से तड़प रहे हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अंकुर सचान का कहना है कि कान्हा गौशाला में इस समय महज 250 गोवंश बचा है। भूसा एक सप्ताह से गायब है। गोवंश भूख से मर रहा है। गुरुवार की रात जब उन्होंने ठेकेदार से वार्ता करके भूसा भेजने का दबाव बनाया। तब कहीं जाकर शुक्रवार को सुबह भूसा आ सका है। उनका कहना है कि कान्हा गौशाला में ढेर सारी अव्यवस्थाएं है। इसके खिलाफ जब उन्होंने आवाज उठाई गई है तो उनके ऊपर फर्जी आरोप लगाए जा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे का आरोप है कि पशु पालन विभाग की लापरवाही से गौशाला में गोवंश दम तोड़ रहे हैं। सूचना देने के बाद यह उपचार नहीं करने आते हैं। अन्य आरोपों पर वह कन्नी काट गए और आरोपों को निराधार बताया। कहा कि भूसा पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। चरवाहे गोवंश को चराने को भी ले जाते है।

मतदाता जागरूकता रैली निकालकर दिलाई शपथ

सुमेरपुर हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा व मवईजार में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी बीडीओ ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के लिए शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम इंगोहटा व मवईजार में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ में गांव भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमी और गलियों में माइक से नारे लगाए।

कान्हा गौशाला की पोल खोलने में आमने सामने आये नगर पंचायत चेयरमैन व पशु पालन विभाग

अवधनामा संवाददाता

एक सप्ताह में 400 से अधिक गोवंश के लापता होने से छाया रहस्य

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में संचालित कान्हा गौशाला में एक सप्ताह में 400 गोवंश के अचानक लापता होने सहित अन्य आरोपों को लगाकर पशुपालन विभाग व नगर पंचायत अध्यक्ष आमने सामने आ गये हैं। पशुपालन विभाग ने एक सप्ताह से भूसा न होने के कारण गोवंशों के भूखे मरने के आरोप लगाये तो नगर पंचायत अध्यक्ष बचाव में उतरकर गोवंश के मरने का सारा ठीकरा पशुपालन विभाग पर लगा रहे हैं। पशुपालन विभाग के मुताबिक कस्बे के कान्हा गौशाला के अभिलेखों में 670 गोवंश संरक्षित है। लेकिन एक सप्ताह में यह 400 से अधिक लापता हो गया है। पशुपालन विभाग का आरोप है कि गौशाला में संरक्षित गोवंश को नियम विरुद्ध प्रतिदिन बाहर निकाला जाता है। पशुपालन विभाग के अनुसार 22 गोवंश दुधारू है। इन गोवंशों का दूध निकालकर बाजार में बेच रहे हैं। जबकि चौकीदार का कहना है कि चेयरमैन के पिता दूध अपने घर ले जाते है। जिससे इनके बच्चे दूध न मिलने से भूख से तड़प रहे हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर सचान का कहना है कि कान्हा गौशाला में इस समय महज 250 गोवंश बचा है। भूसा एक सप्ताह से गायब है। गोवंश भूख से मर रहा है। गुरुवार की रात जब उन्होंने ठेकेदार से वार्ता करके भूसा भेजने का दबाव बनाया। तब कहीं जाकर शुक्रवार को सुबह भूसा आ सका है। उनका कहना है कि कान्हा गौशाला में ढेर सारी अव्यवस्थाएं है। इसके खिलाफ जब उन्होंने आवाज उठाई तो उनके ऊपर फर्जी आरोप लगाए जा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे का आरोप है कि पशुपालन विभाग की लापरवाही से गौशाला में गोवंश दम तोड़ रहे हैं। सूचना देने के बाद यह उपचार करने नहीं आते हैं। अन्य आरोपों को उन्होंने निराधार बताते हुये कहा है कि भूसा पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। चरवाहे गोवंश को चराने को भी ले जाते है।

छात्रों ने कृषि अनुसंधान केंद्र व तुलसी तीर्थ का किया भ्रमण

कमासिन/बांदा। विकासखंड कमासिन क्षेत्र के छात्रों ने खंड शिक्षा अधिकारी कमासिन आभा अग्रवाल के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता में शीर्ष 100स्थान पाए बच्चो को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। छात्रों के साथ प्रदीप बाथम प्रधानाध्यापक ममसीखुर्द , केतराम पाल भाटी भाटी, राकेश सिंह छिलोलर , प्रेम सिंह अंगौली, विजय बिहारी मवई,श्री मति आशा कुशवाहा कमासिन, नागेन्द्र द्विवेदी पाली, चक्रवर्ती सिंह दोहरा, अवधेश यादव ममसी खुर्द, श्री मती प्रभा त्रिपाठी कमासिन, भूपेंद्र कुमार कार्यालय सहायक, नागेन्द्र कुमार के पूर्ण सहयोग से यह भ्रमण शानदार रहा। बच्चो के अंदर उत्साह और सीखने की जानने की ललक चरम पर थी। खंड शिक्षा अधिकारी कमासिन द्वारा सभी बच्चो को बहुत बहुत प्यार सभी अध्यापकों को सहयोग के लिए कोटि कोटि आभार।

जुमे की नमाज को लेकर बरती गई विशेष सतर्कता

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। गुरुवार को हुई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत और रमजान के तीसरे शुक्रवार के साथ ही पूरे प्रदेश में लागू निषेधाज्ञा के चलते कस्बे में जुमे की नमाज को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई और उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी की अगुवाई में अर्धसैनिक बलों के रूटमार्च निकाला गया और कस्बे की मुख्य मस्जिदों के आसपास भी पुलिस बल तैनात किया गया था। पवित्र माह रमजान के तीसरे शुक्रवार और पूरे प्रदेश में लागू निषेधाज्ञा के साथ ही गुरूवार की रात पड़ोसी जनपद बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में हुई माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर जहां पूरे प्रदेश में अलर्ट घोषित किया गया है तो उसी को देखते हुए उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र और क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों के साथ कस्बे की मुख्य सड़कों पर फ्लैग मार्च किया साथ ही कस्बे की मुख्य मस्जिदों के बाहर भी पुलिस बल तैनात किया था। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से बात कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

दुष्कर्म पीडिता ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर एसपी से लगाई गुहार

हमीरपुर। जिले के ललपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीडिता ने मुकदमा दर्ज होने के बाद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज एसपी के पास पहुंची और कार्यवाही की मांग करते हुये बताया कि आरोपी उसे व उसके परिजनों पर लगातार राजीनामा का दबाव बना रहे हैं। राजीनामा न करने की स्थिति में पीडिता सहित परिवार को आरोपी धमकियां दे रहे हैं। पीडिता ने थाना प्रभारी पर महिलाओ की सुनवाई न करने व थाने में आने वाले फरियादियों के साथ अभद्रता करने के आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस की मेहरबानी से रेप के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। इस संबंध में पुलिस ने बताया है कि ललपुरा क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली पीड़िता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में नामजद 2 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

शान्तिपूर्ण ढंग से चुनाव पूर्ण कराये जाने के लिये जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने के लिये जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है, आदर्श आचार संहिता का कडाई से अनुपालन कराया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने हेतु तथा शिकायतों के निस्तारण हेतु ऑन लाइन सी विजिल, एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा की दिनांक के मतदान दिवस तक शिकायत अपलोड की जा सकती है। जिनका त्वरित निस्तारण सी विजिल पर प्राप्त शिकायत को अंकित कर 100 मिनट की समय अवधि मे नजदीकी एफ..एस.टी. टीम द्वारा किया जाता है। जनपद हमीरपुर मे विधान सभा 228 हमीरपुर एवं 229 राठ मे विधान सभावार उडनदस्ता टीमों का गठन किया गया है जो प्रतिदिन 24 घंटे क्रियाशील है। ई.एस.एम.एस. पोर्टल पर भी सीजर की कार्यवाही से सम्बन्धित कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध मे सम्बन्धित अधिकारियों को मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशो से अवगत कराया गया। सी विजिल एवं ई.एस.एम.एस. के सम्बन्ध में उडनदस्ता टीमों को एपीजे अब्दुल कलाम सभागार मे प्रशिक्षण वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष शुक्ला द्वारा दिया गया। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, सुरेश कुमार ने उडनदस्ता टीमों को निर्देशित करते हुये कहा कि मेहनत से प्रशिक्षण पूर्ण करें ताकि आगे किसी समस्या का सामना न करना पडें। जिससे चुनाव शान्तिपूर्ण, भय मुक्त तथा निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जा सके।

हाई अलर्ट के बाद भी मस्जिदों से गायब रही पुलिस

सुमेरपुर हमीरपुर। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के बाद प्रदेश में हाई अलर्ट के बाद भी जुमे की नमाज के दौरान कस्बे की सभी मस्जिदों से पुलिस प्रशासन में नदारत रहा। फिलहाल किसी तरह की कोई बात कस्बे में नहीं हुई। सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। गुरुवार की देर रात माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित करके धारा 144 लागू की गई थी। शासन के निर्देश थे कि जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों में विशेष सतर्कता बरती जाए। लेकिन कस्बे में यह सतर्कता नजर नहीं आई। सब्जी मंडी की जामा मस्जिद में दोपहर को महज एक होमगार्ड मौजूद था। वह भी बाहर सब्जी मंडी की दुकान में बैठकर गपशप कर रहा था। कस्बे की अन्य मस्जिदों का भी यह हाल था। सभी जगह से पुलिस प्रशासन गायब था। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि हर मस्जिद में एक सिपाही व एक होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई थी।

संक्षिप्त समाचार

वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गोकुल डेरा गांव निवासी भीम्मा पुत्र मइयादीन के खिलाफ वर्ष 2011 में मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने हमराह पुलिस बल के साथ उसको गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

कैंटीन में हुई छापेमारी

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर कैंटीन में विद्युत विभाग ने छापेमारी कर लाखों रुपए की विद्युत चोरी का खुलासा किया है। कैंटीन में कटिया डालकर बिजली चोरी करने पर कार्यवाही की है। एसडीओ हरीश ने बताया कि विद्युत विभाग की टीम द्वारा बिजली चोरी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर बनी कैंटीन में टीम के साथ छापेमारी की गयी। कैंटीन में सालों से कटिया डालकर बिजली चोरी हो रही थी। विद्युत विभाग ने कनेक्शन काटकर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की है। उन्होंने बताया कि इस बिजली चोरी से विद्युत विभाग को प्रतिदिन लाखों का नुकसान हो रहा था।

अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 12 वर्ष पूर्व के मुकदमे में फरार चल रहे एक अभियुक्त को कुरारा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष कुरारा ने बताया कि आज कुरारा पुलिस ने वर्ष 2011 में धारा 324, 323, 504 आईपीसी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त भिम्मा पुत्र मइयादीन केवट निवासी गोकुल का डेरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल रज्जन लाल, यतीन्द्र कुमार शामिल रहे।

अमन चैन की दुआ के साथ रोजेदारों ने किया इफ्तार

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय जामा मस्जिद चोपन में शुक्रवार को चेयरमैन उस्मान अली के द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें रोजेदारों ने मगरिब के वक्त पहुंचकर रोजा खोला व नमाज अदा किए। रोजा इफ्तारी में सभी के लिए फल, मीठा, सूखे मेवे व शरबते मोहब्बत के साथ दावत का भी इंतजाम किया गया था।वहीं रोजा इफ्तार पार्टी में उस्मान अली ने कहा कि रमजान के पाक महीने में देश में अमन चैन बना रहे सब मिलकर देश निर्माण में अपना योगदान करें खुदा सभी के ऊपर अपना करम बनाए रखें ऐसी दुआ खुदा से करें। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जामा मस्जिद में आयोजित इफ्तार पार्टी में लोग शामिल होकर देश की एकता अखंडता एवं आपसी सौहार्द को कायम रखने की दुआ कर रहे हैं। इस अवसर पर जामा मस्जिद के पेश इमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने भी रोजा इफ्तार पार्टी के दौरान देश में अमन चैन व आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद , ईदू भाई, अंजुमन सेक्रेटरी महफूज़ आरिफ,रियाज अहमद, एहसान अहमद, वजीर अहमद,एम एम खान,सलीम कुरैशी, रिजवान अहमद, मंसूर अहमद ,अकबर अली, सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम बंधु मौजूद रहे।

एनसीएल सीएमडी ने की मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से शिष्टाचार भेंट

सोनभद्र/ सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बी. साईराम ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में दिए जा रहे एनसीएल के योगदान से अवगत कराया। इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल ने माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष एनसीएल द्वारा कोयला उत्पादन, हरित प्रेषण, दीर्घकालिक विकास और निगमित सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को रखा। साथ ही , सीएमडी एनसीएल ने देश की ऊर्जा आकांक्षा के अनुरूप एनसीएल में प्रक्रियागत परियोजना विस्तार की वर्तमान वस्तुस्थिति पर भी माननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा किया।

पोस्टमार्टम के बाद गाजीपुर ले जाया गया मुख्तार का शव

बांदा। मण्डल कारागार में बंद पूर्वांचल के बाहूबली माफिया डान मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात मौत हो गई। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सुनील कौशल ने मेडिकल बुलेटिन जारी करते हुए इस बात की जानकार दी। उन्होंने बताया कि मुख्तार की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। उन्होंने बताया कि उसे बेहोशी की हालत में यहां लाया गया था। जेलकर्मियों ने उसे उल्टियां आने की जानकारी दी थी। सूत्रों के अनुसार मुख्तार ने खिचड़ी खाई थी। उसे खून की उल्टी आने की भी चर्चा है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई।

यहां बताते चलें कि जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी बीती देर रात मौत हो गई। परिजनों की ओर से दी गई सूचना के अनुसार, परिवार का गाजीपुर जिले के काली बाग में पारिवारिक कब्रिस्तान है। वहीं पर मुख्तार को सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी की जा रही है। जिले में भारी सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। माफिया मुख्तार अंसारी के शव को पोस्टमार्टम के बाद प्राथमिक रिपोर्ट में हृदय गति से मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयगति रुकने से ही मौत की बात पता चली है। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज परिसर स्थित पोस्टमार्टम हाउस के बाहर गाड़ियों को कतारबद्ध रही। पोस्टमार्टम के बाद भारी सुरक्षा बल के बीच अंसारी के शव को गाजिपुर के लिए ले जाया गया है। जहां पर कल उनका पारिवारिक कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जायेगा।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक की बात आई सामने- माफिया मुख्तार अंसारी के शव को पोस्टमार्टम के बाद प्राथमिक रिपोर्ट में हृदय गति से मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम हाउस से निकले चिकित्सकों ने बताया कि पोस्टमार्टम में एक पीजीआई लखनऊ, तीन बांदा जिला अस्पताल व एक मेडिकल कालेज के चिकित्सक समेत पांच सदस्यीय टीम शामिल रही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयगति रुकने से ही मौत की बात पता चली है।

पिता की मौत के बाद भावुक हो गया बेटा उमर अंसारी- माफिया डान मुख्तार अंसारी के मौत के खबर मिलते ही उसका छोटा बेटा उमर अंसारी भावुके हो उठा। कहा कि बीमारी के दौरान उसके पिता से उसको मिलने नहीं दिया। माफिया का बेटा उमर अंसारी भी पोस्टमार्टम स्थल पर पहुंच गया है। उसके साथ स्वजन भी हैं। माफिया के भाई समेत और स्वजन अब बांदा नहीं आएंगे।

प्राइवेट चिकित्सकों के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े आबीर गुलाल

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज शुक्रवार को रूरल हेल्थ वेलफेयर सोसाईटी उत्तर प्रदेश (प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन सोनभद्र) द्वारा रॉबर्ट्सगंज स्थित स्वामी विवेकानंद प्रेक्षा गृह में बसंत उत्सव होली मिलन समारोह संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 ओ पी मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान चिकित्सकों ने एक दूसरे को अभी गुलाल लगाकर गले मिले।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर के0 एन0 पांडेय डायरेक्टर मैक्सवेल सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल वाराणसी ने कहां की होली बसंत ऋतु का संदेश वाहक माना जाता है एवं धार्मिक मान्यताओ के अनुसार बुराई पर अच्छाई के रूप में मनाया जाता है इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने कहा कि अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य कर रहे हैं चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए भगवान के रूप में काम करते हैं। प्राथमिक उपचार कर लोगों का जीवन बचाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

अध्यक्षता कर रहे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 ओ0 पी0 मौर्य ने चिकित्सकों को होली की बधाई देते हुए कहा कि जांच व रजिस्ट्रेशन के नाम पर अनुभव के आधार पर सेवा भाव के रूप में चिकित्सा कार्य कर रहे चिकित्सको का स्वास्थ्य विभाग द्वारा शोषण किया जा रहा है, जबकि आजादी के 76 साल बाद भी सरकारी आंकड़े के अनुसार चिकित्सको की भारी कमी है ऐसी दशा में अनुभवी चिकित्सक ही लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए चिकित्सा व्यवस्था को संभाले हुए हैं, कोरोना काल में अनुभवी चिकित्सक ही अधिकतम कोरोना मरीज का इलाज कर जान बचाने का कार्य कर

चुके हैं ऐसे चिकित्सकों को कोरोना योद्धा के रूप में सरकार को सम्मानित करना चाहिए। आगे प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 ओ0 पी0 मौर्य ने कहा कि रूरल हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी की चाहत है कि पंजीकृत चिकित्सकों की देख रेख में 5 से 10 वर्ष का अनुभव प्राप्त किए हुए अनुभवी चिकित्सकों को 6 माह से 1 वर्ष का प्रशिक्षण देकर प्राथमिक उपचार करने के लिए अनुमति दिया जाए, आयुर्वेद रत्न वैद्य विशारद पद्धति से चिकित्सा कार्य करने वाले चिकित्सकों को मान्यता दिया जाए, आर0 एम0 पी0 रजिस्ट्रेशन को उत्तर प्रदेश में पुनः मान्यता दिया जाए, 1500 की आबादी पर एक चिकित्सा मित्र की नियुक्ति किया जाए, प्रदेश में लगभग 20 लाख ग्रामीण चिकित्सकों को शैक्षिक योग्यता के अनुसार ट्रेनिंग कराकर चिकित्सा स्वास्थ्य मित्र घोषित किए जाने की मांग भी की गई।

कार्यक्रम को प्रदेश महासचिव डॉक्टर बी0 आर0 मौर्य, डॉक्टर लोकपति सिंह, सुमन्त सिंह मौर्य, उदयनाथ सिंह, डॉक्टर भूपेंद्र कुमार पाठक, डॉक्टर डी के विश्वकर्मा, डॉक्टर आर के पटेल, रामजन्म कुशवाहा, संतोष मौर्य, डॉक्टर आर सिंह, डॉक्टर शिव शंकर राव, डॉ0 हरिओम शर्मा, डॉक्टर सारिका श्रीवास्तव, डॉक्टर नीलम मौर्य, ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉक्टर एम पी पाठक, डॉक्टर श्रवण कुमार, डॉक्टर हीरालाल, डॉक्टर पी के राय, डॉक्टर जावेद हसन, डॉक्टर ज्वाला सिंह, डॉक्टर ए के मजूमदार, डॉक्टर रमेश कुमार, डॉक्टर हरिद्वार सिंह, डॉक्टर पारस नाथ कुशवाहा, उमेश सिंह, हीरालाल सायन, हरिहर सिंह चौहान, अरविंद दुबे, सहित सैकड़ो अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रूरल हेल्थ वेलफेयर सोसाईटी के जिलाध्यक्ष डॉक्टर आर0 ए0 चौहान ने किया 25

गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान भूरागढ़ बाइपास तिराहे से गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उमेश सिंह थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित था जिसको थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम उमेश कुमार निषाद पुत्र रामनारायण निवासी कैथी थाना भरुआ सुमेरपुर जनपद हमीरपुर है।

एनसीएल ने अंतर क्षेत्रीय संवर्धन खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ सिंगरौली। गुरुवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने संविदाकर्मियों हेतु अंतर क्षेत्रीय संवर्धन खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 का आयोजन किया। एनसीएल की जयंत परियोजना स्थित विजय स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्गों में विभिन्न श्रेणियों शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, टग ऑफ वार, रिले रेस, पिचर रेस संबंधी मैच खेले गए। प्रतियोगिता के दौरान एनसीएल निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण

बतौर मुख्य अतिथि, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) श सुनील प्रसाद सिंह, इंडिपेंडेंट डायरेक्टर सुबीना बंसल, महाप्रबंधक (कार्मिक) शफदर खान, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (जयंत) ए. एन. पाण्डेय, जेसीसी सदस्यङ्क सीएमएस से अजय कुमार दुबे, आरसीएसएस से बीएस बिष्ट, बीएमएस से राकेश कुमार पाण्डेय, एचएमएस से अशोक कुमार पाण्डेय, सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं एनसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से विभागाध्यक्ष, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। ब्लॉक बी टीम विजेता और अमलोरी टीम रही उपविजेता इस प्रतियोगिता में 16 स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिनमें एनसीएल के सभी क्षेत्रों एवं इकाइयों से कुल 12 टीमों से कुल 238 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के फाइनल में ब्लॉक बी ने 49 अंकों से विजेता खिताब तथा अमलोरी परियोजना ने 36 अंकों सहित उपविजेता खिताब अपने नाम किया।

एनसीएल ने कोयला उत्पादन के लक्ष्य को किया हासिल

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ सिंगरौली। गुरुवार को सिंगरौली स्थित नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने कोयला उत्पादन के वार्षिक लक्ष्य 135 मिलियन टन को समय से पूर्व पार कर लिया है। कंपनी ने लक्ष्य के सापेक्ष 135.24 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर यह उपलब्धि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3 दिन शेष रहते ही हासिल किया है। इसी कड़ी में एनसीएल की दूधीचुआ, जयंत, झिंगुरदा, ककरी एवं ब्लॉक बी परियोजनाओं ने भी अपने वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है एवं शेष इस हेतु अग्रसर है।

इस शानदार प्रदर्शन पर सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक), मनीष कुमार,

निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी /परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी रविंद्र प्रसाद ने टीम एनसीएल को बधाई दी है। पूर्व में ही हासिल कर चुकी है कोयला प्रेषण व अधिभार हटाव का वार्षिक लक्ष्य एनसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में कोयला प्रेषण के वार्षिक लक्ष्य 135 मिलियन टन को निर्धारित समय से 8 दिन पूर्व हासिल कर लिया है। गुरुवार तक कंपनी ने अभी तक बिजली क्षेत्र सहित अपने सभी ग्राहकों को 136.61 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है। साथ ही एनसीएल ने बिजली आपूर्ति हेतु 121.30 मिलियन टन कोयला बिजली घरों को भेजा है।

अधिभार हटाव में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 459 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाव के वार्षिक लक्ष्य को 28 दिन पूर्व ही हासिल कर लिया है। इसी क्रम में एनसीएल ने अद्वितीय प्रदर्शन के साथ अभी तक 509.08 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है।

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिले में हाई अलर्ट चप्पा-चप्पा पर पुलिस फोर्स

अवधनामा ब्यूरो

होटल ढाबा रेलवे स्टेशन पर बढ़ाई गई चौकसी हुई चेकिंग

सोनभद्र। जिले में माफिया मुख्तार अंसारी की दवा इलाज के दौरान हुई मौत के बाद हाई अलर्ट पुलिस प्रशासन चप्पा चप्पा पर सुरक्षा व्यवस्था किया मजबूत एल आई ओ , इंटेलीजेंस विभाग एलर्ट संवेदनशील जगह पर बड़ी चेकिंग होटल ढाबा रेस्टोरेंट रेलवे स्टेशनों में सुरक्षा व्यवस्था का जाना गया हाल। एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि बीती रात माफिया मुख्तार अंसारी की दवा इलाज के दौरान हुई मौत के बाद पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देशानुसार जिले के सभी थाना चौकिया को सूचित कर ग्रस्त व चेकिंग अभियान तेज कर दी गई शुक्रवार को जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ मनाई जाए जिसको लेकर सभी हल्का प्रभारी व थाना प्रभारी की ड्यूटी लगा दी गई जगह-जगह फ्लैग मार्च व पुलिस ग्रस्त के माध्यम से अमन चैन बनाया गया संवेदनशील जगहों पर पुलिस प्रोटेक्शन बढ़ा दिय गया वहीं होटल रेस्टोरेंट रेलवे स्टेशन जगह पर चेकिंग अभियान के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि ड्यूटी पर लगे सभी कर्मचारियों को खड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं इसके अलावा खुफिया विभाग को भी सतर्क कर दिया गया है जिले में अमन चैन के साथ जुम्मे की नमाज पढ़ी गई देर शाम तक सुरक्षा व्यवस्था रहा मुस्तेद।

विपक्ष पर खूब गरजे मुख्यमंत्री योगी

अवधनामा ब्यूरो

- प्राचीन ऋषि-मुनियों जैसी है प्रबुद्धजनों की भूमिका: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धजनों संग बिजनौर में किया संवाद
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धजनों को एक-एक वोट की कीमत का कराया अहसास

बिजनौर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शहर के प्रबुद्धजनों की भूमिका प्राचीन ऋषि-मुनियों जैसी है, जो अलग-अलग क्षेत्र में समाज का नेतृत्व करते हैं। प्रबुद्धजन समाज के ओपीनियन लीडर हैं, समाज का मार्गदर्शन और नेतृत्व करते हैं। कोई चिकित्सक है, तो कोई व्यापारी, अधिवक्ता और शिक्षक, तो कोई पर्यावरण के लिए कार्य कर रहा है। जीवन के अलग-अलग क्षेत्र में नेतृत्व करने वाले इस प्रबुद्धवर्ग की बातों पर जनता विश्वास करती है। यही वर्ग समाज को मोटिवेट करता हैं। लोग प्रबुद्धजनों का अनुसरण करते हैं। इसीलिए हम आपका आशीर्वाद लेने आए हैं। आपकी भूमिका वैसी ही है जैसे प्राचीन काल में ऋषि मुनियों की हुआ करती थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को यहां जेवीएस रिजॉर्ट में प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिजनौर सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी चंदन चौहान और नगीना सीट से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के लिए मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि ये महात्मा विदुर की भूमि है, तो यही चाहता हूं कि आप प्रबुद्धजनों का आशीर्वाद हमारे दोनों प्रत्याशियों को मिले।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद लोगों ने मुझसे कहा था कि जो मुख्यमंत्री बिजनौर जाता है उसकी छुट्टी तय है, इसलिए मैं हर जनपद की तरह यहां भी आया। लोग कहते थे कि यहां रात्रि को नहीं रुकना चाहिए, मगर मैं यहां रुका और तब यहां के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद भी स्थापित किया। उस वक्त मुझे पता लगा कि बिजनौर जनपद में बहुत पोटेंशियल है। बिजनौर केवल बिजनौर नहीं है, बल्कि भारत की पहचान इस जनपद से है। यह महात्मा विदुर की भूमि है जो उन ऋषि मुनियों की परंपरा से आते हैं, जिन्होंने महाभारत के काल खंड में भी सच बोलने का साहस दिखाया। ये वही बिजनौर है जहां से मां गंगा का यूपी में आगमन होता है, जो बलिया तक जाती हैं। यहां के हमारे जनप्रतिनिधियों ने यहां के लिए मेडिकल कॉलेज की मांग की, जिसे तुरंत स्वीकार करते हुए यहां महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज का मार्ग प्रशस्त किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें इस बार सबसे पहले स्वयं मतदान करना है और फिर अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। हमें अपने एक-एक वोट की कीमत को पहचानना होगा। आपके एक गलत वोट से अराजकता फैलती है, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, आतंकवाद और अलगाववाद पनपता है, मगर आपके सही वोट से आस्था और विरासत का सम्मान होता है, युवाओं को आजीविका के साधन मिलते हैं। देश का तेजी से विकास होता है। सुरक्षा और समृद्धि बढ़ती है।

मोदी की गारंटी सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने सपा, बसपा और कांग्रेस को शासन को देखा है। सबको अवसर मिला और आपने देखा है कि सबसे अच्छा कार्यकाल मोदी जी का है। गलत हाथों में वोट जाता है तो कर्फ्यू लगता है, सही हाथों में जाता है तो कांवड़ यात्रा निकलती है। देश में बिना भेदभाव के हर नागरिक के जीवन को स्वाभिमान और सम्मान के साथ आगे बढ़ाने की गारंटी है। यही मोदी की गारंटी है, जो सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी भी है। कुछ लोगों के लिए अपना परिवार महत्वपूर्ण होगा, मगर मोदी जी के लिए पूरा देश उनका परिवार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश वहीं है, प्रदेश वही है, केवल सरकार बदली है। आज यूपी में कर्फ्यू और दंगा नहीं है। बेटी और व्यापारी सुरक्षित हैं। पर्व और त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए जा रहे हैं। अयोध्या और काशी में पूरा देश आने को आतुर है। व्यापारियों का व्यापार फल फूल रहा है।

अल्लाह के इनामों में से एक इनाम रमज़ान का मुबारक महीना: मौलाना खालिद रशीद

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि अल्लाह के इनामों में से एक इनाम रमजान का मुबारक महीना है। इस महीने में अल्लाह अपने बंदों की एक-एक नेकी का सवाब सत्तर से सात सौ गुना तक देता है। इससे नेकी की ऐसी फिजा और माहौल बन जाता है कि बंदे के दिल का झुकाव बुराई की तरफ कम और अच्छाई की तरफ ज्यादा हो। ऐशबाग ईदगाह में जुमे की नमाज में रोजेदार नमाजियों को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि रमजान के महीने में नेक अमल को आसान बनाने के लिए शैतानों को कैद कर लिया जाता है। मौलाना ने कहा कि कुरान में तीन तरह के विषय हैं, एक अकीदा कि खुदा पूरी दुनिया का मालिक है। उसने दुनिया को पैदा कर उसे दूसरों के हवाले नहीं किया बल्कि हर वक्त पूरी कायनात को अपनी मर्जी के मुताबिक चला रहा है। इसलिए हमें अपनी जरूरतें इसी मालिक के सामने रखना चाहिए। उसकी बेहतरीन तरीका दुआ है। दुआ में बन्दे से खाकसारी पैदा होती है, जो खुदा को बहुत पसंद है। दुआ न करने से तकब्बुर पैदा होता है जो खुदा को सबसे अधिक नापसंद है। मौलाना ने कहा कि इस महीने हमने कुछ रातों में कुरान सुना। हमारी जिम्मेदारी है कि कुरान के अहकाम से वाकिफ हों और उसके हुक्मों पर अमल करें। बचे दिनों में फर्ज, सुन्नत, नवाफिल, तरावीह और तहज्जुद की पाबंदी करें। शबे-कद्र का एहतिमाम करें। अपने माल की जकात निकालें, सदका फित्र अदा करें ताकि गरीब भी ईद की खुशियां हासिल कर सकें। मौलाना ने कहा कि रमजान का महीना हमदर्दी और गमख्वारी का महीना है।

रमजान का तीसरा अशरा निजात है: अबुल इरफान

मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने माहे मुबारक रमजान के तीसरे अशरे (दस दिन) की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रमजान का तीसरा अशरा निजात है। इस अशरे में खुदा की इबादत करने वालों को जहन्नुम की आग से निजात मिलती है। मौलाना ने कहा कि यूं तो रमजान का पूरा महीना की रहमतों का महीना है, लेकिन तीसरा अशरा सबसे अहम है, क्योंकि इसी अशरे की ताक रातों, 21, 23, 25 या 27 शब-ए-कद्र हो सकती है। शबे-कद्र की इबादत का सवाब एक हजार साल की इबादतों के बराबर है। 27 रमजान की रात कुरान नाजिल हुआ। इसलिए इन रातों की अहमियत काफी बढ़ जाती है। इसीलिए रोजदार इन पांचों रातों में जाग कर खुदा की इबादत करते हैं। मौलाना ने कहा कि रमजान का आखिरी जुमा जुमातुल विदा है और इस्लाम में जुमे की नमाज की बहुत फजीलत है।

सृजन सम्मान एवं काव्य समारोह संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा एवं यू पी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में यू पी प्रेस क्लब में सृजन सम्मान एवं काव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार शिव भजन कमलेश जी ने किया। कुशल संचालन योगेश योगी जी ने किया। सृजन सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार राजेश सिंह श्रेयस एवं युवा सृजन सम्मान शशि नारायण त्रिपाठी को दिया गया। इस अवसर पर सर्व महेश प्रसाद गुप्ता, प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ.सुभाष गुरुदेव, उमा लखनवी, नीतू सिंह चौहान, प्रतिभा श्रीवास्तव,राजीव वत्सल, डॉ.अरविंद झा, वर्षा श्रीवास्तव, सुरभि, अरविंद रस्तोगी, अशोक झंझटी, डॉ. सुभाष रशिया, राम सनेही विश्वकर्मा सजल, राजीव वत्सल, राम राज भारती,रवीश पांडेय, उमाशंकर तिवारी आदि ने अपनी अपनी कविताओं से सबको आनंदित किया।

हज़रत अली की याद में जगह-जगह हुई मजलिसें

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इब्ने मुल्जिम ने हैदर को मारा रोजेदारों कयामत के दिन हैं, तुमसे छुटता है मौला तुम्हारा रोजेदारों कयामत के दिन हैं। अमीर उल मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) की शहादत की याद में शहर के इमामबाड़ों,कर्बलाओं व मस्जिदों में मजलिसों व मातम का आगाज शुक्रवार से हो गया जो सोमवार तक जारी रहेगा। इस गम में अजादारों ने काले लिबास पहन लिये है। कर्बलाओं,दरगाह, इमामबाड़ों और घरों में काले झंडे लगा दिए गए हैं। इमाम की शहादत का गम तीन दिन तक चलेगा। मजलिसों में उलमा से इमाम की शहादत का वाक्या सुनकर अजादारों की आंखें अश्कबार हो गई। इस मौके पर शबीह नजफ रूस्तमनगर व इमामबाडा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। कर्बला अजमतुद्दौला बहादर मेहदीगंज में मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद ने खिताब किया।

शहादत की याद में मजलिसें आज

मस्जिदे कूफ़ा काजमैन में रात 7.30 बजे मौलाना अब्बास इरशाद मजलिस को खिताब करेंगे। इमामबाड़ा लाडो खानम नखास में रात 7.30 बजे मौलाना मीसम जैदी मजलिस को खिताब करेंगे। इमामबाडा शाह नजफ हजरतगंज में मौलाना रजा अब्बास रात 8 बजे खिताब करेंगे। गदीरी मस्जिद मेहदीगंज में मोहम्मद कामिल मग़रिब की नमाज के बाद मर्सिया पढ़ेगें

फज्र की नमाज के बाद आज निकलेगा गिलीम का ताबूत

शियों के पहले इमाम हजरत अली (अ.स.) को जरबत लगने की याद में शनिवार को तड़के फज्र की नमाज के बाद काजमैन स्थित मस्जिदे कूफा से गिलीम (कम्बल) में ताबूत निकाला जायेगा। यह ताबूत पाटानाला स्थित इमामबाड़ा हकीम सैय्यद मोहम्मद तकी लाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इमाम ने जो वसियत की वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सबक है, जिससे फायदा उठाना चाहिये। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत की जियारत करायी गयी। कल की मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी रात 8 बजे करेंगे। अजाखाना सिकंदर आगा काश्मीरी मोहल्ला में मजलिस को मौलाना मोहम्मद अस्करी ने खिताब किया। हैदरी मस्जिद न्यू हैदराबाद में आयोजित मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया।

विवेकानंद हॉस्पिटल में सर्जरी करेंगे विशेषज्ञ सर्जन प्रो. बिस्वास

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। देश के जाने-माने प्रसिद्ध कार्डियोवैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जन प्रोफेसर भाबातोष बिस्वास अब लखनऊ के विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में छाती एवं नसों से संबंधित गंभीर बीमारियों की सर्जरी करेंगे। इसके लिए कल 30 मार्च को सुबह 9:00 से 2:00 तक अस्पताल में एक डीलक्स ओपीडी का आयोजन किया जा रहा है इसकी जानकारी विवेकानंद अस्पताल के सचिव स्वामी मुक्ति नद्यथानंद ने आज यहां दी।

स्वामी मुक्तिनाथा नंद ने बताया कि प्रोफेसर बिस्वास को थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी में 25 से ज्यादा वर्षों का अनुभव प्राप्त है व पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति रहे हैं। प्रोफेसर बिस्वास महीने की हर शनिवार मरीजों को देखेंगे ऐसे मरीज जो फेफड़े या ग्रास नली के कैंसर से पीड़ित है या जिन्हें पुरानी खांसी ,बलगम वाली खांसी, सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई आदि की समस्या है साथ ही वह मरीज जिन्हें हाथ पैरों में सुन्न होना, सूजन होना गैंग्रीन, वेरीकोज नसों की बीमारी है ऐसे मरीज परामर्श लेकर लाभ उठा सकते हैं। परामर्श के लिए मरीज को अपनी सभी पुरानी रिपोर्टें साथ लाना जरूरी है।

पत्रकार ज्ञानेंद्र शर्मा युवाओं को प्रोत्साहित करते थे: बृजेश पाठक

- यूपी प्रेस क्लब में आयोजित शोक सभा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। यूपी प्रेस क्लब में आयोजित शोक सभा में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय ज्ञानेंद्र शर्मा ने अपने पत्रकारिता जीवन में सदा राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले युवा चेहरों को प्रोत्साहित किया। यूपी प्रेस क्लब में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शर्मा जी के संबंधित अपने संस्मरण सुनाए। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन में अपनी खबर को लेकर जब वह श्री शर्मा के पास जाते थे तो वह खबर छापने का केवल आश्वासन ही नहीं देते थे वर्णन उसे सुनिश्चित भी करते थे। वह हिंदी के ऐसे पत्रकार थे जो अपनी खबर को टाइप करते थे और प्रसंग का बहुत अच्छा रिकॉर्ड रखते थे। शोक सभा को सर्वश्री हसीब सिद्दीकी, रविंद्र कुमार सिंह, सुरेश बहादुर सिंह, प्रेमकांत तिवारी, हेमंत तिवारी, मुकेश बहादुर सिंह, शिव शरण सिंह, अजय कुमार, वीरेन्द्र सक्सेना, के बक्स सिंह, सिद्धार्थ कलहंस, मनोज मिश्रा, नवल कांत सिन्हा, गोविंद पंत राजू, मनीष मिश्रा, प्रदीप कपूर, सुरेंद्र अग्निहोत्री, मनमोहन अग्रवाल, मुदित माथुर के साथ ही ज्ञानंद शर्मा जी के पुत्र डॉ अनुराग एवं अनुपम, छोटे भाई हरेंद्र शर्मा तथा पुत्रवधू शिल्पी शर्मा तथा डॉ वी के मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किये।

शहादात ए मौला अली के गम में मजलिसों का दौर शुरू

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इमामबाड़ा बहिश्ते ज़हरा कुमेदान की बगिया मुसाहब गंज में बसिलसिल ए शहादत ए अमीरूल मोमनीन अलैहिस्सलाम के गम में मजलिस का दौर शुरू हो रही है। 19,20रमज़ान को शाम 4 बजे बरपा होने वाली पहली मजलिस को 19 रमज़ान को मौलाना नुजहत हुसैन तथा 20 रमज़ान को मौलाना सैय्यद मोहम्मद अली रिज़वी खिताब फरमाएगें।वहीं हैदरी इमाम बाड़े में अंजुमन गुलदस्ते हैदरी की जानिब से 19,20,21 को रात साढ़े आठ बजे मजलिस मौलाना मूसीरज़ा खिताब करेगें।हैदरी मस्जिद में 19 की सुबह मौला अली का गिलीम का ताबूत बरामद होगा।

अकबरनगर: पंजीकरण शिविर में उमड़ी भीड़

- 255 विस्थापितों ने आवास के लिए पंजीकरण कराया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के विशेष पंजीकरण शिविर में शुक्रवार को भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान 255 विस्थापितों ने आवास के लिए पंजीकरण कराया। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अकबरनगर के विस्थापितों को आवास आवंटित करने के संबंध में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में क्षेत्र में विशेष शिविर स्थापित किये गये हैं। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जो विस्थापितों को आवंटन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दे पंजीकरण की कार्रवाई करा रहे हैं। शुक्रवार को बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचे लोगों ने योजना व पंजीकरण के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की, जिसमें से अकबरनगर प्रथम के 134 और अकबरनगर द्वितीय के 121 विस्थापितों ने वांछित दस्तावेजों के साथ 1 हजार रुपये शुल्क जमा कर आवास के लिए पंजीकरण कराया। इसके मिला कर अब तक कुल 686 विस्थापित प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि विशेष पंजीकरण शिविर 31 मार्च 2024 तक लगाया जाएगा।

मुख्तार अंसारी के मौत की जांच कराने की मांग

लखनऊ। अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मऊ विधायक मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में हुई मृत्यु को हिरासती हत्या बताते हुए परिवार के उठाए सवालों पर उच्च न्यायालय के मौजूदा जज से जांच कराने की मांग की है। विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने इसे प्रदेश की जेलों में चल रहे सरकारी गुण्डाराज का उदाहरण बताया है। श्री आलम ने कहा कि मुख्तार अंसारी ने 21 मार्च को ही मऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखे पत्र में जम्मू-कश्मीर के गवर्नर मनोज सिन्हा, दाऊद इब्राहीम के पूर्व शूटर व भाजपा समर्थिम एमएलसी बृजेश सिंह, विधायक सुशील सिंह, पूर्व आईजी एसटीएफ अमिताभ यश पर उन्हें जान से मारने की साजिश रचने और खाने में जहर देने का आरोप लगाया था।

सैमसंग अपनी और प्रमुख डिवाइसेस पर लेकर आया गैलेक्सी एआई

गुरुग्राम। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज मोबाइल एआई को सभी तक पहुंचाने की अपनी कोशिश के तहत गैलेक्सी की और प्रमुख डिवाइसेस पर गैलेक्सी एआई फीचर्स लाने की घोषणा की है। इसकी शुरुआत आज से होगी और यह गैलेक्सी S23 सीरीज, S23 FE, Z फोल्ड5, Z फ्लिप5 और टैब S9 सीरीज में उपलब्ध होगा। हाल ही में लॉन्च की गई गैलेक्सी S24 सीरीज के मुताबिक यह अपडेट यूजर्स के मोबाइल एआई अनुभव को और बेहतर बनाता है। गैलेक्सी एआई फीचर्स के उपलब्ध होने से अब गैलेक्सी S23 सीरीज, S23 FE, Z फोल्ड5, Z फ्लिप5 और टैब S9 सीरीज के यूजर अब सर्कल टू सर्च, लाइव ट्रांसलेट और नोट असिस्ट समेत कई फीचर्स का लाभ उठा सकेंगे। गैलेक्सी ईकोसिस्टम में गैलेक्सी एआई का व्यापक एकीकरण एआई-समर्थित मॉडल पर रोजाना के काम को सहज और आसान बना देता है, जिससे दक्षता बढ़ती है। जब आप अपने डिस्प्ले पर किसी इमेज पर सर्कल या गोला बनाते हैं या उसे हाइलाइट करते हैं या टैप करते हैं तो गूगल के साथ सर्कल टू सर्च सूचनापरक, उच्च गुणवत्ता वाले गूगल सर्च रिजल्ट को सामने लाता है।

आईपीएल: माय 11 सर्किल ने लॉन्च किए कैंपेन

अवधनामा ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत का सबसे ज्यादा यूजर-सेंट्रिक, साइंटिफिक और इनोवेटिव ऑनलाइन स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्स24×7 अपने फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल के नए रोमांचक कैंपेन के माध्यम से आईपीएल 2024 के उत्साह को बढ़ाने के लिए तैयार है। कैंपेन का टाइटल है, माय11सर्किल पर एक करोड़ तो बस शुरुआत है, सोचो... कितनी बड़ी बात है! । यह कैंपेन न केवल उत्सुकता बढ़ाएगा, बल्कि यूजर्स का रोमांच भी बढ़ेगा, जिससे सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला यह क्रिकेट टूर्नामेंट उनके लिए ज्यादा एंगेजिंग बनकर सामने आएगा। यह कैंपेन इस बात का संकेत देता है कि प्लेटफॉर्म पर पहला पुरस्कार 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा होगा। यह नया ब्रांड कैंपेन ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट प्रशंसकों को अपने चुनिंदा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जुड़ने, खेल से उनके जुड़ाव को समृद्ध करने और उनके अनुभव को निखारने के लिए तैयार है। क्रिकेट की दुनिया के लोकप्रिय नाम सौरव गांगुली, शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रितुराज गायकवाड़ और हाल ही में जुड़े रिंकू सिंह एवं यशस्वी जायसवाल जैसे ब्रांड एंबेसडर्स के साथ माय11सर्किल का कैंपेन क्रिकेट से जुड़े रोमांच को सामने लाता है। माय11सर्किल आईपीएल का ऑफिशियल पार्टनर है और लखनऊ सुपर जायंट्स का टाइटल स्पॉन्सर भी है। प्लेटफॉर्म अपने यूजर्स के अनुभव को निखारने और क्रिकेट की दीवानगी को नई ऊंचाई पर पहुंचाने में अपनी भूमिका को मजबूती देने के लिए तैयार है। कैंपेन को स्टार स्पोर्ट्स के जरिये टेलीविजन, जियो सिनेमा के जरिये ओटीटी और विभिन्न सोशल मीडिया चैनल्स समेत अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही माय11सर्किल ने जियो सिनेमा के साथ जीतो धन धना धन के प्रजेंटिंग स्पॉन्सर के रूप में भी साझेदारी की है।

> आईपीएल 2024 के ऑफिशियल पार्टनर के रूप में माय11सर्किल आईपीएल के प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने के लिए तैयार है, प्रीमियर क्रिकेटिंग को नई ऊंचाई पर पहुंचा रहा माय 11 सर्किल

रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 70077 05774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz @gmail.com और वेबसाइट www.fara ngimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सवाल: फोन पे से भेजी रकम हकदार को नहीं पहुंची तो क्या जकात अदा हो जाएगी?

जवाब: जी नहीं, जकात अदा नहीं होगी।

सवाल: सज्दे वाली आयत के आखिरी अल्फाज नहीं पढ़े तो क्या सज्दा तिलावत वाजिब है?

जवाब: अगर वह कल्मा पढ़ा जिसमें सज्दा तिलावत है तो वाजिब होगा।

सवाल: भूल से तरावीह की दो रकअत रह गयी और वित्र की नमाज शुरू की कायदा ऊला में याद आई अब तरावीह की नियत कर दो रकअत के बाद सलाम फेर दें तो क्या हुक्म है?

जवाब: यह दो रकअत तरावीह की नमाज में शामिल न की जाएगी।

सवाल: कोई बीमार रोजे का फिदया दे और बाद में तंदरुस्त हो रोजा रखने लायक हो तो क्या कजा करेगा? जवाबः कजा करेगा।



सवाल: रमजान के अलावा वित्र की नमाज जमाअत के साथ पढना कैसा है?

जवाब: वित्र की नमाज रमजान के अलावा जमाअत के साथ पढना सही नहीं है।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 9918 117798 तथा ई-मेल firangimahel@ gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सवाल: सुन्नत की चार रकअतों में अलहम्द के बाद चारों सूरतें मिलाना चाहिए या सिर्फ दो?

जवाब: सुन्नत के चारों रकअतों में अलहम्द के बाद सूरह मिलाना जरूरी है।

सवाल: मदरसे का जकात का पैसा है क्या इससे किसी जरूरतमंद को राशन दिया जा सकता है?

जवाब: हां, जरूरतमंद को राशन दिला सकते हैं।

मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839 097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

सवाल: कोई अपनी बचत से खुम्स नहीं देता तो क्या हुक्म है?

जवाब: खुम्स वाजिब है जो इसे अदा नहीं करेगा उसका माल पाक नहीं और वह सादात और इमाम के हक का गासिब कहलाएगा।

सवालः रोजेदार जान कर अल्लाह, रसूल या अहलेबैत की तरफ कोई गलत हदीस मंसूब कर कहे और फौरन कहे कि गलत कहा अपने शब्द वापस लेता हैं तो क्या रोजा सही है?

जवाब: उसका रोजा सही नहीं है, लेकिन रोजे की कजा करना जरूरी है।

सवाल: कोई अपने स्वर्गीय माता-पिता की तरफ से शबे-कद्र के आमाल करे तो क्या यह संभव है?

जवाब: शबे-कद्र में अगर स्वर्गीय मां-बाप की तरफ से आमाल करे तो बेहतर है।

सवाल: क्या शबे-कद्र की 100 रकअत नमाज में माता-पिता की कजा नमाज अदा की जा सकती है? जवाबः मां-बाप की कजा नमाज अदा की जा सकती है।

सवाल: क्या कजा नमाज जमाअत के साथ पढ़ी जा सकती है?

सवाल: क्या तहज्जुद की नमाज के लिए सोना जरूरी है?

जवाब: तहज्जुद की नमाज पढने के लिए सोना बेहतर है, अगर नींद न आए तो नमाज पढ़ सकते हैं।

सवाल: क्या ईद की नमाज घर में अदा की जा सकती है?

जवाब: जिस तरह जुमे की नमाज घर में नहीं पढ़ी जा सकती उसी तरह ईद की नमाज भी घर में नहीं पढ़ी जा सकती।

सवाल: क्या बैंक के ब्याज का पैसा गरीब को दिया जा सकता है?

जवाबः यह सवाब के इरादे के बिना दिया जा सकता है।